वर्ष- 12 अंक - 116
लखनऊ, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





शिक्षा व संस्कारों से मिलती है जीवन में तरक्की 03

अटल जी का नदी जोड़ो का सपना साकार कर रहे प्रधानमंत्री : डॉ. मोहन 12


# एक देश एक चुनाव विधेयक को मंजूरी

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कैबिनेट से पास हुआ विधेयक, अगले सप्ताह संसद में होगा पेश

▸ देश में 1951 से 1967 तक एक साथ होते रहे हैं चुनाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकार इसे अगले सप्ताह संसद में पेश कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में गुरुवार को इसे मंजूरी प्रदान की गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान की थी। समिति ने देश में केन्द्र, राज्यों और स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने से जुड़ी व्यवस्था पर अपनी सिफारिशें प्रदान की थीं। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने उस समय जानकारी दी थी कि सरकार इस विषय पर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी और समय आने पर इस पर संविधान संशोधन विधेयक लाया जाएगा। उन्होंने कहा था कि विभिन्न राजनीतिक दलों और बड़ी संख्या में पार्टियों के नेताओं ने वास्तव में एक देश एक चुनाव पहल का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि देश में 1951 से 1967 तक एक साथ चुनाव होते रहे हैं। वर्ष 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि पांच साल में लोकसभा और सभी विधानसभाओं का एक चुनाव होना चाहिए ताकि देश में विकास होता रहे। संसदीय समिति ने 2015 में अपनी 79वीं रिपोर्ट में सरकार से दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के तरीके सुझाने को कहा था।



### आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक-2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक को कल सदन में चर्चा हेतु पेश किया गया था। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक को पेश करते और चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य आपदा की स्थिति होने वाली जनहानि को शून्य करना है। उन्होंने कहा कि विधेयक केन्द्र, राज्य और जिला स्तर पर आपादा प्रबंधन से जुड़ी भूमिका और कार्य एकरुपता लाने का प्रयास करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से आपदा प्रबंधन की क्षमता लगातार बढ़ी है और इससे होने वाले नुकसान में काफी कमी आई है। विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने कहा कि विधेयक के माध्यम से शक्तियों का केंद्रीकरण किया जा रहा है।

### 'एक देश, एक चुनाव' पर राजग और इंडी गठबंधन आमने-सामने



आईएनडीआई गठबंधन के नेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है कि यह पूरा विषय अलोकतांत्रिक है और इससे क्षेत्रीय आवाज़ मिट जाएगी। यह संघवाद को नष्ट कर देगा और शासन को बाधित कर देगा।



बंगाल की सीएम ममता ने कहा है कि यह असंवैधानिक संघीय व्यवस्था के विरोधी एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक को अपना लिया है। यह भारत के लोकतंत्र और संघीय व्यवस्था को कमजोर करने के लिए बनाया गया है। हमारे सांसद संसद में इसका विरोध करेंगे।



कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पहले वह विधेयक का मसौदा देखना चाहते हैं। अगर विधेयक में कुछ गलत होगा तो हम उसका विरोध करेंगे। यह बात समझी जा सकती है कि इससे समय बचेगा। पर यह नहीं समझ में आ रहा कि कैसे इससे सकल घरेलू आय 1.5 प्रतिशत बढ़ जाएगी।



आईएनडीआई गठबंधन झारखंड मुक्ति मोर्चा की सांसद महुआ मांझी ने कहा है कि इससे क्षेत्रीय पार्टियों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। केन्द्र सरकार क्षेत्रीय पार्टियों खत्म करना चाहती है और चाहती है कि देश में एक या दो पार्टियां रह जाएं। हम इसे क्षेत्रीय पार्टियों के खिलाफ एक साजिश करार देते हैं।



मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा का ही विरोध किया है। पार्टी ने अपने इसी साल जनवरी में मल्लिकार्जुन खरगे के इससे जुड़ी समिति को लिखे पत्र का हवाला दिया है। पार्टी ने कहा है कि उसका इस पर रुख नहीं बदला है। इसमें खरगे ने कहा था कि कांग्रेस 'एक देश एक चुनाव' के विचार का ही पुरजोर तरीके से विरोध करती है। यह हमारे जीवंत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि इस पूरे विचार को ही त्याग दिया जाए।

# देवबंद में एनआईए ने की बड़ी कार्रवाई, दो संदिग्ध हिरासत में

समृद्धि न्यूज

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए दो संदिग्ध विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई देवबंद के मोहल्ला बढ़जियाउलहक में की गई, जहां दोनों संदिग्ध विदेशी नागरिक लंबे समय से रह रहे थे।

सूत्रों के अनुसार पकड़े गए दोनों म्यांमार के नागरिक हैं। बिना पासपोर्ट और वीजा के भारत में रह रहे थे। यह मामला देश की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर है क्योंकि बिना वैध दस्तावेज के विदेशी नागरिकों की मौजूदगी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचा सकती है। एनआईए और स्थानीय पुलिस की टीमों ने इस कार्रवाई को गोपनीय तरीके से अंजाम दिया और दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर अज्ञात स्थान पर पूछताछ शुरू कर दी है। देवबंद जो पहले भी संदिग्ध गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहा है, एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर है। बांग्लादेशी और अन्य विदेशी नागरिकों की मौजूदगी की खबरों के बीच यह छापेमारी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### विरोध के बीच मुफ्ती खालिद को एनआईए ने लिया हिरासत में

**झांसी।** एनआईए और यूपी एटीएस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में छापा मारकर महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए और शहर काजी के भतीजे मुफ्ती खालिद नदवी को हिरासत में लिया। खालिद को हिरासत में लेने के लिए एनआईए को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूत्रों ने बताया कि एनआईए और यूपी एटीएस की यह संयुक्त कार्रवाई ऑनलाइन विदेशी फंडिंग के मामले में हुई है। एनआईए और यूपी एटीएस ने बुधवार रात 2.30 बजे सुपर कॉलोनी में मुफ्ती के घर छापा मारा। टीम ने आठ घंटे तक घर में तलाशी और पूछताछ की। इस पर मस्जिद में ऐलान किया गया और बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने एनआईए व एटीएस की टीम का विरोध जताते हुए धक्का-मुक्की की। गुरुवार सुबह जब मुफ्ती को हिरासत में लेकर टीम घर से बाहर निकलने लगी तो समर्थकों ने विरोध शुरू कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने सात नक्सलियों को किया ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया। सभी नक्सलियों के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि यह एक संयुक्त ऑपरेशन है, जिसमें सभी बलों ने मिलकर नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान उनके पास से कई ऑटोमैटिक हथियार और नक्सली सामान भी बरामद किया गया है। अभी भी मुठभेड़ जारी है। बस्तर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले यह कार्रवाई की गई है।

### कश्मीर में मौसम की पहली बर्फबारी, श्रीनगर-लेह मार्ग बंद

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों और कई अन्य इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी हुई, जबकि ऊंचे इलाकों में मध्यम बारिश हुई। घाटी के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में सुधार हुआ है। शोपियां, पुलवामा और बारामुला के मैदानी इलाकों के साथ-साथ अनंतनाग, बडगाम और बांदीपोरा के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई है। हालांकि, जम्मू और कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में बर्फबारी नहीं हुई है।

### यूपी-राजस्थान, हरियाणा की बसों के दिल्ली आने पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण पर गुरुवार को सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इंटरस्टेट बसों को शहर में आने पर रोक लगाने के निर्देश दिए। ईवी, सीएनजी और ग्रैप- 6 ग्रेड के डीजल वाहन आ सकेंगे। ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की बसों और टेंपो ट्रैवलर को भी इससे छूट मिलेगी। सुनवाई जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने की। बेंच ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के प्रतिबंधों के साथ ग्रैप- 3 के कुछ उपायों को भी लागू करने के निर्देश दिए हैं।

### यूपीएससी ने आईईएस आईएसएस 2024 का अंतिम परिणाम किया जारी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने गुरुवार को भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) और भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। उम्मीदवार अपने परिणाम यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि 21 से 23 जून, 2024 तक आईईएस और आईएसएस परीक्षा- 2024 की लिखित परीक्षा और उसके बाद दिसंबर में व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर भारतीय आर्थिक सेवा और भारतीय सांख्यिकी सेवा में पदों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की योग्यता क्रम में सूचियां जारी की हैं।

## इंडियन पेस्टिसाइड लिमिटेड के लखनऊ हरदोई समेत कई ठिकानों पर छापे

▸ कंपनी के खिलाफ बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की शिकायतें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आयकर विभाग ने गुरुवार को इंडियन पेस्टिसाइड लिमिटेड के देशभर के 25 ठिकानों पर छापा मारा है। लखनऊ में कंपनी के ऐशबाग स्थित कंपनी के कॉरपोरेट ऑफिस के साथ-साथ चिनहट और हरदोई के संडीला में फैक्ट्री पर यह कार्रवाई जारी है। आयकर विभाग को कंपनी के खिलाफ बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की शिकायतें मिली थीं, जिसके आधार पर यह छापेमारी चल रही है।

विभाग की टीमों ने लखनऊ, मुंबई, नोएडा, बरेली और हरदोई के साथ-साथ देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी कंपनी के ठिकानों पर दस्तावेज खंगाले। इंडियन पेस्टिसाइड लिमिटेड लिस्टेड कंपनी है, जो खेती में इस्तेमाल होने वाले रसायन, जैविक उत्पादों के आयात-निर्यात का काम करती है। कंपनी का नेटवर्क सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कारोबार करती है। कंपनी की सहयोगी इकाई का एक प्लांट हमीरपुर में भी स्थित है। यह छापेमारी कृषि उद्योग से जुड़े व्यापार पर बड़ा प्रभाव डाल सकती है। इंडियन पेस्टिसाइड लिमिटेड के उत्पाद बड़ी संख्या में किसानों तक पहुंचते हैं। कंपनी के मुंबई और नोएडा ऑफिस पर भी आयकर विभाग की टीम ने दस्तावेज जब्त किए हैं। कंपनी के वित्तीय लेनदेन में कई खामियां पाई गई हैं।

### महादेव ऐप मामला : कोलकाता के ब्रोकर गोविंद कुमार केडिया गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत कोलकाता के ब्रोकर गोविंद कुमार केडिया को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय एजेंसी ने गुरुवार को बयान जारी कर इस बारे में जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि यह इस मामले में ईडी की 12वीं गिरफ्तारी है। एजेंसी ने बताया कि केडिया को छह दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। ईडी के अनुसार, केडिया कोलकाता में सब-ब्रोकर के रूप में काम करता है और उसने महादेव ऐप के प्रमोटर्स और अन्य आरोपितों की मदद की। वह अपराध की आय से जुड़े निवेशों को बढ़ाने, उन्हें छिपाने और उससे मुनाफा कमाने के लिए जानबूझकर शामिल था।

## सीएम योगी ने देखीं महाकुंभ की तैयारियां

समृद्धि न्यूज



▸ पीएम मोदी आज महाकुम्भ 2025 के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करने शुक्रवार को प्रयागराज आ रहे पीएम मोदी के कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ नगर में चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान वह संगम नोज भी पहुंचे जहां पीएम मोदी शुक्रवार को पूजन अर्चन करेंगे। उन्होंने यहां पीएम मोदी के भ्रमण की पूरी रूपरेखा को समझा और बिना बाधा कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। यही नहीं, सीएम योगी ने मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, अक्षय वट, सरस्वती कूप, लेटे हनुमान मंदिर पहुंचकर वहां भी तैयारियों का जायजा लिया। लेटे हनुमान मंदिर में सीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन व दर्शन भी किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पीएम मोदी प्रयागराज में उपस्थित रहेंगे और संगम नोज पर गंगा आरती व पूजन के साथ ही वह यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सीएम योगी सबसे पहले सेक्टर वन परेड में बनाए गए 100 बेड के अस्थायी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। महाकुम्भ 2025 को देखते हुए चिकित्सा परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस अस्थायी अस्पताल का निर्माण किया गया है।

## सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर पर चलेगा बुलडोजर, नोटिस जारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। तहसील प्रशासन ने निर्माणाधीन मकान के संदर्भ में नोटिस जारी किया है। आरोप है कि बिना नक्शा पास कराए आवास का निर्माण हो रहा था। सांसद को भेजी नोटिस में कहा गया है कि वैध नक्शा पास बिना दिखाए निर्माण नहीं कर सकते नोटिस का जवाब देने के लिए सांसद को समय दिया गया है।

सपा सांसद जियाउर्र रहमान बर्क का निर्माणाधीन मकान नखासा थाना क्षेत्र के दीपा सराय में बन रहा था।बर्क को नोटिस ऐसे समय में दी गई है जब एक दिन पहले बुधवार को ही संभल में बुलडोजर गरजा था और सांसद ने इसका विरोध किया था। बुधवार को डीएम और एसपी ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के पास पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण किया था। संभल डीएम और एसपी की मौजूदगी में सपा सांसद के इलाके में बिजली के एक पोल को अवैध तरीके से कब्जाने पर बुलडोजर एक्शन भी लिया गया। नखासा थाना इलाके के दीपा सराय चौक पर एक बिजली के खंबे को दुकान के अंदर अवैध रूप के कब्जा कर लिया गया था जिसे प्रशासन के निर्देश पर बुलडोजर एक्शन के जरिए कब्जामुक्त कराया गया था। मौके पर मौजूद डीएम संभल डॉ राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि यहां पर एक कूप कुआ है जिसे बंद करवा दिया गया था उसे खुलवाने के निर्देश दिए गए हैं।

## राज्यसभा में जॉर्ज सोरोस व अडानी पर घमासान

▸ हंगामे के बाद दिन भर के लिए कार्यवाही स्थगित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को भी पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध बना रहा। सत्ता पक्ष ने जॉर्ज सोरोस और सोनिया गांधी के संबंधों पर चर्चा कराने की मांग की जबकि विपक्ष अडानी को लेकर सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश की। बैठक में हंगामे के बीच उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही को पहले 2 बजे तक के लिए फिर बैठक शुरू होते ही हंगामे के चलते कल तक के लिए स्थगित कर दिया।

गुरुवार को उच्च सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति ने आज सूचीबद्ध संसद की स्थाई समिति की रिपोर्ट को संबंधित सदस्यों को पटल पर रखने को कहा। सभापति ने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत आज छह नोटिस मिले हैं, जिसमें कांग्रेस नेता रेणुका चौधरी का हाइकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी का मुद्दा शामिल है। सभापति ने नियमों के तहत इन नोटिस को अस्वीकार करते हुए सदन के नेता जेपी नड्डा को शुरुआत करने को कहा।

नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर के सभापति पर सवाल उठाए, ये बहुत आपत्तिजनक है। इसकी जितनी भर्त्सना की जाए वो कम है। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाया कि सभापति उन्हें मौका नहीं देते, पक्षपात करते हैं लेकिन सभापति ने उन्हें कई बार चैंबर में बुलाया है। प्रतिपक्ष सदन चलाने में और अन्य मामलों पर कितना गंभीर है इसी बात से पता चलता है कि वे बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में नहीं आए। अविश्वास प्रस्ताव केवल सोरेस के मुद्दे से ध्यान भटकाने का एक तरीका है। कांग्रेस देश में अराजकता फैलाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अपने ट्विटर हैंडल पर राज्यसभा अध्यक्ष को राज्यसभा लीडर करके संबोधित करते हैं।

## मंदिर-मस्जिद से जुड़ा नया मामला स्वीकार नहीं करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

▸ प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सीजेआई ने केंद्र से 4 हफ्तों में मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुनवाई होने तक कोई भी कोर्ट मंदिर-मस्जिद से जुड़ा नया मामला स्वीकार नहीं करेगा। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने गुरुवार को केंद्र सरकार से 4 हफ्तों में जवाब मांगा है।

कोर्ट ने कहा कि केंद्र का जवाब आने तक हम इस मामले पर सुनवाई नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने सरकार से कहा कि आप जवाब दायर कीजिए और सभी पक्षकारों को उसकी कॉपी उपलब्ध कराइए। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अब कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में राजनीतिक दल सीपीआईएम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, एनसीपी शरद पवार गुट के विधायक जीतेंद्र आव्हाड, आरजेडी के सांसद मनोज कुमार झा, सांसद थोल तिरुमावलन के अलावा वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन कमेटी और मथुरा के शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट का समर्थन किया है। इससे पहले 9 सितंबर, 2022 को कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने जमीयत उलेमा ए हिंद की कानून के समर्थन में दाखिल याचिका पर भी नोटिस जारी किया था।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 का खिताब जीतकर डी गुकेश बने सबसे कम उम्र के चैंपियन

▸ चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम किया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 के 14वें दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। गुकेश ने अंतिम राउंड जीतकर 7.5 अंक हासिल कर खिताब अपने नाम किया, जबकि लिरेन के 6.5 अंक रहे। लिरेन को हराने के बाद गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं, उन्होंने गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

भारतीय ग्रैंड मास्टर चैंपियनशिप की शुरुआत में पीछे थे, क्योंकि उन्हें शुरुआती राउंड में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन, गुकेश ने तीसरे राउंड में वापसी करते हुए फाइनल में बराबरी हासिल की। गुकेश ने 11वें राउंड में बढ़त हासिल की थी, लेकिन इसके बाद डिंग ने बेहतरीन पलटवार किया और 12वां राउंड जीतकर मैच बराबर कर लिया, 13वां राउंड ड्रा रहा और इसके बाद गुकेश ने 14वां और अंतिम राउंड जीतकर मैच खिताब अपने नाम किया। गुकेश ने इस साल की शुरुआत में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। इसके अलावा विश्वनाथन आनंद के बाद गुकेश दूसरे भारतीय हैं, जिन्होंने विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। विश्वनाथन आनंद 2000-2002, 2007-2013 तक विश्व चैंपियन रहे थे। गुकेश 18 वर्ष 8 महीने 14 दिन में विश्व शतरंज चैंपियन बने, जबकि गैरी कास्पारोव ने 9 नवंबर, 1985 को 22 वर्ष 6 महीने 27 दिन में यह उपलब्धि हासिल की थी।

भेंट

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगडेल से मुलाकात की

## पड़ोसी देश नेपाल के साथ संबंधों को और मजबूत करेगा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'पड़ोसी पहले नीति' के अनुरूप पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने के भारत के इरादे को दोहराया है।



नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगडेल ने गुरूवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। रक्षा मंत्री ने नेपाल सेना की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण, नियमित अभ्यास, कार्यशालाओं और सेमिनारों के साथ-साथ रक्षा उपकरणों तथा भंडार की आपूर्ति सहित रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्री सिंह ने दोनों देशों के बीच बेहद मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति पर भी गहरा संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि करीबी पड़ोसी होने के नाते भारत और नेपाल आपसी चिंता के कई मुद्दों पर समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। उन्होंने 'पड़ोसी पहले नीति' के अनुरूप अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मजबूत करने के भारत के इरादे को दोहराया। रक्षा मंत्री ने नेपाल के सेना प्रमुख को भारतीय सेना के जनरल का मानद रैंक प्रदान किए जाने पर बधाई दी। जनरल अशोक राज सिगडेल भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं।

### भारत व ग्रीस सैन्य संबंध करेंगे मजबूत

**नई दिल्ली।** भारत और ग्रीस सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए आपसी सूचनाओं को एक-दूसरे से साझा करने पर सहमत हुए हैं। ग्रीस की दो दिवसीय यात्रा पर गए भारतीय रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने ग्रीस के हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल दिमित्रियोस चौपिस से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों के बीच आपसी हितों और द्विपक्षीय सुरक्षा चुनौतियों के क्षेत्रों में रणनीतिक रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत और ग्रीस के सैन्य खुफिया विभाग ने सहयोग बढ़ाने और खुफिया जानकारी साझा करने पर चर्चा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। राणा ने अपने समकक्ष हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के अन्य निदेशकों के साथ भी बातचीत की और ग्रीस के साथ मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देते हुए सूचना साझा करने और साझा राष्ट्रीय हितों पर विचार-विमर्श किया। ग्रीस की यात्रा पर गए लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने 10-11 दिसंबर को वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत की, जिसमें रक्षा उप प्रमुख वाइस एडमिरल क्रिस्टोस सासियाकोस और हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के निदेशक भी शामिल हुए।

# डीएम ने चार परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, हड़कंप

- शिक्षक बनीं डीएम, बच्चों से हल करवाएं गणित के सवाल, परखी शिक्षा की गुणवत्ता
- सफाईकर्मी निलंबित, ग्राम प्रधान को 95-जी का नोटिस जारी करने के निर्देश
- आंगनबाड़ी भूलनपुर में नहीं मिले बच्चे, डीएम खफ़ा, दो आंगनवाड़ी वर्कर का रोका मानदेय

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास क्षेत्र बेहजम के अंतर्गत यूपीएस गौरिया, पीएस खेरवा, पीएस और यूपीएस भूलनपुर का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, बीईओ बेहजम देवेश राय, बीडीओ नीरज दुबे मौजूद रहे।

सर्वप्रथम डीएम उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरिया पहुंची, जहां उन्होंने मिड डे मील के तहत तैयार किए गए दाल रोटी की गुणवत्ता परखी। बच्चों को गाढ़ी दाल परोसने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा छह के छात्र सैफ से हिंदी की पुस्तक पढ़वाई। पुस्तक को धारा प्रवाह पढ़ने पर सराहना करते हुए तालियां बजवाई। डीएम ने शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ करने पर शिक्षकों ने विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई। कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में



जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

**सफाईकर्मी का विद्यालय ना आना पड़ा महंगा, डीएम ने किया निलंबित:** इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर पहुंची, जहां उन्होंने प्राथमिक विद्यालय में सफाई कर्मी द्वारा सप्ताह में एक दिन भी योगदान न दिए जाने को गंभीरता से लिया। तत्काल सफाईकर्मी कमला देवी को निलंबित करने का फरमान सुनाया। कक्षा पांच की छात्रा नजमा और प्रियांशी से झांसी की रानी पाठ पढ़वाकर देखा। निरीक्षण के दौरान बच्चों का अधिगम स्तर बेहतर मिला। इसके बाद डीएम उच्च प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर पहुंची, जहां उन्होंने बच्चों का शैक्षिक स्तर को जांचा। डीएम के सवालों का बच्चों ने फटाफट जवाब दिया। मध्यान भोजन ग्रहण कर रहे बालक बालिकाओं को दुलारते हुए संवाद किया। भोजन में सोया बड़ी के महत्व को रेखांकित किया। बच्चों से कहा कि परोसे गए भोजन में सोया बड़ी को अनिवार्य रूप से ग्रहण करें यह आपके आहार को पौष्टिक और स्वादिष्ट बनाएगा। शौचालय के निरीक्षण के दौरान निर्माण में कमियां मिलने को गंभीरता से लिया और संबंधित ग्राम प्रधान को 95-जी का नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान इसी गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे मौजूद न मिलने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गहरी नाराजगी जताई और दोनो आंगनबाड़ी वर्कर हजीरा खातून, मीना देवी का मानदेय बाधित करने के निर्देश दिए।

### जब शिक्षक की भूमिका में दिखीं डीएम, बच्चों से जोड़-घटाव के पूछे सवाल

**बीईओ बेहजम को मिली शाबाशी, प्रिंसिपल गौरव गुप्ता को डीएम जारी करेंगी प्रशस्ति पत्र**

इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय खेरवा पहुंची, जहां उन्होंने सर्वप्रथम मिड डे मील की गुणवत्ता देखी। डीएम ने क्लास रूम में स्वयं ब्लैक बोर्ड पर बच्चों से जोड़-घटाव के सवाल भी पूछे। सही जवाब देने पर उनका उत्साह भी बढ़ाया। कक्षा तीन की क्लास में बालिका आराध्या ने धारा प्रवाह रीडिंग स्किल देख डीएम ने ताली बजवाई। अन्य बच्चों की भी रीडिंग स्किल बेहतर मिली। बच्चों के अधिगम स्तर को बेहतर देख डीएम ने प्रधानाध्यापक गौरव गुप्ता की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय को शाबाशी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौरव गुप्ता को प्रशंसा पत्र निर्गत करने की बात भी कहीं। विद्यालय परिसर में ही संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की एक्टिविटी को देख डीएम ने खुशी जाहिर की।

# एसडीएम धौरहरा ने की धान खरीद की समीक्षा

- क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य से काफी दूर है धान खरीद

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

वर्तमान सत्र में शासन स्तर से निर्धारित लक्ष्य से धान खरीद करने में विफल साबित हो रहे केन्द्र, प्रभारियों के साथ गुरुवार दोपहर धौरहरा तहसील सभागार में हुई मीटिंग में एस डी एम धौरहरा ने सभी केन्द्र प्रभारियों को फटकार लगाई और शासन द्वारा तय समय तक निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीय किसानों से वार्तालाप कर धान बेचने को प्रेरित करने को कहा। अगर निर्धारित लक्ष्य से दूर रहें तो कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिवर्ष गेहूं, धान, मसूर, दलहन, तिलहन व अन्य प्रकार की फसलें किसानों से सीधे खरीददारी करने के लिए कृषि विभाग व सहकारिता विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से सरकार द्वारा तय मूल्य पर फसलों की खरीद करने का चलन है। लेकिन उपरोक्त जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही व उदासीनता के कारण किसान अपनी फसलो को जिला मुख्यालय स्थित गल्ला मण्डी, मिल व विचौलियो के हाथों बेचने पर मजबूर रहता है। क्योंकि सरकारी मानक व जिम्मेदारो के मनमाने सिस्टम से आम आदमी परेशान हो जाता है। वर्तमान सत्र में तहसील क्षेत्र में 17 धान खरीद करने के केन्द्र बनाने की लिस्ट जारी हुई थी लेकिन जिम्मेदारो की लापरवाही के कारण केन्द्र प्रभारियों द्वारा कांटा, बांट व बारदाना व किसानों से संवाद करने की व्यवस्था में नाकाम रहने के कारण क्षेत्रीय किसानों द्वारा अपनी धान की फसल जिला मुख्यालय स्थित गल्ला मण्डी, धान मिल व बिचौलियों के हवाले कर दी। जबकि क्षेत्र में 17 खरीद केन्द्र होने के चलते प्रत्येक केन्द्र प्रभारी को 10 हजार कुंतल धान खरीद करने का लक्ष्य जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किया गया था लेकिन धान खरीद करने का आधा समय बीतने के बाद भी क्षेत्र से मात्र 2371 मीट्रिक टन की खरीद होने के चलते शासन व जिला प्रशासन के निर्देश पर एस डी एम धौरहरा राजेश कुमार ने सभी केन्द्र प्रभारियों के साथ बैठक कर अति शीघ्र निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने की बात कही। बैठक में कहा कि अगर आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहे तों कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

इस मामले में जानकारी देते हुए एस डी एम धौरहरा राजेश कुमार ने बताया कि अभी तक क्षेत्र में मौजूद 17 धान खरीद केन्द्रो से मात्र 2371 मीट्रिक टन की खरीद की सूचना है जो कि शासन व जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित लक्ष्य से काफी दूर है। किसानों से समन्वय स्थापित कर खरीद करें व धान मिल को सप्लाई दे, साथ ही ध्यान रखे किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा ना होने पाये, लापरवाही होने पर कार्यवाही तय है।

## खबरें एक नजर में

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाए जौहर



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** सिल्वरसिटी एकेडमी कोटवारा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक अमन गिरि ने बच्चों से परिचय प्राप्त कर शुरु कराया। खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट मैच में रेड हाउस को पराजित कर ब्लू हाउस ने परचम लहराया। थ्री लेग रेस में रचित शर्मद्व अखिलेश यादव ने पहला स्थान हासिल किया। एहतशाम व इजहान खा ने द्वितीय तथा विकास व विराट ने तृतीय स्थान हासिल किया। खो खो गर्ल्स में रेड हाउस को पराजित कर ब्लू हाउस की छात्राएं विजेता रही। रेस में दिव्याशु प्रथम, हिमांशु द्वितीय, सौरभ तृतीय स्थान पर रहे। बालीबाल में रेड हाउस विजेता रही। बिंदी पेस्टिंग में ऋषि प्रथम, खुशी द्वितीय रही। सौ मीटर गर्ल्स दौड में हरमीत कौर रेड हाउस प्रथम, सिमरन ब्लू हाउस द्वितीय, रिया व आराध्या ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर एकेडमी के प्रबंधक हरमोहन सिंह खुराना, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह, अश्वनी मिश्रा, अशोक शर्मा, निखिल तिवारी, गुरुसिमरन कौर, अमन शुक्ला, सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चें मौजूद रहे।

### हिन्दुओं एकजुट हो, भगवान की नियमित पूजा करो: तोगडिया



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का गोला में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। यहां उन्होने कहा कि हिंदुओं को एकजुट रहने की जरूरत है तथा भगवान की नियमित पूजा करो, तुलसी को पानी दो, चिड़ियों को दाना पानी दो, हनुमान चालीसा पढो जिससे दूसरे समुदाय को करारा सबक मिलेगा। उन्होंने विधायक के साथ शिव मंदिर पहुंच पूजा अर्चना की। पूरनपुर में सभा को संबोधित कर गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी पहुंचे डॉ प्रवीण तोगड़िया का कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत किया। डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि हमें हिंदुओं की दुकान पर ही सामान लेना है, बाल कटवाना है। फिर वह जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के आवास पर गए। जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का गुरुवार 12 दिसंबर को जन्मदिन भी था। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष के आवास पर केक काटा जहां उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनायें दी। इस मौके पर संगठन मंत्री वेद प्रकाश सचान, रमाकांत अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला, अपना दल के जिला अध्यक्ष राजीव पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष प्रदीप भगत सिंह, जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, जिला महामंत्री अखिल भारतीय हिन्दू परिषद मनोज वर्मा, आकाश बजरंगी, विकास कनौजिया, सुमित कुमार, अमित कुमार, गगन कुमार, सुनील कुमार, अनूप वर्मा, आशीष वर्मा समेत तमाम कार्यकर्ता कोतवाल चंद्रशेखर सिंह सहित तमाम पुलिस बल भी मौजूद था।

### एक दिवस के लिए छात्रा बनीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका



**मितौली खीरी।** संविलियन विद्यालय बिछिया नगरा में डीएम खीरी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन पर मिशन शक्ति फेज 5 के तहत आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 8 की छात्रा 1 दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनने पर शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के संबंध में सुझाव दिए हैं। आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 8 की छात्रा जय देवी को एक दिवस के लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बनाया गया खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में छात्र ने महिलाओं की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर कई सुझाव प्रस्तुत किए हैं। जूनियर और सीनियर छात्रों के लिए प्रेरणा बनी इस छात्रा से बच्चों ने सीख प्राप्त की है इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह एवं सहायक अध्यापक दिनेश कुमार विपिन कुमार आनंद शंकर तिवारी दीप आशीष सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रही हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्रा को सरस्वती की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

### रोडवेज कर्मियों ने किया विरोध-प्रदर्शन



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में गुरुवार को प्रांतीय महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा के प्रबंध निदेशक को देय नोटिस के क्रम में भोजनावकाश के समय गोला डिपो में समस्त शाखा पदाधिकारियों सहित कर्मचारियों ने अपना विरोध व्यक्त कर आंदोलन को और अधिक गति प्रदान करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर कमलेश कुमार वर्मा, विमलेश वर्मा, आलोक अवस्थी, जुगेन्द्र सिंह, मोबीन सिद्दीकी, रामलडैते, सुशील गुप्ता, शोभित, लोकेश, संजय, रामेन्द्र सिंह, अमरजीत गौतम, राजेश कुमार, राजेश कुमार वर्मा सहित शाखा के कर्मचारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### वृक्षगंगा अभियान: अब पेड़ों को बचाने में जुटा गायत्री परिवार



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ ने वृक्षगंगा अभियान के पौधों की सुरक्षा के लिए अब मोर्चा खोल दिया है। नगर व जिले में रोपित किए गए सैकड़ो पौधों में से किसी को भी क्षति या नुकसान पहुंचाते हुए पाया गया तो गायत्री परिवार के लोग वन विभाग की सहायता से उन लोगों द्वारा एक पेड़ को क्षति पहुंचाने के बदले में पांच पेड़ लगवाएंगे। इस क्रम में नेशनल हाईवे 730 के किनारे वन विभाग द्वारा आरक्षित हरित पट्टी पर रामापुर रोड के निकट चार माह पूर्व रोपित देववृक्ष पीपल पौधे को काटे जाने और उसके ट्री गार्ड को नष्ट किए जाने को लेकर युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर-खीरी द्वारा घटना स्थल पर धरना देकर जस्टिस फॉर ट्रीज़ अभियान शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत वन विभाग को लिखित सूचना देकर मांग की गई थी घटना को अंजाम देने वालों द्वारा एक पेड़ को नष्ट किए जाने के बदले पांच पौधों का रोपण ट्री गार्ड सहित किया जाए। इसी क्रम में गुरुवार दक्षिण खीरी वन प्रभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी और उनकी वन विभाग की टीम की उपस्थिति में को घटना स्थल पर देववृक्ष पीपल, जामुन, अमलताश सहित पांच पौधे रोपित किए गए जिनमें से तीन पौधों में मौके पर ही ट्री गार्ड लगा दिए गए थे और बाकी ट्री गार्ड लगाए जाने की तैयारी हो रही थी। देववृक्ष पीपल को पुनः रोपित करवाने में वन विभाग ने पूरा सहयोग किया जिसके लिए गायत्री परिवार और वृक्षगंगा अभियान टीम ने वन विभाग का आभार व्यक्त किया है। अभियान को अंजाम देने में पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. डीके वर्मा और विजय श्रीवास्तव का प्रमुख योगदान रहा जिसके लिए युवा प्रकोष्ठ टीम ने उन्हें अंगवस्त्र के द्वारा सम्मानित किया। वृक्षगंगा अभियान संयोजक अनुराग मौर्य ने बताया वर्तमान परिस्थितियों में पौधे लगाने से भी बड़ा अभियान है पौधे बचाने का अभियान क्योंकि पौधों को मौसम और जानवरों से भी ज्यादा खतरा स्वार्थ में डूबे आदमी से है। छोटे पेड़-पौधों को ही अगर लोग स्वार्थवश काटते रहेंगे तो न तो भविष्य को बड़े पौधे तैयार हो पाएंगे और न ही कोई भी सार्वजनिक पौधरोपण के लिए आगे नहीं अपना मनोबल जुटा पाएगा। इसलिए देववृक्ष पीपल को न्याय दिलाने की ये मुहिम चलाई गई। इस दौरान युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर के अजय वर्मा, संगीता वर्मा, अमल वर्मा, दीपा वर्मा वन विभाग के नागेंद्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री/विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का लोकार्पण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ. मयंक मिश्रा ने बताया कि इस यूनिट के बनने से ड़ेंगू चिकनगुनिया स्टेप टाइट्स मलेरिया तथा टाइफाइड की पुष्टि के लिए होने वाले एलाइजा टेस्ट की सुविधा उपलब्ध रहेगी जबकि पहले एलाइजा जाँच बाहर से करायी जाती थी इसके अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं की होने वाली सभी प्रकार की जांचों की सुविधा कुछ बाद यही यूनिट में उपलब्ध रहेगी। डॉ. मयंक मिश्रा ने यह भी बताया कि इस यूनिट की भूमिका क्षेत्र में पेन्डिंग फैलने की स्थिति में बहुत अधिक हो जाती है ऐसी स्थिति



यूनिट की टीम प्रभावित क्षेत्र में जाकर रक्त के नमूने लेकर त्वरित कार्यवाही करेगी। इसके आधार पर रोगियों का समुचित उपचार होगा। भाजपा के नगर अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी, सौरभ गुप्ता, इंद्रजीत सिंह, रामजी रस्तोगी, लोक भारती के जिला संयोजक अतुल रस्तोगी के साथ आये दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मेरा प्रयास है कि क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। इस दिशा में उनके प्रयास से एटीएम हेल्थ मशीन डिजिटल एक्सरे, आक्सीजन प्लान्ट, ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट तथा अल्ट्रासाउंड की सुविधा क्षेत्र की जनता को उपलब्ध हो सकेगी। स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. आलोककुमार, डॉ. शानू राठौर, डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, डॉ. हारिश, फार्मासिस्ट विनीत गुप्ता, मनोज पचौड़ी, विपिन पटेल, ट्रेनिंग फार्मासिस्ट लैब टेक्नीशियन सत्यनाम धीमान, अभिषेक पटेल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिकुनियां में लगा हैंडपंप बना शोपीस

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।** तिकुनियां क्षेत्र में मात्र एक ही सरकारी अस्पताल है। जहां पर पूरे क्षेत्र में लगभग दर्जनों गांव है जो अस्पताल में दवा लेने आते हैं साथ साथ डिलवरी भी होती जहां मरीजों को रात भी रुकनी पड़ती है। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा हैंडपंप जो अपनी बदहाली पर रो रहा है। अगर मरीजों को पानी की आवश्यकता हो तो व अस्पताल में लगे हैंडपंप से पानी नहीं पी सकता। जबकि तिकुनिया में एक ही सरकारी अस्पताल होने पर यहां पर हर समय मरीज उपलब्ध रहते हैं लेकिन मरीजों को पानी के लिए आखिर बाहर ही जाना पड़ता है वहीं पर अस्पताल के चारों तरफ गन्दगी की भरमार है कुछ भी साफ सफाई की व्यवस्था नहीं है जहां पर सरकारी हैंडपंप लगा है। उस पर भी सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# संदिग्ध अवस्था में लटका मिला युवक का शव, परिजन लगा रहे हत्या का आरोप

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ईसानगर थाना क्षेत्र के धुंधा कला गांव से चार दिन पहले गायब हुए युवक का शव बुधवार को गांव के बाहर गन्ने के खेत में लगे पेंड में रस्सी के सहारे संदिग्ध अवस्था में लटकता हुआ मिला जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया, वही मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

परिजन युवक की हत्या कर शव को रस्सी से लटकाने का लगा रहे आरोप। बुधवार को थाना क्षेत्र के धुंधा कला गांव के बाहर गन्ने के खेत में लगे पेड़ के नीचे संदिग्ध परिस्थियों में रस्सी के सहारे 24 वर्षीय संजय राजपूत पुत्र भारत राजपूत का शव लटकता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। वही घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू करते हुए परिजनों को न्याय दिलाने का अस्वासन दिया। परिजनों ने पुत्र की हत्या होने की आशंका व्यक्त करते हुए बताया कि भारत शनिवार को घर से निकला था जिसकी तलाश के दौरान मंगलवार को स्थानीय पुलिस को भी गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र दिया गया था। परिजनों ने बताया की जहां शव मिला वहां एक दिन पहले ही हम लोगों ने उसकी तलाश की थी तब वहां कुछ नही था। इससे परिजनों को पूरा शक है कि उनके पुत्र की हत्या कर शव खेत मे लाकर पेंड के सहारे रस्सी से लटका दिया गया है।

> सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पी एम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है , रिपोर्ट आने पर मृत्यु का सही कारण पता चलेगा, जांच जारी है।
>
> **-देवेंद्र कुमार**
> **प्रभारी निरीक्षक ईसानगर**

# जिले में शुरू हुई एचडीयू/आईसीयू यूनिट

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- जनपद सहित आसपास के मरीजों को मिलेगा लाभ



जिला पुरुष चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मोतीपुर ओयल में दो बेड के एचडीयू/आईसीयू की सुविधा शुरू हो गई। अब गंभीर मरीजों को लखनऊ की भांति लाभ मिल सकेगा। गुरुवार को इसका शुभारंभ फीता काट कर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर्य देश दीपक सहित सीएमएस डॉ. आरके कोली व सीएमएस डॉ ज्योति महरोत्रा ने सामुहिक रुप से किया।

प्राचार्य डॉ. आर्य देश दीपक ने कहा कि खीरी जनपद में आईसीयू जैसी बड़ी सुविधा का संकट था, मरीजों को लखनऊ व बरेली, दिल्ली आदि स्थानों पर जाना पड़ता था। कई गंभीर मरीज तो हायर सेंटर पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देते थे। जनता की इस बड़ी समस्या का निस्तारण हो गया है। चिकित्सालय में दस बेड का आईसीयू संचालित हो गया है। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि एचडीयू/आईसीयू यूनिट में एबीजी मशीन सहित बीआईपीएपी मशीन, एच एफ एन सी मशीन, मल्टी पैरा मीटर, इनफूसिएन पंम्प सहित 24 घंटे आक्सीजन सप्लाई रहेगी। सीएमएस डॉ ज्योति महरोत्रा ने बताया कि इस यूनिट के शुरू होने से खीरी जनपद सहित आस पास के जनपद के मरीजों को भी लाभ होगा। पहले दिन ही अशफाक नाम के एक मरीज को इस यूनिट का लाभ प्राप्त हुआ है। इस दौरान एनेस्थेटिक नोडल ऑफिसर डॉ. श्वेता, डॉ. जयराम, डॉ एसके मिश्रा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी वर्मा, डॉ. शिखर बाजपेई, डॉ. शिशिर पांडे, डॉ. विवेक यादव सहित मीडिया सेल से देवनंदन श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट अमरेंद्र सिंह और आईसीयू यूनिट से जेआर डॉ रामसेवक व डॉ प्रशांत, आईसीयू यूनिट इंचार्ज नर्सिंग ऑफिसर स्नेहा वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर अकीला बानो, निधि शर्मा, अर्चना भारती, इंद्र कुमारी, किरण शुक्ला, वेंटिलेटर ऑपरेटर दिलीप शुक्ला वार्ड बाय नितिन श्रीवास्तव जिला महिला चिकित्सालय से फार्मासिस्ट इंद्र अवस्थी, योगेश कुमार, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेहजम, मितौली ब्लाक के गांवों में जा पहुंचे सीडीओ अभिषेक

- सीडीओ ने पीएम, सीएम आवास के लाभार्थियों से की मुलाकात, किया संवाद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने ब्लाक मितौली और बेहजम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायतों का स्थलीय भ्रमण करते हुए पीएम और सीएम आवास योजना के लाभार्थियों से संवाद किया।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडी एसएन चौरसिया के साथ सर्वप्रथम ब्लाक मितौली की ग्राम पंचायत कैमहरा में पीएम और सीएम आवास योजना के लाभार्थियों कुंती, मनीषा और नीरज देवी से मुलाकात कर उनके



कुशलता जानी। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से उनकी जुबानी में आवास आवंटन से किस्त अंतरण और आवास बनने तक पूरी प्रकिया जानी। उन्होंने लाभार्थियों से जाना कि आवास बने में किसी प्रकार की सुविधा तो नहीं हुई। लाभार्थियों ने सीडीओ को बताया कि कभी सोचा नहीं था कि पक्का मकान बनेगा। उन्होंने पूछा कि आवास मिलने में किसी ने कोई अपेक्षा तो नहीं की। इसपर खुले मन से लाभार्थियों ने कहा साहब नहीं। इसके बाद सीडीओ अभिषेक कुमार का काफिला ब्लाक बेहजम के ग्राम कैमाबुजुर्ग पहुंचा, जहां उन्होंने दिव्यांग संजय कुमार नारद और अनिल पुत्र सीताराम के घर जाकर आवास की प्रगति देखी। लाभार्थियों से संवाद करते हुए जाना कि उन्हें अन्य किन-किन सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव के सभी पात्र व्यक्तियों को उनकी पात्रता के हिसाब से योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन समृद्ध और खुशहाल बनाया जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी फील्ड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से फील्ड में सुनिश्चित कराए। कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ लेने से वंचित न रहे और अपात्र व्यक्ति को लाभ न मिले इसे सुनिश्चित कराया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# रानी लक्ष्मीबाई इंटर कालेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 115 छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें निःशुल्क दवा दी। बचपन किड्स केयर डॉ नेहा गुप्ता, डॉ पवन वर्मा ने छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य समस्या सहित नियमित जांच कर 115 बच्चों को उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया। कैंप में एचबी, आरबीएस, सीबीसी, जीबी पीसीएफटी एवं केएफटी आदि जांचे आयोग्यम डेग्नोस्टिक सेंटर के सहयोग से मुफ्त की गई। कॉलेज द्वारा सर्दी से होने वाले स्वास्थ्य समस्या से इलाके के लोगों को निजात दिलाने को लेकर क्षेत्र के कॉलेज में स्वास्थ्य जांच सह परामर्श



शिविर का आयोजन कर लोगों के स्वास्थ्य समस्या का निदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. नेहा गुप्ता, डॉ. पवन वर्मा, प्रबंधक संजय वर्मा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा के अलावा संत सरन, अशोक वर्मा, अमित सिंह, भानु प्रताप सिंह, सुफियान आदि स्वास्थ्यकर्मी व अनुष्का शुक्ला, सलमान, अंकुल शर्मा, श्यामकिशोर, अभिषेक यादव, सुशील वर्मा, दिनेश, नियामत सहित शिक्षक शिक्षिकाए व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# आलइंडिया फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में मणिपुर की टीम ने ट्रॉफी पर किया कब्जा



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** स्वर्गीय श्री राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में स्वर्गीय अरविन्द गिरी की स्मृति में चल रहे आठ दिवसीय आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मैच के साथ समापन किया गया। फाइनल में खेल मैदान पर स्पोर्टस कॉलेज लखनऊ बनाम केएसडव्लूएफसी मणिपुर के मध्य खेला गया। जिसमे मणिपुर की टीम 1-0 से विजय रही। मैच के अतिथि कमलेश मिश्रा छत्रिय अध्यक्ष भाजपा अवध क्षेत्र उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ला रिंकू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् गोला, नरेंद्र सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनधि वीरेंद्र भूषन, विजुआ प्रमुख रमाशंकर राज, बेहजम प्रमुख आशीष सिंह, कुलभूषण सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरजन लाल वर्मा, नीरज वाजपेयी, अवधेश मिश्रा ने खेल मैदान पर खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। टूर्नामेंट आयोजक विधायक अमन गिरि, जनार्दन गिरि, मदुसूदन गिरि, सचिव धर्मेंद्र गिरि मोंटी, केके शुक्ला, आशुतोष गिरि, विजय सिंह चौहान, विनय गुप्ता रिंकू, अभिषेक राजपूत, योगेश कनोजिया, पुनीत साहनी, महेंद्र त्रिपाठी, बदरे आलम, कुलबंत सिंह, डॉ बच्चू सिंह, रामगुलाम पांडेय सहित शहर के गणमान्य लोग व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने कॉलेज की पत्रिका अंजलि का विमोचन किया गया। श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज के वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि भूतपूर्व राज्यसभा सदस्य रवि प्रकाश वर्मा, विशिष्ट अतिथि अवकाश प्राप्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रवीन्द्र नाथ वर्मा रहे। संचालन व्यायाम शिक्षिका सवि चतुर्वेदी ने किया। जीवन डायरी में अपनी 100 अच्छाइयां लिखकर जमा करने वाली छात्रा नेहा परवीन कक्षा 12 ए 1, निजा परवीन कक्षा 9 ए 2 को प्रधानाचार्या द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस डायरी में निष्कर्ष रूप में नेहा ने लिखा मैं सदैव कहती थी मैं यह नहीं कर पाऊँगी मैं वह नहीं कर पाऊँगी, पर अब मैं कहती हूँ मैं सब कर पाऊँगी। छात्रा के यह उद्गार इस डायरी के उद्देश्य



को सार्थक करने वाले हैं। मुख्य अतिथि रवि प्रकाश वर्मा ने बच्चों को अपने भावों तथा प्रतिभा की अभिव्यक्ति किसी भी माध्यम से चाहे कला अथवा लेखन द्वारा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि18 वर्ष की आयु पूरी करने पर सभी बच्चे देश के मालिक बन जाएँगे और देश के विकास में आप महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। आप ऐसा कर सकें इसके लिए आपको अपनी योग्यता बढ़ानी होगी। विद्यालय व्यक्तित्व विकास समिति के प्रमुख सत्यनारायण वर्मा ने कहा कि बच्चों आप अपना मूल्य समझें तथा विश्वास करें कि आप संसार के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। आप 18 वर्ष की आयु के बाद देश के मालिक तो बन ही जाएँगे लेकिन यदि आप माली बनकर देश की सेवा करें तो और भी अच्छा होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. रवीन्द्र नाथ वर्मा ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपने व्यक्तित्व को प्रखर बनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबंधक सरदार अरजेंद्र सिंह ने बच्चों को आत्मविश्वास का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए कहानी सुनाई और आत्मविश्वास बढाने पर जोर दिया। श्री गुरु नानक कन्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजू भोगल, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, जूनियर सेक्शन की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी, पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर वर्मा, गांधी विद्यालय हाईस्कूल के प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित, कृषक समाज इंटर कॉलेज के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता अनिल कुमार समेत तमाम अन्य लोग भी मौजूद थे।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पैतृक गांव में सर्वोदय बालिका विद्यालय का शिलान्यास किया, कहा

# शिक्षा व संस्कारों से मिलती है जीवन में तरक्की

**सर्वोदय विद्यालय बच्चियों को उड़ान भरने के लिए करेगा हवाई पट्टी का काम : असीम अरुण**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/कानपुर ।** कानपुर देहात जिले के परौंख गांव में बालिका शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल हुई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव में सर्वोदय बालिका विद्यालय का शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण भारत में बेटियों के लिए गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा का नया अध्याय शुरू किया।

सर्वोदय विद्यालय बालिका का शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि गांव की बेटियां 5वीं कक्षा के आगे पढ़ने में असहज महसूस करती हैं क्योंकि आगे पढ़ने के लिए उन्हें दूसरे गांव या घर से दूर जाना पड़ता है, सर्वोदय विद्यालय के बन जाने से बेटियां निडर होकर आगे की पढ़ाई कर सकेंगी। संस्कारों की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार आपको जमीन से उठाकर आसमान पर ले जा सकते है। मेहनत और ईमानदारी से चलेंगे तो आप जीवन में तरक्की करेंगे। श्री कोविंद ने कहा कि राष्ट्रपति रहते हुए उन्होंने थल सेना प्रमुख जनरल विपिन रावत से कहा था कि डिफेंस में बेटियों की भागीदारी बढ़नी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए सर्वोदय विद्यालय को सेंटर ऑफएक्सीलेंस फॉर डिफेंस एंड पुलिस फोर्सेज के रूप में विकसित किया जाएगा। स्कूल से पढ़कर जब गांव की बेटी निकलेगी तो उसमें आत्मविश्वास भरा होगा कि वह किसी से कम नहीं है। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री स्व.प्र. असीम अरुण ने कहा कि सर्वोदय विद्यालय विकसित भारत के आसमान में बच्चियों को उड़ान भरने के लिए हवाई पट्टी का काम करेगा। यहां सिर्फ एक विद्यालय का शिलान्यास नहीं बल्कि विकसित भारत की नींव रखी जा रही है। विद्यालय के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि परौंख में बनने वाला सर्वोदय बालिका विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र होगा, बल्कि यह बेटियों को डिफेंस और पुलिस फोर्स में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा। इसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डिफेंस एंड पुलिस फोर्सेज के रूप में विकसित किया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति ने उनके काम की तारीफकरते हुए कहा कि इन्होंने गुजरात की बरसाती नदी कही जाने वाली नदी में चेक डैम बनाकर उसे जल से लबालब कर दिया है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान परौंख गांव के आठ लोगों को वृद्धावस्था पेंशन के प्रमाणपत्र पूर्व राष्ट्रपति द्वारा दिये गये। प्रमाण पत्र पाने वालों में परौख गांव के लज्जाराम, महेद्र कुमार, सुखनंदन, शीला, कर्णवीर सिंह, श्याम गौरी, अवधेश सिंह और नरेंद्र सिंह शामिल रहे।

### सर्वोदय बालिका विद्यालय की शिक्षा प्राचीन गुरुकुल परंपरा व तकनीकी शिक्षा का संगम

उन्होंने कहा कि जिन बच्चियों को सेना से इतर किसी अन्य क्षेत्र में जाने का मन होगा उनके लिए कौशल विकास के प्रशिक्षण की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चियों को तैयार करेगी।

एनसीसी का प्रशिक्षण भी बच्चियों को विद्यालय में मिलेगा। यह विद्यालय दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा और वर्ष 2027 में बच्चियों के लिए पहले सत्र की शुरुआत होगी। धन्यवाद ज्ञापन समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड ने किया। यह विद्यालय बालिकाओं को कक्षा 6 से 12 तक नि:शुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करेगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय, स्मार्ट क्लास, ई-लैब, टैब-लैब, और लाइब्रेरी जैसी तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग भी दी जाएगी। छात्राओं को एनसीसी के माध्यम से डिफेंस और पुलिस फोर्स में जाने का प्रशिक्षण मिलेगा। सर्वोदय बालिका विद्यालय शिक्षा की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और आधुनिक तकनीकी शिक्षा का अनूठा संगम होगा। विद्यालय में ज्म्ड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और कंप्यूटेशनल थिंकिंग जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा 75 जनपदों में मॉडल सर्वोदय विद्यालय विकसित करने का प्रयास चल रहा है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ग्रामीण विकास और शिक्षा के प्रति निष्ठा के परिणामस्वरूप यह विद्यालय स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा, परौंख में इस विद्यालय का निर्माण न केवल बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि उन्हें सपनों को साकार करने का अवसर देगा।

# दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान के लिए मोबाइल कोर्ट शुरू करने पर जोर

**मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने आज विधानसभा सचिवालय मे विभागीय समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का समयबद्ध और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ शीघ्र मिल सके। बैठक के दौरान मंत्री ने शादी अनुदान, छात्रवृत्ति योजनाओं, और कम्प्यूटर प्रशिक्षण ट्रिपल सी,ओ लेवल के लाभार्थियों को शीघ्रता से धनराशि हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता पर करने को कहा और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि योजनाओं का प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक पहुंचे। दिव्यांगजन सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किया जाए। साथ ही, दिव्यांगजनों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए अधिक से अधिक टेबलेट का वितरण सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि विश्व दिव्यांग दिवस को भव्य रूप से आयोजित किया जाए, ताकि समाज में जागरूकता बढ़ाई जा सके। महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए मंत्री ने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ के दौरान दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग विभाग का शिविर लगाया जाए, जिसमें विभागीय योजनाओं और लाभों की जानकारी दी जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों और पिछड़ा वर्ग के लोगों को जोड़कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाये। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की मंशा के अनुसार, हर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिले। मंत्री ने स्पष्ट किया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से होना चाहिए और इसके लिए अधिकारी तत्परता से कार्य करें।

### पुल के किनारे रेलिंग लगाने, कमजोर पटरों को बदलने व गैपिंग को करें ठीक

लखनऊ। गुरुवार को लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक डॉ. नीरज बोरा ने नगर आयुक्त के साथ गोमती नदी स्थित पीपे वाले पुल का निरीक्षण किया। यहां पुल की मरम्मत के बाद आवागमन फ़िर से शुरू हो गया है। इस दौरान महापौर और विधायक ने पुल के किनारे रेलिंग लगाने, कमजोर पटरों को बदलने और गैपिंग को ठीक करने के निर्देश दिए। विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने इस अवसर पर फैजुल्लागंज, अलीगंज और जानकीपुरम में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड में जुगुल विहार कॉलोनी से मेन रोड को जोड़ने वाली सड़क का शिलान्यास हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि विनोद बाजपेई, अमित मौर्य, अनिल मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रधानाध्यापकों की बैठक, थर्ड पार्टी निपुण एसेसमेंट पर हुई चर्चा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बेसिक शिक्षा विभाग के ब्लाक संसाधन केंद्र इटौंजा में आज प्रधानाध्यापकों की बैठक एबीएसए प्रीती शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दिसंबर माह में होने वाले थर्ड पार्टी निपुण एसेसमेंट पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि विकास खंड बक्शी का तालाब के प्राथमिक और बेसिक विद्यालयों ने थर्ड पार्टी निपुण असेसमेंट के लिए स्वयं ऑनलाइन आवेदन किया था। इस प्रक्रिया के तहत पहले चरण में विकास खंड के 38 विद्यालयों में डायट लखनऊ द्वारा कक्षा एक और दो के बच्चों का भाषा और गणित विषय का असेसमेंट किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी प्रीती शुक्ला ने बताया कि यदि 80 प्रतिशत बच्चे इस असेसमेंट में सफल होते हैं तो संबंधित विद्यालय को निपुण विद्यालय घोषित किया जाएगा। बैठक में एआरपी संबंधित शिक्षक संकुल भी मौजूद थे।

### गरीबों को वितरित किए गए एक हजार कंबल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** तहसील प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एक हजार गरीब और असहाय परिवारों को नि:शुल्क कंबल वितरित किए गए। इस दौरान विधायक विनय वर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों और असहायों को कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि तुलसियापुर चौराहे पर एक हजार गरीब परिवारों को कंबल वितरित करने का अवसर मिलना बहुत ही सार्थक है। इसी प्रकार बिना भेदभाव सरकारी वस्तुओं का वितरण होना चाहिए। कार्यक्रम में एसडीएम न्यायिक राहुल सिंह ने कहा कि सभी असहाय और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जाएंगे। तहसीलदार अजय कुमार, नायब तहसीलदार महबूब अंसारी, लेखपाल मोहित सिंह, प्रबंधक अनुपम शुक्ल, पंचम पटेल, मयंक शुक्ल, अजय वरुण, मुश्ताक अहमद, प्रदीप कमलापुरी, रामदास मौर्य, अशोक पासवान सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### बिस्किट के पैसे मांगे तो सटाया तमंचा, जान से मारने की धमकी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के सरोजनी नगर में एक दुकानदार को बिस्किट के पैसे मांगना महंगा पड़ गया। नतीजा यह कि बिस्किट खरीदने वाले युवकों ने पैसे मांगने पर असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग निकले। सरोजनी नगर के गौरी निवासी अजय कुमार के मुताबिक उनकी सोनी कोल्ड ड्रिंक शॉप नाम से स्कूटर इंडिया चौराहे के पास दुकान है। अजय का कहना है कि मंगलवार रात करीब 10.50 बजे वह अपने दोस्त दुकानदार मुकेश और कृष्णा के साथ दुकान पर खड़े थे। तभी बाइक (यूपी 32 केएच 0890) से 2 अज्ञात युवक वहां पहुंचे और बिस्किट मांगे। अजय का आरोप है कि बिस्किट देने के बाद जब अजय ने उनसे पैसे मांगे तो उन्होंने छोटा सा हथियार जैसा निकालकर उनके ऊपर तान दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों का पता लगा रही है।

### देश को नष्ट करना चाहती है सत्तारूढ़ पार्टी : संजय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने हाल ही में इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायधीश शेखर कुमार यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह देश सभी का है और यह बात भारतीय संविधान में लिखी हुई है। कोई भी व्यक्ति संविधान के खिलाफ नहीं जा सकता है, और यदि कोई इसके खिलाफजाता है, तो हम उसकी आवाज उठाएंगे। यह देश किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि सभी भारतीयों का है। सत्तारूढ़ पार्टी इस देश को नष्ट करना चाहती है। देश में बेरोजगारी बढ़ रही है, स्कूल और अस्पताल बंद हो रहे हैं। क्या सत्तारूढ़ पार्टी ने इस पर कभी कुछ कहा नहीं। कोई भी न्यायधीश यह अधिकार नहीं रखता कि वह यह कहे कि यह देश केवल बहुसंख्यक समुदाय का है। संजय सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने देश की मूल धारा को कमजोर किया है और यह संविधान के खिलाफ काम कर रही है।

### शक्ति भवन में कल होगी पेंशन अदालत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शनिवार 14 दिसम्बर को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन, प्रत्येक डिस्कॉम मुख्यालय तथा केस्को में आयोजित होगी त्रैमासिक पेंशन अदालत। उ0प्र0 पावरकारपोरेशन अध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार गोयल की पहल पर आयोजित होने वाली इन त्रैमासक पेंशन अदालतों में पेंशनरों तथा पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा। त्रैमासिक पेंशन अदालत मार्च, जून, सितम्बर तथा दिसम्बर में आयोजित होती है। शक्ति भवन में निदेशक के नेतृत्व में 11 बजे से यह अदालत आयोजित की जायेगी।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर गोसाईगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार रात करीब 9.15 बजे थाना क्षेत्र के राजेश्वर ढाबा के पास एक्सीडेंट की सूचना मिली। एक व्यक्ति लखनऊ से बाराबंकी की तरफ मोटर साइकिल से जा रहा था, किसी अज्ञात वाहन ने व्यक्ति कि मोटर साइकिल मे टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचने पर जांच की गई तो मृतक की जेब से आधार कार्ड मिला।




# स्वयं सहायता समूह की प्रमुखों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आपदा न्यूनीकरण को लेकर प्रधानमंत्री के दस सूत्री एजेन्डे के तहत गुरूवार को स्वयं सहायता समूहों की प्रमुखों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का प्रशिक्षण दिये जाने के लिए जिला पंचायत सभागार में मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मण्डल के प्रत्येक जनपद के 75-75 स्वयं सहायता समूह की प्रमुखों व आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारम्भ आयुक्त देवीपाटन मण्डल श्री शशिभूषण लाल सुशील ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने मण्डलायुक्त, डीएम, सीडीओ सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।



- आपदा प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम : मण्डलायुक्त
- आपदा के दौरान गोल्डेन आवर सबसे महत्वपूर्ण, रेल हादसे के दौरान लोगों की जान बचाने में गोल्डेन आवर और समुदाय का रहा सबसे अहम रोल : डीएम

इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका अहम है क्योंकि आपदा के दौरान महिलायें सबसे पहले प्रभावित होती हैं, इसलिए महिलाएं आपदा प्रबंधन में फर्स्ट रिस्पान्डर हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री जी प्रेरणा से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिरण द्वारा सराहनीय कदम उठाया गया है। उन्होंने आपदा प्रबंधन में महिलाओं की सहभागिता का दूरगामी परिणाम होगा। विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, अग्निकाण्ड, सर्पदंश, आकाशीय विद्युत, ग्लोबल वार्मिंग, सुनामी के अलावा मानव जनित आपदाओं से कैसे बचाव करना है इसके लिए समुदाय का प्रशिक्षित होना आवश्यक है, इसी उद्देश्य से बहुउपयोगी कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें मण्डल के जनपदों से स्वयं सहायता समूहों की प्रमुखों की उपस्थिति एक शुभ संकेत हैं। उन्होंने मण्डल के जनपदों में आपदा प्रबंधन अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि किसी भी आपदा के दौरान गोल्डेन आवर और आपदा के दौरान क्या करना चाहिए इसकी जानकारी होना सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि आपदाओं को लेकर जनसामान्य में कुछ मिथक हैं जिनका दूर होना आवश्यक है। उन्होंने आकाशीय विद्युत से होने वाली मृत्यु को लेकर मिथक के बारे में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि तमाम आपदाएं ऐसी हैं जहां पर महिलाएं सबसे पहले प्रभावित होती हैं परन्तु जानकारी के अभाव में वे सहायता करने के बजाय घबरा जाती हैं। इसलिए समुदाय आधारित महिलाओं का आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक होना और प्रशिक्षित होना नितान्त जरूरी है।

मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। अब आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण स्तर पर आपदा प्रबंधन को मजूबती मिलेगी। सीएमओ डॉ0 रश्मि वर्मा ने कहा कि विभिन्न आपदाओं जैसे शीत लहर, लू, बाढ़, सर्पदंश आदि के दौरान हमें व्यक्ति को बचाने के लिए तुरन्त क्या करना चाहिए, इसकी जानकारी हर व्यक्ति को होनी चाहिए। इसके लिए यह कार्यशाला बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक व पीडी डीआरडीए ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# कोरी पुरवा में बनाई गई मानक विहीन सड़क का डीएम ने लिया संज्ञान



**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड झंझरी के ग्राम पंचायत उम्मेदजोत के कोरी पुरवा में डामर सड़क बनाई गई जो मनकहीन है ठेकेदार के द्वारा बगैर कोलतार के या थोड़ा कॉल तार लगाकर छर्री बिछा दिया गया जो ग्रामीणों द्वारा हाथ से उठाकर दिखाया गया की आधा इंच भी इस पर छर्री नहीं डाला गया और मात्र 15 दिन पहले यह सड़क बनाई गई है अभी से सारी बजड़ी हाथ से उठ रही है यदि इस सड़क की जिलाधिकारी द्वारा सही ढंग से जांच करा लिया जाए तो ठेकेदार के द्वारा मानक विहीन बनाए गए सड़क का खुलासा किया जा सकता है इस प्रकरण की जानकारी जब जिला अधिकारी महोदया को दिया गया तो उन्होंने जांच टीम भेजने की बात कही है अब देखना है कि उक्त सड़क सही ढंग से बनाई जाएगी या इस पर भुगतान खारिज कर लिया जाएगा ।

# उप्र वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ गोंडा के द्वारा माननीय योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित आलोक कुमार, श्रीमान उपजिलाधिकारी, गोण्डा को विद्यालय प्रबंधक संघ के द्वारा विद्यालय के मान्यता के मानक, प्राइमरी से लेकर इंटर तक पूर्व मानक रखने हेतु को सरल बनाने के लिए, और यू डायस पोर्टल पर अपलोड डाटा करेक्शन हेतु, विभिन्न मांगो द्वारा उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय कल्याण समिति द्वारा आज माननीय उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। 1... जूनियर एवं माध्यमिक स्कूलों की मान्यता हेतु वर्तमान में मानक अत्यंत कठिन कर दिए गए हैं। जबकि इसके पूर्व मान्यता के मानक को आधार बनाकर बहुत से स्कूलों में निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। ऐसे निर्मित स्कूलों को मान्यता लेने हेतु एक बार पुनः थोड़े समय के लिए ही सही, पूर्व मानक को बहाल किया जाना उचित रहेगा। 2..... प्राथमिक एवं जूनियर स्कूलों को मात्र 1 वर्ष के लिए दी जा रही अस्थाई मान्यता की जगह स्थाई मान्यता प्रमाण पत्र जारी किए जाएं उल्लेखनीय है। कि एक बार मान्यता लेने के बाद पुनः मान्यता लेने में विद्यालयों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 3... यू डायरेक्ट पोर्टल पर अपलोड डाटा कलेक्शन हेतु विद्यालयों को बीआरसी तथा बीएसए कार्यालय पर निर्भरता के कारण भी अनेक कठिनाइयां होती हैं।




अतः विद्यालयों से विभाग द्वारा आवश्यक पत्रावली साइट पर अपलोड कर कर करेक्शन करने का अधिकार विद्यालयों को दिलाने हेतु आप द्वारा पहल की जाए। प्रबंधक परिवार आपका सदैव आभारी रहेगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष खेमचंद, जिला सलाहकार पंकज भारती, जिला कोषाध्यक्ष अमित वर्मा, अरविंद श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष, एसपी गुप्ता, प्रदेश संयोजक, हनुमान प्रसाद जोशी, विनय कुमार सिंह, दयानंद मिश्र सहित कई विद्यालयों के प्रबंधक गण ज्ञापन में मौजूद रहे।

# कर्नलगंज में अतिक्रमण हटाने के नाम पर अलाउंस कराकर महज हो रही खानापूर्ति

- सड़क तक सजी दुकानों से ग्राहकों का चलना दूभर, बाजार में वाहन खड़े करने के लिए अक्सर होती तकरार
- नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों व प्रशासन की अनदेखी के कारण नगर में अतिक्रमण का साम्राज्य

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा कर्नलगंज में अतिक्रमण हटाने के नाम पर जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों व प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर एलाउंस कराकर महज खानापूर्ति की जा रही है।

नगर पालिका परिषद के कई बार तत्काल अतिक्रमण हटाने की सूचना प्रसारित कराकर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देने के बाद समय सीमा समाप्त होने के बावजूद अतिक्रमणकारी अपना अतिक्रमण ना हटाकर प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं,लेकिन प्रशासन उक्त अतिक्रमण को हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पालिका प्रशासन ने सभी अतिक्रमणकारियों को अपना स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण तत्काल हटा लेने का एलाउंस कराया है।

कर्नलगंज बाजार अतिक्रमण व जाम के चलते कराह रही है। बाजार में दुकानों को सड़क तक सजाने की होड़ मची है। जिसके चलते बाजार आने वाले ग्राहकों को अपने वाहन खड़ा करने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। वहीं सड़क पर ही बाइक व चौपहिया वाहन पार्क करने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो वाहन खड़ा करने को लेकर दुकानदारों व ग्राहकों के बीच वाद विवाद की नौबत आ जाती है। यहां गोंडा-लखनऊ हाईवे, कर्नलगंज-परसपुर रोड, कटरा रोड, हुजूरपुर रोड व तहसील से लारी रोड होते हुए अस्पताल मोड़ सहित मुख्य बाजार, चौक-चौराहे आदि जगहों पर अवैध अतिक्रमणकारियों, दुकानदारों ने दुकानों के सामने सड़क पर कई-कई फुट तमाम जगहों पर अतिक्रमण कर रखा है। इसके चलते नगर के मुख्य बाजार से पैदल निकलना भी दूभर है और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के व्यापारियों की हठधर्मिता व प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर के बाजारों में अतिक्रमण से पूरी तरह से अपने पैर पसार लिए हैं। दुकानदारों ने अपने दुकानों के सामने तख्त व बेंच लगाकर दुकान का सामान बाहर तक निकाल रखा है। इसके अलावा दुकानों के सामने वाहन खड़े कर देते हैं तथा कुछ दुकानदारों ने तो सरकारी नाली व फुटपाथ पर ही अवैध कब्जा कर रखा है। नगर का मुख्य बाजार वैसे ही बहुत तंग है जहां अतिक्रमण के कारण बाजार में मार्ग की चौड़ाई 10 फिट से घटकर मात्र 4 से 5 फिट रह गईं है। अवैध अतिक्रमण व सड़क पर अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों को हटाने में प्रशासन पूरी तरह से बेबस नजर आ रहा है। नगर पालिका के ईओ का कहना है कि पूर्व में भी कई बार पालिका की टीम व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने की अपील कर चुकी है और सभी अतिक्रमण हटाने के लिए एलाउंस भी कराया जा चुका है। शीघ्र ही तहसील प्रशासन व पुलिस का सहयोग लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा।

### रेलवे स्टेशन, कैलाशबाग व गुड़मंडी रोड पर लगता है जाम

कस्बे में सबसे अहम सड़क मौर्य नगर चौराहे से स्टेशन रोड पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। जबकि सबसे अधिक दुकानें इसी मार्ग पर स्थित है। इसी मार्ग से होकर रिक्शा व बैट्री रिक्शा सहित अन्य वाहन भी आते जाते रहते है। इस मार्ग पर अतिक्रमण के चलते जब ग्राहक भी अपने वाहन दुकानों के सामने खड़ा कर सामान खरीदने लगते हैं तो जाम लगना स्वाभाविक है।

### मुख्य बाजार में पार्किंग व शौचालय न होने से हो रही परेशानी

बाजार आने वाले ग्राहकों व दुकानदारों का कहना है कि बाजार में पार्किंग व शौचालय न होने से काफी दिक्कतें आ रही है। इसके लिये समय समय पर दुकानदारों द्वारा अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मांग की जाती रही है। लेकिन अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

# न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नारायनपुर के निवासी सुशील कुमार दुबे की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है की संतोष कुमार निवासी ग्राम नारायनपुर मांझा व दो अज्ञात व्यक्ति तीनों लोग उसके घर में घुसकर पानी का मोटर, जेवर, बर्तन व अन्य कीमती सामान उठाकर जा रहे थे। आहट सुनकर वह जाग गया उसने टॉर्च की रोशनी में देखकर उसे पहचान लिया। पीड़ित का आरोप है कि उसने थाने में तहरीर दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर उसे न्यायालय के शरण में जाने के लिए विवश होना पड़ा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### चीनी मिल ने किसानों का 16.93 करोड़ का किया भुगतान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के जरवल रोड में स्थित आईपीएल चीनी मिल की ओर से किसानों का गन्ना खरीद का 16 करोड़ 93 हजार रुपये गुरुवार को उनके खाते में भेज दिया गया है। वहीं अब तक मिल द्वारा 46 हजार क्विंटल से अधिक गन्ने की पेराई की गई है।जिले के जरवल रोड में आईपीएल चीनी मिल स्थित है। चीनी मिल में 8 दिसंबर तक पेरे गये गन्ना मूल्य का भुगतान 16 करोड़ 93 हजार रुपए की एडवाइस बृहस्पतिवार को बैंकों में भेजी गई है। आईपीएल चीनी मिल जरवल रोड के जीएम टीएस राणा ने बताया कि वर्ष 2024/25 के पेराई सत्र का 8 दिसंबर तक 5 लाख 35 हजार क्विंटल गन्ना पेराई कर, 46 हजार 350 कुंतल चीनी का उत्पादन किया गया है। जिसका गन्ना मूल्य 16 करोड़ 93 हजार की एडवाइज का भुगतान बृहस्पतिवार को बैंकों में भेजी गई है। आईपीएल चीनी मिल प्रबंधक टीएस राणा ने किसानों से अपील की है कि किसान भाई साफ सुथरा ताजा गन्ना मिल को पहुंचाएं। जिससे खरीद और भुगतान में दिक्कत न हो।

- 5 लाख 35 हजार क्विंटल गन्ने की हुई पेराई

### नरसिम्हा राव के नियम को बदल रही भाजपा : माता प्रसाद पांडेय



- माता प्रसाद पांडेय बोले- महराजगंज के बाद संभल जाने से रोका

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि वर्ष 1951 में नरसिम्हा राव ने नियम बनाया था, उसके बाद भी भाजपा उनके नियम को बदल रही है। जब तक वह हिंदू मुस्लिम नहीं करेगी तो उनकी सत्ता नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि पहले बहराइच और अब संभल जाने से उन्हें रोका गया। लेकिन मामला शांत होने पर वह महाराजगंज के लोगों से मिलने के लिए जा रहे हैं।विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पहुंचे। उन्होंने सपा पदाधिकारियों से मुलाकात कर जिले की स्थिति के बारे में जानकारी ली। प्रेस वार्ता के दौरान माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बारे में वह कुछ नहीं कहना चाहते हैं। उन्होंने अलग पार्टी बना रखी है। प्रदेश में हो रहे बवाल के मामले में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सम्भल में सरकार ने बवाल करवाया। माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि नरसिम्हा राव ने वर्ष 1951 में नियम बना दिया था। फिर किसी धार्मिक स्थल को क्यों बदला जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिन्दू मुस्लिम करके सत्ता हासिल करना चाहती है। वह विकास पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि कमियां छिपाने के लिए उन्हें बहराइच के महराजगंज जाने से रोका गया था। इसी तरह सम्भल जाने से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश में दौरा कर मौके की स्थिति देख रहे हैं। इसके बाद विधान सभा सत्र में मुद्दा उठाएंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह, विधायक आनंद कुमार यादव, अर्जुन गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

# राम विवाह महोत्सव में ताड़का वध व अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन

- एकहि बाण प्राण हरि लीन्हा के साथ ताड़का बध सम्पन्न
- राम विवाह महोत्सव में प्रस्तुत मनोहारी लीला पर दर्शक मंत्रमुग्ध



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

नगर क्षेत्र अंतर्गत मसूदपुर चौराहा भूपगंज बाजार में चल रहे राम विवाह महोत्सव के चौथे दिवस विश्वामित्र आगमन,ताड़का वध,अहिल्या उद्धार और गंगा अवतरण की लीला का मंचन किया गया। राम विवाह महोत्सव समिति मसूदपुर के तत्वावधान में आयोजित राम विवाह महोत्सव में मथुरा वृंदावन की आदर्श राधा रानी कृपा रासलीला एवं रामलीला पार्टी द्वारा महोत्सव के चौथे दिवस मुनि विश्वामित्र द्वारा किये जा रहे यज्ञ में राक्षसों द्वारा विध्वंस डालना, यज्ञ रक्षा के लिये मुनि द्वारा अयोध्या से राम लक्ष्मण को लाना सहित ताड़का वध की ऐतिहासिक लीला का मंचन प्रस्तुत किया गया।व्यास धर्मराज जोशी द्वारा प्रस्तुत चौपाई एकहि बाण प्राण हरि लीन्हा के साथ ताड़का वध की लीला प्रस्तुत की गयी। महोत्सव में ताड़का का रोल अदा कर रहे सतीश पाठक के अभिनय की लोगों ने खूब सराहना की। आयोजन समिति के अध्यक्ष सभासद रमन सिंह अरोरा ने बताया कि छह दिवसीय महोत्सव के पांचवे दिवस नगर दर्शन,फुलवारी सहित धनुष यज्ञ की लीला का मंचन होगा। समिति के प्रबंधक प्रमोद शर्मा व दुखहरन शर्मा ने बताया कि धनुष यज्ञ की मनोहारी लीला देखने को जुटने वाली भारी भीड़ को मौसम के अनुकूल व्यवस्था प्रदान करने को लेकर समिति के उपाध्यक्ष मोहित त्रिपाठी, केदारनाथ शर्मा, अंकित व राम करन आदि को जिम्मेदारियां सौप दी गयी है। समिति के विशाल वैश्य, संरक्षक धर्मराज शर्मा,लक्ष्मण शर्मा, कुलदीप शुक्ला, ओमप्रकाश शर्मा, प्रदीप शर्मा आयोजन को भव्यता प्रदान करने में जुटे रहे वही कड़ाके की ठंड में तमाम दर्शक देर रात्रि तक लीला का आनन्द लेने में तल्लीन रहे।

# रफ्तार बनी मौत : अनियंत्रित होकर ट्रक होटल में घुसी, एक किसान की मौत, चार घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

गोंडा बहराइच मार्ग पर स्थित चिलवरिया चीनी मिल के सामने बुधवार रात एक डीसीएम अनियंत्रित होकर पान की गुमटी को रौंदते हुए होटल में जा घुसी। इसकी चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। इनमें दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है।गोंडा जिले से एक डीसीएम चालक बुधवार रात धान का ब्रान लेकर बहराइच के असम रोड आया। गाड़ी खाली करने के बाद गोंडा जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र के इच्छापुर निवासी चालक शिव कुमार उर्फ अरविंद वाहन लेकर जाने लगा। रात करीब 10 बजे के आसपास कोतवाली देहात क्षेत्र के गोंडा-बहराइच मार्ग पर स्थित चिलवरिया चीनी मिल के निकट चालक नियंत्रण खो बैठा। डीसीएम पान की दुकान को तोड़ता हुआ होटल में जा घुसा। हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर आए किसान हुजूरपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी आरिफ पुत्र मुबारक खा की मौत हो गई। जबकि डीसीएम चालक, पान गुमटी संचालक कोतवाली देहात के सुहापारा गांव निवासी रामजी समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। होटल मालिक दरगाह थाना क्षेत्र के माफी गांव निवासी गोमती प्रसाद वर्मा ने बताया कि चाय पीते समय हादसा हुआ है। दो दुकान का पूरा सामान तहस नहस हो गया। लाखों का नुकसान हुआ है। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।



# जिलाधिकारी ने रैन बसेरों का किया रियल्टी चेक

- नगर क्षेत्र का भ्रमण कर अलाव व्यवस्था का लिया जायजा

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुॅचाये जाने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम डिपो (रोडवेज़ बस स्टैण्ड), महर्षि बालार्क चिकित्सालय एवं रेलवे स्टेशन पर स्थापित किये गये रैन बसेरों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बुधवार को देर रात्रि औचक निरीक्षण किया। रोड़वेज़ पर स्थावित रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर किये जाने तथा महिला कक्ष हेतु महिला सुरक्षा कर्मी की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन पर स्थापित रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि इंसुलेशन के दृष्टिगत गद्दों के नीचे पुआल बिछ्वा दें तथा उपयुक्त स्थान पर रैन बसेरे से सम्बन्धित बोर्ड भी स्थापित करा दिया जाय। रेलवे स्टेशन के पश्चात डीएम ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय में स्थापित रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव व नायब तहसीलदार सुरेन्द्र प्रसाद यादव मौजूद रहे।

**और बेहतर व्यवस्था बनाने के दिये निर्देश**



### गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों व मुसाफिरों को डीएम ने बांटा कम्बल

अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुॅचाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बुधवार को देर रात्रि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर नगर क्षेत्र में जलाये गये अलावों को देखा तथा इस दौरान मरीमाता मन्दिर, रोडवेज़, महर्षि बलार्क चिकित्सालय, रेलवे स्टेशन तथा घण्टाघर चौराहे पर गरीब मुसाफिरों, रिक्शा चालकों, जरूरतमंदो को कम्बल ओढ़ाया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में अलाव प्वाईन्ट्स को बढ़ा दिया जाय।

# छात्रों ने शिक्षक पर चाकू से किया हमला, मेडिकल कॉलेज रेफर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नवयुग इंटर कॉलेज के शिक्षक ने दो दिन पूर्व विद्यालय में छात्रों से मोबाइल छीन लिया। इससे नाराज छात्रों ने गुरुवार को स्कूल पहुंचे शिक्षक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शिक्षक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा में नवयुग इंटर कालेज का संचालन होता है। इंटर कालेज में गोपिया और गायघाट निवासी कक्षा 11 के छात्र पढ़ाई करते हैं। जबकि राजेंद्र कुमार वर्मा शिक्षक हैं। दो दिन पूर्व दोनों छात्रों को हाथ में कक्षा में मोबाइल चलाते शिक्षक राजेंद्र ने देख लिया। इस पर शिक्षक ने अनुशासन का हवाला देकर मोबाइल छीन लिया। इससे दोनों छात्र नाराज हो गए। गुरुवार को शिक्षक के क्लास में पहुंचने पर छात्रों ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य छात्रों और शिक्षकों की मदद से घायल शिक्षक को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक गोपिया निवासी कुरैशी छात्र ने चाकू उपलब्ध कराया है। दोनों नाबालिक हैं। घायल के परिवार के लोगों ने थाने में तहरीर दी है। इस मामले में थानाध्यक्ष आरके पांडेय को फोन लगाया गया तो उनके मोबाइल पर घंटी बजती रही। उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



# परिवार नियोजन साधनों की आपूर्ति को सक्षम बनायेंगे फार्मासिस्ट

- उम्मीद परियोजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- दम्पतियों को समय से मिलेंगी सेवाएं
- मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में आयेगी कमी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (एफपीएलएमआईएस) पर गुरुवार को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय होटल में किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन और मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के फार्मासिस्टों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/परिवार नियोजन नोडल अधिकारी डॉ. एस.के. गौतम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरजू खान और मोबियस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार की उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण का संचालन अवनीश कुमार, स्मिता शुक्ला, साफिया, और अभिषेक पाठक ने किया। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता में मांग और आपूर्ति प्रबंधन का विशेष महत्व है। यह प्रशिक्षण फार्मासिस्टों को एफपी लॉजिस्टिक्स के कुशल प्रबंधन में सक्षम बनाएगा, जिससे सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीआईवीएचएसएनडी के दौरान एफपी लॉजिस्टिक्स का भी अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए।परिवार नियोजन नोडल अधिकारी डॉ. एस.के. गौतम ने फार्मासिस्टों को एफपीएलएमआईएस पोर्टल का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने, बफर स्टॉक बनाए रखने, और आशा–एएनएम के साथ लॉजिस्टिक्स की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन से मातृ मृत्यु दर में 30प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। इसके लिए गर्भावस्था जांच के साथ अस्थायी साधनों की जानकारी और परामर्श आवश्यक है। मोबियस फाउंडेशन के प्रभात कुमार ने उम्मीद परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और परिवार नियोजन परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान पुरुष नसबंदी पखवाड़ा, कंडोम बॉक्स की उपलब्धता और विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन साधनों की स्थिति पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में फार्मासिस्टों को बीपीएम, बीसीपीएम और स्वयं की भूमिकाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि हर स्तर पर परिवार नियोजन सामग्री उपलब्ध हो। इस अवसर पर एआरओ दीपक पांडेय, एफपीएलएमआईएस प्रभारी राकेश गुप्ता, और जिले के सभी फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

### क्या है एफपीएलएमआईएस

प्रशिक्षक व एफपीएलएमआईएस के मंडलीय समन्वयक अवनीश कुमार ने बताया कि एफपीएलएमआईएस एक प्रभावी ऑनलाइन पोर्टल है, जो परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत आवश्यक सामग्रियों की मांग, वितरण और बफर स्टॉक की निगरानी में सहायता करता है। यह पोर्टल फार्मासिस्टों को सामग्री का समयबद्ध तरीके से इंडेंट और वितरण करने में सक्षम बनाता है, जिससे किसी भी स्तर पर सामग्री की कमी नहीं होती। इसके माध्यम से, सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कंडोम, गर्भनिरोधक गोलियां, अंतरा इंजेक्शन, और अन्य महत्वपूर्ण सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। साथ ही, पोर्टल पर उपलब्ध डेटा के आधार पर प्रशासन को त्वरित निर्णय लेने में मदद मिलती है।

# दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

- खेल में धैर्य और अनुशासन ही जीत की पूंजी है : कृष्ण लाल श्रीवास्तव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

गायत्री विद्यापीठ इंटर कॉलेज रिसिया में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता समापन हुई। कॉलेज के प्रबंधक कृष्ण लाल श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में धैर्य और अनुशासन से ही व्यक्ति सफल हो पाता है और खेलों में भी धैर्य और अनुशासन ही जीत की पूंजी है। एक अच्छा खिलाड़ी खेल में आई हुई कठिनाईयों से उभरकर जीत का वरण करता है और ऐसे ही जीवन में खेलों जैसी जीवटता रखने वाला व्यक्ति कभी हारता नहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिव्य दर्शन तिवारी ने विजय छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल के अभ्यास से मनुष्य का चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है।



क्रीडा प्रभारी शिक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि दूसरे दिन कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, 100 मी, 200 मी दौड़, कबड्डी एवं खो-खो का कार्यक्रम संपन्न कराया जिसमें उत्कृष्ट बालक वर्ग में आशीष यादव एवं बालिका वर्ग में आसमा ने अपना प्रतिभावान प्रदर्शन किया। कॉलेज की प्रधानाचार्या रीति श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद देते हुए छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. मुरारी लाल श्रीवास्तव, डॉ मुकेश चंद्र श्रीवास्तव, आनंद कुमार श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, नंदन श्रीवास्तव, सरिता मौर्य, विजय कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज का मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चंद्रा ने औचक निरीक्षण किया। महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे सीएमओ नवीन चंद्र द्वारा अस्पताल परिसर का गहनता से निरीक्षण किया तथा बच्चा वार्ड प्रसव रजिस्टर महिला वार्ड एक्सरे वार्ड का निरीक्षण किया।

डॉक्टरों के साथ बैठककर आवश्यक दिशा निर्देश दिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी वार्डों का निरीक्षण किया। कर्मचारी और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर के साथ बैठक कर उन्हें बताया कि आने वाले हर मरीज को शासन के मंशा अनुसार इलाज मिले और वह सही हो सभी डॉक्टर अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक और कर्तव्य निष्ठा के साथ करें। वहीं सीएमओ के निरीक्षण में डॉक्टर अनुज अनुपस्थित मिले जिस पर सीएमओ द्वारा कार्रवाई की बात कही गई ।वही इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर प्रजेश कुमार श्रीवास्तव सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी मौजूद मौजूद रहे।

## बंटवारे को लेकर हुआ विवाद, दंपति घायल

**बछरावां रायबरेली।** जमीनी बंटवारे को लेकर आए दिन परिवार में ही विवाद बढ़ते जा रहे हैं, मामूली सी बात को लेकर भतीजे ने अपनी चाची को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत थुलेडी गाँव निवासी रामू पुत्र मोहन एवं राजेश्वरी पत्नी रामू ने थाने पहुंचकर अपने भतीजे व भाभी के खिलाफ तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया है घर के बंटवारे को लेकर कई बार विवाद हो चुका है। मामूली बात को लेकर भतीजा एवं जेठानी के द्वारा लाठी और डंडे लेकर हमला कर दिया गया। जिसमें मुझे और मेरे पति को गंभीर चोटे आई है। जिसकी शिकायत मैंने बछरावां थाने में दर्ज कराई गई है। वही पुलिस द्वारा घायलो को इलाज व मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

# बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बछरावां मंडल में बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय रॉय ने शिरकत की। इस समारोह में बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया गया और उनके योगदान की सराहना की गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संजय रॉय ने कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके प्रयासों से पार्टी को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता व बछरावां मंडल चुनाव अधिकारी शरद सिंह ने की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, हरिकृष्ण पांडे, वीरेंद्र गौतम हरिओम चतुर्वेदी, मनीष गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अमित चौधरी, अखिलेश कुमार शाहिद भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# ढोल-नगाड़े के साथ निकाली गई उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता रैली

**डीह रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




विद्युत विभाग की अनोखी पहल देखी गई ढोल-नगाड़े के साथ रैली निकालकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। रैली में बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल मौजूद रहा अवर अभियंता डीह विद्युत विभाग की अनोखी पहले उपभोक्ताओं को खूब रास आई। ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई उपभोक्ता जागरूकता रैली उपखंड अधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह अवर अभियंता केमें रैली के माध्यम से उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया जागरूक विद्युत बकाया में भारी छूट रैली पावर हाउस डीह से निकलकर रोखा कस्बा भ्रमण किया डीह पावर हाउस वापसी की गई रैली में विपिन कुमार फूल सिंह शिव हर्ष सुरेश कुमार सभी विद्युत कर्मचारी मौजूद रहे।

# रोजाना सबसे तेज! घर तक!

- रोज़ाना रूरल कॉमर्स स्टार्टअप ने सुपर स्टोर का किया उद्घाटन
- रोजाना, ग्रामीण रिटेल में ला रहा हैं क्रांति

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




बृहस्पतिवार को प्रोफेसर सिद्धार्थ शंकर पूर्व विधायक, (जेएनयू) से पीएचडी, रायबरेली जनपद जेल रोड में स्थित रोजाना सुपर बाज़ार के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुये, सिद्धार्थ शंकर द्वारा रोजाना स्टोर का फीता काट कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन किया गया। रोजाना के निदेशक अद्वैत विक्रम सिंह द्वारा बताया गया की रोजाना भारत की सबसे तेजी से बढ़ती ग्रामीण ई-कॉमर्स कंपनी है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली 70-80त्न आबादी को ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा देने के लिए समर्पित है। रोजाना वर्तमान में मुख्यतः उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा राज्य में परिचालित है। उत्तर प्रदेश के 10 जनपदों के 100 विकासखंडों के 15,000 से अधिक गांवों में परिचालन के साथ दिन प्रति दिन अपने आयामों को बढ़ा रहा है।

इसी क्रम में रोजाना का सुपर बाजार रायबरेली में खोला गया है जिसमें किराने के सामान, फुटवेयर, घरेलू सभी समान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। जहां कस्टमर आकार अपनी पसंद का समान क्रय कर सकते है। साथ ही रोजाना इन एप के माध्यम से घर से ऑर्डर बुक कर अपने उत्पादों को फ्री डिलिवरी के साथ मांगा सकते है। समान की डिलिवरी दूरी के अनुसार 15 मिनट से लेकर एक घंटे में डिलीवर किया जाता है। सिद्धार्थ शंकर द्वारा कहा गया कि रोजाना अब ग्रामीण यूपी में 1000 से अधिक लोगों को रोजगार देता है और 15000 से अधिक ग्रामीण स्तर के उद्यमियों के साथ काम करता है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं हैं, ताकि 10 लाख से अधिक परिवारों को उत्पाद पहुंचाएं जा सकें। रोजाना जैसी कंपनियों को समर्थन देना यूपी सरकार का प्राथमिक फोकस है। ऐसी कंपनियां ग्रामीण भारत में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में मदद करेंगी। रोजाना द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय विक्रेताओं, कारीगरों और उद्यमियों को एक मंच प्रदान करने का कार्य कर रहा है साथ ही स्वयं सहता समूह की महिलाओं को रोजगार एवं उनके उत्पादो को बाज़ार उपलब्ध कराता है यह एक सराहनीय प्रयास है इससे रायबरेली क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा एवं रोजगार के नये अवसर युवाओ को मिलेगे ।

## खबरें एक नजर में

### स्वास्थ्य शिविर आज

**लालगज रायबरेली।** कस्बे के आचार्य नगर स्थित बालाजी क्लीनिक में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता वर्मा महिलाओं संबंधी सभी रोगो का उपचार करेगी। आयोजको ने बताया कि शिविर में बीपी, शुगर ,हीमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच भी की जायेगी।

### मुंबई ऑटो पार्ट्स का हुआ शुभारंभ



**महराजगंज, रायबरेली।** मुंबई ऑटो पार्ट्स का हुआ शुभारंभ प्रोपराइटर फिरोज खान उर्फ पिंटू ने बताया कि हमारे यहां बाइक से संबंधित सभी प्रकार के पार्ट्स उचित मूल्य पर मिल जाएंगे किसी भी ग्राहक को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा जो सामान लाने के लिए रायबरेली और लखनऊ जाते थे वह सामान अब आपको महराजगंज रायबरेली रोड पर महराजगंज कस्बे मे मुंबई ऑटो पार्ट्स पर मिल जाएगा। इस मौके पर शकील डीआरपी शमशाद प्रवेश कुमार राजेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अंतरजनपदीय गैंग का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

- पुलिस ने लूटी गई सम्पत्ति शत-प्रतिशत बरामद की

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**






दिनांक 10.11.2024 को थाना क्षेत्र उतरौला की वादिनी मुकदमा कान्ती देवी उम्र करीब 55 वर्ष पत्नी मुलकराज निवासी ग्राम तिलखी बढ़या थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर, जो अपने धान के खेत की तरफ जा रही थी, से दिन में 12.30 बजे मोटर साइकिल सवार दो बदमाशो ने उनके कान का कुण्डल व जेवरात आदि उक्त बुजुर्ग महिला को चोट पहुंचा कर छीनकर लूट की घटना कारित किया था, जिसके संबंध में थाना कोतवाली उतरौला पर मुअसं. 239/2024 धारा 309(6) बीएनएस का अभियोग तत्काल पंजीकृत किया गया था व दिनांक 08.12.2024 को थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र में महिला को घायल कर कान का कुण्डल छीनने की घटना के संबंध में मुअसं. 130/2024 धारा 309(6), 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा थाना कोतवाली उतरौला अन्तर्गत हुई महिला से लूट की घटना में सलिंप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में घटना का सफल अनावरण किया गया। थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे, उपनिरीक्षक मनीष कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक सुरेश सिंह, कांस्टेबल लक्की यादव, कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विशाल द्विवेदी, कांस्टेबल अरविन्द यादव, कांस्टेबल आशीष विश्वकर्मा, कांस्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल सिकन्दर चौहान, कांस्टेबल नीरज कुमार द्वारा थाना कोतवाली उतरौला पर पंजीकृत मुअसं. 239/2024 धारा 309(6) बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आए अभियुक्तगण आजाद पुत्र कमाल व मोहम्मद नफीस पुत्र मुसई निवासीगण खम्हौवा विशनापुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को उतरौला महुवाधनी से मोहनजोत की तरफ जाने वाली पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के जेवरात बरामद किये गये तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल भी बरामद की गयी। अभियुक्तगण द्वारा थाना गैड़ास बुजुर्ग की 08.12.24 की घटना व थाना छपिया जनपद गोण्डा की दिनांक 12.11.2024 की घटना करना भी स्वीकार किया गया तथा उक्त घटना से संबंधित जेवरात की बरामदगी की गयी। अभियुक्तगण द्वारा कुछ सामान अनिल कुमार पुत्र स्वर्गीय राम निवास निवासी मेजर चौराहा नई बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर को बेचा गया। उक्त सोनार को लूटी गयी सम्पत्ति को खरीदने के अपराध में संलिप्त पाते हुए गिरफ्तार किया गया तथा उक्त सामान बरामद किया गया।

## ऑटो की टक्कर से छात्रा घायल

**डलमऊ रायबरेली।** स्कूल में छुट्टी होने के बाद वापस घर जा रही छात्रा को एक तेज रफ्तार ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। राजी रन एंबुलेंस की मदद से घायल छात्रा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ ले जाया गया। स्कूल से पढ़कर वापस घर जा रही छात्रा संध्या यादव पुत्री जगराम यादव निवासी कुलिया पुर डलमऊ कस्बे के शांति मनोहर इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा है। छुट्टी के बाद वह स्कूल से वापस अपने घर जा रही थी जैसे ही वह मोहन नगर पखरौली कोल्ड स्टोर मोड़ के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार से आ रही अल्टो कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल छात्रा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को घर भेज दिया।

# ग्रामीणों ने तटबन्ध निर्माण कराने की मांग की

- हर वर्ष भीषण बाढ़ से सैकड़ों घरों में घुसता है पानी

**महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**





बलरामपुर भड़रिया तटबंध एक बार फिर चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि यह तटबंध जनप्रतिनिधियों के लिए वरदान साबित हो रहा है, चुनाव आते ही पक्ष हो या विपक्ष, सांसद हो या विधायक हर जुबां पर तटबंध को लेकर चर्चाएं होती हैं।

बताते चलें कि बलरामपुर से लेकर जनपद सिद्धार्थनगर के भड़रिया तक इस जनपद की सीमा है उतरौला विधान सभा का अंतिम गांव रसूलाबाद है इसी गांव से सटा हुआ दुसरा गांव भड़रिया है जो कि सिद्धार्थ नगर में आता है इस नाते बलरामपुर भड़रिया तटबंध कहा जाता है। राप्ती के कछार में बसे हुए सैकड़ों गांव बाढ़ की विभीषिका से तबाह हो चुके लोगो को मानो वरदान मिल गया हो जब यूपी सरकार मे बैठी मायावती ने बलरामपुर से भड़रिया तटबंध बनाए जाने की घोषणा की। लोगो के चेहरे पर खुशी झलकने लगी यह बात वर्ष 2010 की है, कार्य प्रारंभ हो गया। 67 किमी लंबा तटबंध पूरा भी हो गया, किंतु बीच बीच में कही रेगुलेटर लगाने के लिए, कही किसी और कारण से गैप छोड़ दिया गया जो आज तक नही बनाया गया। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस तटबंध को लेकर जन प्रतिनिधियों से बनवाने की मांग कर रहे हैं, कई नेताओं ने वादा तो किया किंतु किसी ने पूरा नहीं किया। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में आई बाढ़ ने किसानों के फसलों के साथ साथ उनके हौसले भी पस्त कर दिए क्योंकि लोगों के घरों में पानी, घुस गया था जिससे भुखमरी की स्थिति बन गई पशुओं के चारे-पानी में सड़ चुके थे इस दौरान एक कार्यकर्ता मीटिंग के दौरान गोंडा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया और विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा ने क्षेत्र वासियों से वादा किया था कि बरसात के पूर्व ही तटबंध हर हाल में बनवा दिया जाएगा, बरसात आ भी चुका लेकिन तटबंध की स्थित आज भी जस की तस हैं। 67 किलोमीटर लंबी तटबंध मे सैकड़ों जगह लम्बी लम्बी गैपिंग है। अल्लीपुर के पास, ऐलनपुर अतीक अहमद के खेत के पास बड़ा गैप, मिलौली बाघाजोत में शमशान घाट से लेकर राधे श्याम मौर्या के खेत तक काफी लम्बा गैप छोड़ दिया गया है ऐसे ही महुआ धनी जगमोहन यादव के घर से सुराहिया देयुर गांव तक, लल्लू प्रजापति के खेत से वंशी गुप्ता के घर तक गैप, 10मीटर से लेकर 500मीटर या इससे अधिक लंबे गैप इस तटबंध मे है, इस आधे अधूरे तटबंध के निर्माण की मांग जनता करती है और आधिकारी मरम्मत कार्य दिखा कर लाखो की कमाई कर जाते है। उपरोक्त जानकारी माधव शरन श्रीवास्तव, जनक राम वर्मा, शाह मोहम्मद, सांवल प्रसाद, रामू यादव, राम वरन वर्मा, अली हसन, जैनुल्लाह, विजय पाल, राज मणि आदि लोगों ने बताया उन्होंने यह भी बताया कि उपरोक्त किसानों का जमीन तटबंध के लिए क्यायर तो कर लिया गया किंतु मवाबजा के नाम पर फूटी कौड़ी भी नहीं मिली। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तटबंध बनवाने की मांग की है तथा आने वाले दिनों में तहसील दिवस में जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे बात न बनने पर धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

# बजाज एनर्जी लिमिटेड के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

- 23 ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




बजाज एनर्जी लिमिटेड उतरौला बलरामपुर के तत्वाधान पर आज दिनांक 11/12/24 को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ यूनिट हेड निशांत श्रीवास्तव, पी के त्रिपाठी (जीएम-एचआर), केपी सिंह डॉ आकांक्षा शुक्ला द्वारा किया गया। जिसमें 23 रक्तवीर ने रक्तदान कर समाजसेवा का एक मिसाल प्रस्तुत किया है।

इस मौके पर शिविर संयोजक निशांत श्रीवास्तव (यूनिट हेड ने बताया कि हम सभी को नियमित रूप से रक्तदान में सहभाग करना चाहिए। शिविर में बजाज एनर्जी लिमिटेड से डॉ विक्रमादित्य, वैभव सिंह, साजन सिंह, सुनील यादव आदि ने रक्तदान में सहयोग किया।

**23 रक्तदाताओं का नाम:** रक्तदान शिविर में रक्त केन्द्र संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर के मेडिकल टीम में डॉक्टर आकांक्षा शुक्ला, डॉ एसपी विश्वकर्मा, काउंसलर हिमांशु तिवारी,लैब टेक्नीशियन अशोक, अमरीश सिंह, स्टाफ नर्स अंजली सिंह, विकास सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कथावाचिका साध्वी रोहिणी शास्त्री ने नारद मुनि का वर्णन किया, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**सादुल्लानगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय क्षेत्र के छितलूपुर सराय खास में स्थित आदि शक्ति मां दुर्गा माता मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय सतचंडी महायज्ञ के छठवें दिन कथावाचिका साध्वी रोहिणी शास्त्री ने नारद मुनि का वर्णन किया जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए।

उन्होंने बताया कि पौराणिक कथाओं के मुताबिक नारद जी ने भगवान विष्णु को श्राप दिया था। नारद जी को एक राजकुमारी से प्यार हो गया था और उन्होंने उसे लुभाने के लिए भगवान विष्णु से मदद मांगी थी। भगवान विष्णु ने नारद जी को सबक सिखाने के लिए उन्हें बदसूरत रूप में बदल दिया था। नारदजी को यह नहीं पता था कि भगवान विष्णु ने उन्हें बदसूरत बना दिया है। नारदजी स्वयंवर में गए और वहां विश्वमोहिनी ने भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल दी। नारदजी को बहुत गुस्सा आया और उन्होंने भगवान विष्णु को स्त्री वियोग का श्राप दे दिया। इस लिए कहा जाता है कि नारदजी के इसी श्राप के कारण ही त्रेतायुग में भगवान राम को माता सीता से वियोग सहना पड़ा था। इस अवसर पर राजू उपाध्याय, राम सागर वर्मा एडवोकेट, राकेश उपाध्याय, दिलीप कुमार वर्मा एडवोकेट, अरुण कुमार वर्मा, सतीश कुमार सिंह, ब्रह्म देव वर्मा, राम देव यादव, राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय, बोरिंग शर्मा, डॉक्टर संदीप कुमार वर्मा, चरण सिंह मौर्य, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, राम जनक वर्मा,मनोज कुमार यादव, रामदेव यादव, गोविंद वर्मा, संतोष कुमार गुप्ता, विनोद कुमार रस्तोगी, कल्लू शर्मा सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# टीबीमुक्त पंचायत एवं फैमिली केयर गिवर का प्रशिक्षण संपन्न

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



गैड़ास बुजुर्ग ब्लाक सभागार में गुरुवार को क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त पंचायत और फैमिली केयर गिवर का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) इंद्रावती वर्मा ने की। उन्होंने टीबी उन्मूलन के प्रयासों की महत्ता पर जोर दिया और बताया कि टीबी मुक्त पंचायतों के निर्माण में सभी का सहयोग आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षक बीसीपीएम त्रिलोकी नाथ और सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अजीत कुमार ने टीबी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने टीबी के लक्षण, इलाज, और टीबी के संबंध में फैल रही भ्रांतियों को दूर किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के लिए एक हजार की आबादी पर तीस व्यक्तियों का टीबी जांच किया जाएगा। अगर कोई टीबी का केस नहीं मिलता है तो पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया जा सकता है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. शोएब अहमद ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो बैक्टीरिया से फैलता है। हालांकि, इसका इलाज संभव है और सभी सरकारी संस्थानों में इसकी जांच और इलाज पूरी तरह से निशुल्क उपलब्ध है। निश्चय पोर्टल के माध्यम से टीबी के मरीजों को एक हजार रुपये प्रतिमाह की पोषण राशि भी दी जाती है, जिससे उनका इलाज और देखभाल बेहतर हो सके। खंड विकास अधिकारी इंद्रावती वर्मा ने बताया कि क्षेत्र की मलमलिया, मस्जिदिया, जिगना घाट, सिसहना और भितवारिया सहित पांच ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। अब शेष 37 ग्राम पंचायतों को भी सभी के सहयोग से टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत हनुमान प्रसाद, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार यादव, इसरार अहमद और पंचायतों के सचिव व प्रधान भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों को इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। सभी को जागरूक किया गया कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुरक्षित रखना आवश्यक है, बल्कि समाज को भी इससे मुक्त करना जरूरी है।

# नशे के खिलाफ कदम

देश में नासूर बनते नशे के खिलाफ अभियान में यदि 114 वर्षीय धावक फौजा सिंह प्रेरक पदयात्रा कर सकते हैं तो ऊर्जावान युवा-बुजुर्ग क्यों नहीं। 'नशा मुक्त-रंगला पंजाब' अभियान के अंतर्गत निकाले गए नशा विरोधी मार्च में मंगलवार को मैराथन धावक फौजा सिंह के साथ ही पंजाब के राज्यपाल अस्सी वर्षीय गुलाब चंद कटारिया की आठ किलोमीटर की पैदल यात्रा सुर्खियों में रही। निश्चित रूप से पंजाब सरकार की पहल अनुकरणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी बड़ा सामाजिक बदलाव का आंदोलन व्यापक जन भागीदारी से ही सिरे चढ़ सकता है। आज पंजाब समेत देश के अन्य राज्यों में युवा पीढ़ी जिस भयावह तरीके से नशे के दलदल में धंसती जा रही है, वह राष्ट्र के लिये एक गंभीर चुनौती है। जिसका मुकाबला सरकारों के साथ आम आदमी के जुड़ाव से ही संभव है। निश्चित रूप से ऐसी पदयात्रा सिर्फ राजनीतिक निहितार्थों और प्रतीकात्मक रूप से आयोजित नहीं होनी चाहिए। ऐसे अभियान को आंदोलन का रूप देकर इस तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही इस तरह के अभियानों से हासिल उपलब्धियों का मूल्यांकन भी जरूरी है। निस्संदेह, औपचारिकताओं के निर्वहन और मीडिया में सुर्खियां बटोरना ऐसे आंदोलन का लक्ष्य तो कदापि नहीं हो सकता। राज्यपाल महोदय का यह कथन सोलह आने सच है कि इस मुद्दे पर बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही महिलाओं की इस आंदोलन में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। निस्संदेह, नशे के नश्तर से महिलाओं को मर्मांतक पीड़ा सहन करनी पड़ती है। अब चाहे पति हो या बेटा, नशे की लत लगने से पूरा परिवार ही संकट में आ जाता है। इसमें दो राय नहीं कि जब पंजाब की नारी शक्ति एकजुट होकर इस मुहिम का नेतृत्व करेगी तो पंजाब अपने स्वर्णिम दिनों की ओर लौट सकता है। निश्चित रूप से किसी राज्य या देश की जवानी का नशे के सैलाब में डूबना राष्ट्रीय क्षति ही है। इसके लिये नशे की आपूर्ति रोकने से लेकर प्रयोग तक पर नियंत्रण की राष्ट्रव्यापी मुहिम की जरूरत है। निस्संदेह, नशे के तेजी से बढ़ते शिकंजे से न केवल असामयिक मौतों, लाइलाज बीमारियों का खतरा बढ़ता है, बल्कि समाज में अपराधों का सिलसिला भी तेज हो जाता है। देखने में आया है कि बड़े अपराधों से लेकर चोरी छीनाझपटी की घटनाओं के मूल में नशाखोरी की भूमिका होती है। कई आपराधिक घटनाओं के मूल में उन कालेज जाने वाले छात्रों की भूमिका पायी गई है, जो नशे के लिये पैसा जुटाने के लिये अपराध की अंधी गलियों में उतर जाते हैं। यह जानते हुए भी यह रास्ता उनके जीवन को बर्बादी की राह पर ले जाता है। निश्चित रूप से समाज विज्ञानियों को भी व्यापक अध्ययन करना चाहिए कि क्यों नई पीढ़ी नशे की ओर तेजी से उन्मुख हो रही है। एक समय था कि पंजाब में आतंक फैलाने के खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिये सीमा पार से नशे की बड़ी खेप पंजाब भेजी जाती रही है। चरमपंथियों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिये भी इस षड्यंत्र को सुनियोजित तरीके पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों ने अंजाम दिया। हाल के दिनों में बीएसएफ ने पाकिस्तान की सीमा से लगते भारतीय इलाकों में ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों को गिराने की साजिशों पर लगाम लगायी है। निश्चित रूप से पहले कदम के रूप में सीमाओं को नशे की तस्करी से निरापद बनाने की जरूरत है। वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल उन काली भेड़ों को भी बेनकाब करने की जरूरत है जो नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रही हैं। साथ ही नशे से पीड़ितों को इस दलदल से बाहर निकालने के लिये नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना और पीड़ितों को मनोवैज्ञानिक उपचार देने की भी जरूरत है। निश्चित रूप से नशा पंजाब के लिये बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जिसके खिलाफ साझा लड़ाई से ही हम कामयाब हो सकते हैं। सही मायनों में यह स्थिति इस संवेदनशील सीमांत राज्य के लिये ही चुनौती नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय संकट की भी आहट है। केंद्रीय एजेंसियों व पंजाब के शासन-प्रशासन को मिलकर नशे के समूल नाश के लिये व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है।

# विपक्षी दल मतदाताओं से हार जाते हैं, दोष ईवीएम को

पंकज जगन्नाथ जायसवाल



1990 के दशक के दौरान चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने मतपत्र धोखाधड़ी से निपटने के महत्व को पहचाना। उन्होंने संभावित उत्तर के रूप में ईवीएम के विकास पर जोर दिया। जबकि राजनीतिक दलों ने चिंता व्यक्त की थी, लेकिन ईवीएम से छेड़छाड़ का समर्थन करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया है। हालाँकि, समस्या बनी हुई है। ईवीएम की शुरुआत से पहले, भारतीय चुनावों में वोट डालने के लिए मतपत्रों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता था। मतपत्रों का उपयोग समय लेने वाला था, बूथ कैप्चरिंग और मतपेटी में बदलावं जैसी गड़बड़ियों का खतरा था, गलत मार्किंग के कारण बड़ी संख्या में अवैध वोट होते थे, लंबी गिनती की कवायद, अधिक विवाद और देरी से परिणाम की घोषणा होती थी और यह एक पर्यावरण को हानि करने वाला और गैर-पर्यावरणीय तरीका था। 2017 में जब भारत के चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से ईवीएम मशीनों की हैकिंग या छेड़छाड़ साबित करने को कहा तो कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं कर पाया, जिससे यह साबित हो गया कि चुनाव हारने के बाद इंडी गठबंधन द्वारा लगाए गए आरोप महज मतदाताओं को धोखा देने और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में विश्वास की कमी पैदा करने का नाटक है। पहले, कागज मोड़ने और मतदाताओं द्वारा अपने स्टांप की जगह को थोड़ा बदलने के कारण कई वोट रद्द हो जाते थे। कई अनपढ़ व्यक्ति या कांपते हाथों ने अपने स्टांप को बॉक्स की सीमा पर या बाहर थोड़ा धकेल दिया, जिससे वोट अवैध हो जाते थे। विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक गुंडों और असामाजिक तत्वों ने बॉक्सों की अदला-बदली की। गिनती एक मैनुअल प्रक्रिया का उपयोग करके हुई, जिससे गलत गिनती की संभावना बढ़ जाती थी।

पहले, गांधी परिवार की कांग्रेस के लिए हर चुनाव में भारी बहुमत पाना सहज प्रक्रिया थी, लेकिन अब राहुल गांधी और अन्य वंशवादी दलों के लिए चुनाव जीतना एक दुःस्वप्न बन गया है। बढ़ती साक्षरता दर, राष्ट्रीय चिंताओं की बढ़ती समझ और कांग्रेस का असली चेहरा हमारे अद्भुत देश के लोगों को दिखाई दे रहा है। हालाँकि, गांधी परिवार और वंशवादी राजनीतिक दल वास्तविकता को स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं। वे मानते हैं कि राज्यों और राष्ट्र पर शासन करना उनका जन्मजात अधिकार है और जब 2014 के बाद से ऐसा नहीं हुआ है, तो वे तथ्यों पर विचार किए बिना तकनीकी रूप से बेहतर चुनावी प्रक्रियाओं और सरकारी संस्थानों को दोष देते हैं। महाराष्ट्र के मारकड़वाड़ी गाँव में मतपत्र से मतदान को लेकर जो नाटक हुआ, वह डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का अपमान है। किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति को स्वार्थी कारणों से संविधान का अनादर करने का अधिकार नहीं है।

**ईवीएम हैक क्यों नहीं किया जा सकताः-** अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो क्या सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली कांग्रेस ने पीएम उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी को 2014 के लोकसभा चुनाव में बहुमत से जीतने दिया होता? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है तो भाजपा, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 या उससे अधिक सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही थी, उसे केवल 240 सीटें ही क्यों मिलीं, जो 272 सीटों के साधारण बहुमत से भी कम है? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो भाजपा केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब और जम्मू कश्मीर में इतने बड़े अंतर से क्यों हारी। ये भाजपा के जीतने के लिए महत्वपूर्ण राज्य हैं। तार्किक रूप से, अगर हम इन सभी तर्कों पर विचार करते हैं, तो इंडी गठबंधन की झूठी कहानी विफलता को स्वीकार करने में असमर्थ प्रतीत होती है।

**ईवीएम को अपनाना क्यों आवश्यक थाः-** 1990 के दशक के दौरान चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने मतपत्र धोखाधड़ी से निपटने के महत्व को पहचाना। उन्होंने संभावित उत्तर के रूप में ईवीएम के विकास पर जोर दिया। जबकि राजनीतिक दलों ने चिंता व्यक्त की थी, लेकिन ईवीएम से छेड़छाड़ का समर्थन करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया है। हालाँकि, समस्या बनी हुई है। ईवीएम की शुरुआत से पहले, भारतीय चुनावों में वोट डालने के लिए मतपत्रों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता था। मतपत्रों का उपयोग समय लेने वाला था, बूथ कैप्चरिंग और मतपेटी में बदलावं जैसी गड़बड़ियों का खतरा था, गलत मार्किंग के कारण बड़ी संख्या में अवैध वोट होते थे, लंबी गिनती की कवायद, अधिक विवाद और देरी से परिणाम की घोषणा होती थी और यह एक पर्यावरण को हानि करने वाला और गैर-पर्यावरणीय तरीका था। 2017 में जब भारत के चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से ईवीएम मशीनों की हैकिंग या छेड़छाड़ साबित करने को कहा तो कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं कर पाया, जिससे यह साबित हो गया कि चुनाव हारने के बाद इंडी गठबंधन द्वारा लगाए गए आरोप महज मतदाताओं को धोखा देने और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में विश्वास की कमी पैदा करने का नाटक है। पहले, कागज मोड़ने और मतदाताओं द्वारा अपने स्टांप की जगह को थोड़ा बदलने के कारण कई वोट रद्द हो जाते थे। कई अनपढ़ व्यक्ति या कांपते हाथों ने अपने स्टांप को बॉक्स की सीमा पर या बाहर थोड़ा धकेल दिया, जिससे वोट अवैध हो जाते थे। विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक गुंडों और असामाजिक तत्वों ने बॉक्सों की अदला-बदली की। गिनती एक मैनुअल प्रक्रिया का उपयोग करके हुई, जिससे गलत गिनती की संभावना बढ़ जाती थी।

**ईवीएम के महत्वपूर्ण और ध्यान देने योग्य लाभः-** ईवीएम के साथ मतदान करना काफी सरल और मतदाता-अनुकूल है क्योंकि मतदाता को अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने के लिए केवल बीयू पर बटन दबाने की आवश्यकता होती है।

ईवीएम प्रणाली में कोई भी अवैध वोट नहीं होता है, हालांकि बैलेट पेपर प्रणाली के साथ, काफी संख्या में बैलेट पेपर अवैध हो जाते थे, और कुछ परिस्थितियों में, अवैध बैलेट पेपर की संख्या निर्वाचित उम्मीदवार के जीत के अंतर से अधिक हो जाती थी।

यह ऑडिट करने योग्य, पारदर्शी, सटीक, सुरक्षित है, और मानवीय त्रुटि को कम करता है।

यह कुछ घंटों में तेज़ परिणाम प्रदान करता है, जो कि भारत जैसे विशाल देशों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहाँ कई सौ हज़ार मतदाता हैं, जहाँ गिनती में कई दिन या हफ़्ते लगते थे।

ईवीएम मतदान से समय, ऊर्जा और धन की भी बचत होती है, लाखों पेड़ों की तो बात ही छोड़िए। पहले, करोड़ों बैलेट पेपर छापे जाते थे, जिसके लिए सैकड़ों टन कागज़ की ज़रूरत होती थी, और बैलेट पेपर का उत्पादन बहुत लंबे समय तक बड़ी संख्या में सरकारी प्रेस में किया जाता था, जिसके लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में सैकड़ों चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाते थे।

इसके अलावा, देश में मतदान के लिए आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रगति का अभिनव उपयोग भारतीय समाज की रचनात्मकता, आविष्कारशीलता और अग्रणी कौशल का पूर्ण समर्थन करता है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि और प्रतिष्ठा को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। जैसा कि स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, मतपत्रों और ईवीएम दोनों के साथ 7 दशकों से अधिक समय तक चुनाव कराने में संचित तुलनात्मक अनुभव का भार, साथ ही ईवीएम का उपयोग करने के कई स्पष्ट लाभ, ईवीएम को वोट डालने का पसंदीदा तरीका बनाते हैं।

मतपत्रों का उपयोग स्पष्ट रूप से एक पारंपरिक, पुरातन मतदान प्रक्रिया थी। मतपत्रों का उपयोग करने की पिछली प्रथा के साथ उपरोक्त मुद्दों को संबोधित करने के साथ-साथ तकनीकी सुधारों को बनाए रखने के लिए, ईसीआई ने 1977 में ईवीएम का विचार प्रस्तावित किया।

**ईवीएम पर विभिन्न न्यायालयों की प्रतिक्रियाः-** कर्नाटक उच्च न्यायालय और मद्रास उच्च न्यायालय दोनों ने कहा कि चुनावों में ईवीएम का उपयोग करने से पारंपरिक बैलट पेपर/बैलेट बॉक्स चुनाव प्रणाली की तुलना में महत्वपूर्ण लाभ हैं। मद्रास उच्च न्यायालय ने ईवीएम से छेड़छाड़ के किसी भी आरोप को स्पष्ट रूप से नकार दिया।

**मद्रास उच्च न्यायालय ने निम्नलिखित टिप्पणियाँ कीं:-** वायरस अंदर जाने का कोई जोखिम भी नहीं है क्योंकि ईवीएम की तुलना व्यक्तिगत कंप्यूटर से नहीं की जा सकती है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का ईवीएम से कोई लेना-देना नहीं है। कंप्यूटर में अपने इंटरनेट कनेक्शन के कारण अंतर्निहित सीमाएँ होंगी और डिज़ाइन के अनुसार, यह प्रोग्राम संशोधन की अनुमति दे सकता है, लेकिन ईवीएम स्वायत्त इकाइयाँ हैं और ईवीएम में प्रोग्राम मौलिक रूप से अलग है।

**महाराष्ट्र परिणामः-** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बारे में हाल ही में इंडी गठबंधन द्वारा लगाए गए आरोपों की कई स्थानों पर जांच की गई है, जैसा कि हारे हुए उम्मीदवार ने मांग की थी, और वीवीपीएटी पर्चियों और डाले गए वोटों का मिलान बिल्कुल सही पाया गया है। हालांकि, राहुल गांधी, शरद पवार और अन्य इंडी गठबंधन के नेता अभी भी हार को पूरी तरह से स्वीकार किए बिना इसे मुद्दा बना रहे हैं। हमारे देश के लोग ऐसे किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेंगे जो पूरी तरह से फर्जी हो और संविधान का उल्लंघन करता हो। यह समय है कि गांधी परिवार और अन्य राजवंशों को केवल वोट बैंक के बजाय लोगों के कल्याण के लिए वास्तव में चिंतन और प्रयास करना चाहिए। झूठे आख्यानों का उपयोग करने के बजाय ऊर्जा को निर्देशित करने का यह सबसे प्रभावी तरीका है। आइए हम मतदाताओं की बुद्धिमत्ता पर विश्वास करें और लालची जरूरतों के लिए काम करना बंद करें।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

विचार

# विवादास्पद हुआ अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अपने बेटे को क्षमादान देने का मामला

*कल्याणी शंकर*

पिछले सप्ताह, अमेरिका और दुनिया भर के लोग इस खबर से स्तब्ध थे कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे हंटर बाइडेन को क्षमादान दे दिया है। यह क्षमादान विवाद महत्वपूर्ण था। क्षमादान यह सुनिश्चित करता है कि हंटर को उसके कथित अपराधों के लिए सजा नहीं दी जायेगी और वह जेल नहीं जायेगा। उसके मामलों को संभालने वाले न्यायाधीश संभवतरू बंदूक मामले के लिए 12 दिसंबर और कर मामले के लिए 16 दिसंबर को निर्धारित सजा सुनवाई को रद्द कर देंगे। बाइडेन अब राष्ट्रपति कार्यालय के लिए राजनीतिक दौड़ में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने गत जून में राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने से पहले अपने बेटे को क्षमा न करने की प्रतिज्ञा की थी। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति द्वारा क्षमादान ने अक्सर विवाद को जन्म दिया है। हालांकि, कुछ निर्णय- जैसे कि राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा अपने बेटे को क्षमादान देना- दूसरों की तुलना में अधिक आलोचना का कारण बने।

संवैधानिक रूप से, राष्ट्रपति क्षमादान दे सकते हैं, एक ऐसी शक्ति जिसका उपयोग पिछले राष्ट्रपतियों ने किया है। परंपरागत रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति पद छोड़ते समय क्षमादान देते हैं। हालांकि, जो बाइडेन द्वारा अपने बेटे को पूर्ण और बिना शर्त क्षमादान देने से इस मुद्दे में जटिलता और सार्वजनिक जांच की एक परत जुड़ गयी है, एक ऐतिहासिक संदर्भ जिसे जनता के लिए समझना महत्वपूर्ण है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि जो बाइडेन ने ऐसा क्यों किया। जो बाइडेन ने अपने जीवन में कई कठिनाइयों का सामना किया है। उन्होंने महत्वपूर्ण व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना किया है। वह अपने बेटे को बचाने और सार्वजनिक आलोचना के बीच फंस गये थे। हर कोई जानता है कि वह अपने परिवार के प्रति वफादार है। उनकी छोटी बेटी और पहली पत्नी की एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गयी, जिसमें उनके बेटे ब्यू और हंटर भी घायल हो गये थे। बाइडेन चाहते थे कि ब्यू चुनाव लड़े, लेकिन दुर्भाग्य से ब्यू की 2015 में ब्रेन कैंसर से मृत्यु हो गयी। बाइडेन परिवार के संघर्षों पर इस फोकस का उद्देश्य जनता से सहानुभूति पैदा करना है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, बाइडेन की दूसरी पत्नी ने जो को अंतिम निर्णय लेने के लिए राजी किया। राष्ट्रपति की क्षमा के प्रति जनता की प्रतिक्रिया आलोचनात्मक और सहायक दोनों है। जबकि कुछ लोग इसे उचित मानते हैं, अन्य इसे उचित नहीं मानते। जनता की ओर से, साथ ही बाइडेन के पार्टी सहयोगियों की ओर से यह मिश्रित प्रतिक्रिया, इस मुद्दे को और जटिल बनाती है।

दोनों दलों के राष्ट्रपतियों ने अपनी क्षमा शक्ति का इस्तेमाल किया है, जिसने लोगों को चौंका दिया है। जॉर्ज वाशिंगटन ने कुछ लोगों को क्षमा करने के लिए शक्ति का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति अक्सर अपने मित्रों और सहयोगियों के लिए अपनी क्षमा शक्ति का इस्तेमाल करते हैं। एक विवादास्पद मामला पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का था, जिन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति गेराल्ड फोर्ड ने 8 सितंबर, 1974 को क्षमा कर दिया था। निक्सन को वाटरगेट घोटाले के लिए संभावित अभियोजन का सामना करना पड़ा। 1992 के अंत में, राष्ट्रपति जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश ने ईरान-कॉन्ट्रा मामले में फंसे छह लोगों को क्षमा कर दिया, जिनमें पूर्व रक्षा सचिव वेनबर्गर भी शामिल थे।बिल क्लिंटन, जिन्होंने यह कहने के बावजूद कि वह ऐसा नहीं करेंगे, अपने सौतेले भाई रोजर को कोकीन सम्बंधी आरोपों के लिए क्षमा कर दिया। इसी तरह, डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दामाद जेरेडकुशनर के पिता को कर चोरी और सहयोगी गवाह के खिलाफ प्रतिशोध के लिए माफ कर दिया। दोनों पहले ही अपनी जेल की सजा काट चुके थे। अपने पहले कार्यकाल के उत्तरार्ध के दौरान, ट्रम्प ने कई ऐसे व्यक्तियों को माफी दी जो गलत कामों में लिप्त थे। राहत महसूस कर रहे हंटर ने एक बयान में कहा, श्मैंने अपनी लत के सबसे बुरे दिनों के दौरान अपनी गलतियों को स्वीकार किया है और उनकी जिम्मेदारी ली है- ऐसी गलतियां जिनका इस्तेमाल मुझे और मेरे परिवार को राजनीतिक खेल के लिए सार्वजनिक रूप से अपमानित करने और शर्मिंदा करने के लिए किया गया है।

हंटर बाइडेन के खिलाफ मामला कई वर्षों तक चला, जिसमें कर अपराधों और बंदूक की तस्करी के आरोप शामिल थे। उन्हें जून में दोषी ठहराया गया और सितंबर में कर चोरी के लिए दोषी ठहराया गया। बाइडेन ने कहा कि- हंटर पर चुनिंदा और अनुचित तरीके से मुकदमा चलाया गया और बताया कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे। क्षमा का तत्काल प्रभाव यह है कि इससे डेमोक्रेट के लिए ट्रम्प की आलोचना करना कठिन हो जाता है। साथ ही, इसने ट्रम्प को 6 जनवरी की घटनाओं के लिए आरोपित लोगों को क्षमा करने का मौका दिया है। शुरुआत में हंटर को क्षमा न करने की घोषणा करने के बाद बाइडेन के मन में आये बदलाव के अपने कारण थे। उनमें से एक उनकी पत्नी थी, जिन्होंने बाइडेन को ऐसा करने के लिए राजी किया। उन्होंने कहा कि हंटर को केवल इसलिए चुना गया क्योंकि हंटर उनका बेटा था। राष्ट्रपति बाइडेन ने 25 व्यक्तियों को क्षमा किया है, जिनमें से कोई भी सीधे तौर पर उनसे जुड़ा नहीं है। आम तौर पर, राष्ट्रपति अपने कार्यकाल के अंत में कई क्षमा अनुरोधों को मंजूरी देते हैं। फिर भी, क्षमा राष्ट्रपति पद पर जनता के विश्वास को नुकसान पहुंचाती है। राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 20 जनवरी, 2001 को अपने कार्यकाल के अंतिम दिन 140 क्षमादानों पर हस्ताक्षर किये। कई विधिनिर्माता भविष्य के लिए संभावित खराब मिसाल के बारे में चिंतित हैं। समस्या को हल करने का एक तरीका संविधान में संशोधन करना हो सकता है। फिर भी, यह एक लंबी प्रक्रिया है, और किसी भी पार्टी के पास कांग्रेस में इसे पारित करने के लिए पर्याप्त संख्या नहीं है। आलोचकों का तर्क है कि यह एक खतरनाक मिसाल कायम कर सकता है और न्याय प्रणाली में जनता का भरोसा खत्म कर सकता है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने राष्ट्रपति को पद पर रहते हुए की गई कार्रवाइयों के लिए आरोपित करना अधिक कठिन बना दिया है। वे किसी भी संभावित दोष के लिए राष्ट्रपति को जवाबदेह ठहराने के रास्ते सीमित करते हैं।

क्षमादान शक्ति का दुरुपयोग माना जा रहा है, परन्तु हंटर की क्षमादान के बाद, राष्ट्रपति बाइडेन अपने सहयोगियों और अधिकारियों की सुरक्षा के लिए व्यापक क्षमादान देने पर विचार कर रहे हैं। व्हाइट हाऊस की प्रेस सचिव कैरिनजीन-पियरे ने कहा कि व्हाइट हाऊस छोड़ने से पहले, बाइडेन अतिरिक्त क्षमादान जारी करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अपने दूसरे कार्यकाल में, ट्रम्प ने घोषणा की कि वह बाइडेन के शपथ लेने के दौरान कांग्रेस में हुए 2021 के टकराव को क्षमा करेंगे। यदि वह जनता की राय का सम्मान करते हैं तो उन्हें क्षमादान देने से पहले सावधान रहना चाहिए।

साहित्य



## नयनों से नीर बहाओ न

**उज्जवल कुमार**

नयनों से नीर बहाओ न
साथ अपने मुझे रुलाओ न
है सफर बड़ी दूर का मेरा
घर की याद मुझे दिलाओ न
डोर जोड़ो न तुम प्रीत की
मुझको आदत अपनी बनाओ न
मैं हूँ मेहमान तेरे घर का
साथ घंटों मेरे बिताओ न
मैं हूँ एक समंदर सा गहरा
खुद को मुझमें तुम डुबाओ न
है मुश्किल अपना मिलन प्रिय
अब तुम पानी में आग लगाओ न





# राशिफल

**मेषः-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**वृषः-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मिथुनः-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। आलस्य का त्याग करें।

**कर्कः-** विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**सिंहः-** राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**कन्याः-** भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। परिवार में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**तुलाः-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृश्चिकः-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**धनुः-** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मकरः-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**कुंभः-** नकारात्मक चिंताओ को त्यागें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति के लिए मन पर दबाव बनाएंगी। आवेश में किये गये निर्णय से कष्ट संभव।

**मीनः-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

# कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रतिबंध

*प्रियंका सौरभ*

सोशल मीडिया लोगों के बीच बातचीत के ऐसे माध्यम को संदर्भित करता है, जिसके ज़रिए वे वर्चुअल समुदायों और नेटवर्क में जानकारी और विचारों का निर्माण, साझा और / या आदान-प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून पेश करने की घोषणा की है, जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने से रोकेगा। यह स्पष्ट है कि हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन बेहतर तरीके से सुरक्षित रखने की ज़रूरत है।

ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग का मानना है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना सही नहीं है। ऐसे प्रतिबंधात्मक विकल्प उपलब्ध हैं, जो बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने और सभी के लिए ऑनलाइन सुरक्षा में सुधार का तरीका निकाला जा सकता है। सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं को साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और ऑनलाइन शिकारियों सहित कई संभावित जोखिमों के संपर्क में लाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग स्वस्थ मस्तिष्क विकास, नींद और शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है। प्रस्तावित कानून एक सुरक्षित विकासात्मक वातावरण का समर्थन करता है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ताओं से बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं और बच्चे पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं कि उनका डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, उपयोग किया जाता है या उसका मुद्रीकरण किया जाता है। युवा उपयोगकर्ताओं के लिए पहुँच पर प्रतिबंध लगाने से गोपनीयता के उल्लंघन और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के शोषण को कम करने में मदद मिल सकती है।

पहुँच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में मदद करने के लिए बेहतर उपकरणों और संसाधनों की भी आवश्यकता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्यक्तियों और संगठनों को पारंपरिक प्रचार या शैक्षणिक तरीकों से बेजोड़ गति से जानकारी साझा करने और आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। सोशल मीडिया ने लोगों के बीच जानकारी साझा करने के तरीके को बदल दिया है। नतीजतन, यह निर्णय लेने में नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके सुशासन को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया के फायदों में से एक यह है कि यह सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। सोशल मीडिया ने नागरिकों और उनकी चुनी हुई सरकार और राजनेताओं के बीच की खाई को कम किया है, जिससे लोकतंत्र में अधिक भागीदारी हुई है।




गलत सूचना के प्रसार का मुद्दा सोशल मीडिया का सबसे बड़ा नुकसान बनकर उभरा है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग मस्तिष्क के उन हिस्सों को बदल सकता है जो भावनाओं और सीखने से सम्बंधित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021. सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिकायत निवारण और अनुपालन तंत्र स्थापित करने के लिए कहा गया है, जिसमें एक शिकायत अधिकारी, मुख्य अनुपालन अधिकारी और एक नोडल संपर्क व्यक्ति की नियुक्ति शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्ताओं से प्राप्त शिकायतों और की गई कार्यवाही पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है। इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप को संदेश के पहले स्रोत को ट्रैक करने के लिए प्रावधान करना होगा।

धारा 79 में कहा गया है कि किसी भी मध्यस्थ को उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध या होस्ट की गई किसी भी तीसरे पक्ष की जानकारी, डेटा या संचार लिंक के लिए कानूनी रूप से या अन्यथा उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। यदि मध्यस्थ, सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा सूचित या अधिसूचित किए जाने के बावजूद, प्रश्नगत सामग्री तक पहुँच को तुरंत अक्षम नहीं करता है, तो सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती है। एक व्यापक पारदर्शिता कानून की आवश्यकता है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा प्रासंगिक खुलासे को अनिवार्य बनाता है। इसके अतिरिक्त, सामग्री मॉडरेशन और सम्बंधित कार्य जैसे मानक सेटिंग, तथ्य-जांच और डी-प्लेटफ़ॉर्मिंग को शामिल किया जाना चाहिए। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के सम्बंध में माता-पिता को अपने बच्चों को डिजिटल उपकरणों तक पहुंच प्रदान करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए तथा उनके साथ स्वस्थ उपयोग के बारे में चर्चा करनी चाहिए।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम की अध्यक्षता में हुई खनिज फाउण्डेशन न्यास की बैठक संपन्न

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास, की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी जिसमें परिषद के सदस्य सांसद प्रतिनिधि, विधायक सदर महोबा राकेश कुमार गोस्वामी, विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, विधायक चरखारी प्रतिनिधि, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व महोबा, अधिशाषी अभियन्ता, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग महोबा, प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, महोबा, अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, महोबा, जिला विद्यालय निरीक्षक, महोबा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महोबा, जिला पंचायत राज अधिकारी, महोबा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महोबा अधिशाषी अभिन्यता निर्माण खण्ड-1 लोक निर्माण विभाग महोबा, ज्येष्ठ खान अधिकारी, सदस्य-सचिव, महोबा, खान निरीक्षक, महोबा एवं खनिज पट्टाधारक राम किशोर सिंह सदस्य, देवेन्द्र शर्मा सदस्य की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें उच्च प्राथमिकता एवं अन्य प्राथमिकता तथा प्रशासनिक मद में व्यय के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसमें उच्च प्राथमिकता, अन्य प्राथमिकता तथा प्रशासनिक मद के प्रस्तावों पर विचारोपरान्त सहमति प्रदान की गयी।

## मासूम समेत दो की मौत से हड़कंप, स्टील की टंकी में बच्चे की गिरकर मौत

मौदहा, (हमीरपुर)। क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में एक बच्चे सहित दो की मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। सिसोलर थाना क्षेत्र छानी गांव निवासी उपेंद्र का डेढ़ वर्षीय पुत्र आर्यन बुधवार की दोपहर खेलते खेलते घर में रखी पानी से भारी स्टील की टंकी में गिर गया बच्चों को पानी में उतराते देख मौजूद परिजनो ने पानी से निकाल आनन-फानन में कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। दूसरी घटना फरीदा बानो 50 वर्ष पत्नी मुबारक हुसैन इंगोहटा निवासी घर में सीढ़ियों से उतरते समय अचानक गिर गई बेहोशी की हालत में परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

गजब लघु डाल नहर

# काम किसी का, भुगतान दूसरे ठेकेदार को

▸ जांच में सहायक अभियंता की लापरवाही हुई उजागर, डीएम को सौपी जांच, जांच अधिकारी ने कहा- एई ने जांच में नहीं किया कोई सहयोग

**मामला गंभीर, कराएंगे जांचः एसई**

हमीरपुर। इस मामले में अधीक्षण अभियंता(एसई) प्रेमपाल सिंह का कहना है कि मामला पेंचीदा है, जो काम कराता है उसी को भुगतान करना चाहिये फिर भी वह इस मामले में जांच करायेंगे। विभागीय अभियंताओं के दफ्तर में न बैठने के मामले में एसई का कहना है कि वह शीघ्र ही दफ्तर का औचक निरीक्षण करेंगे ताकि वास्तविकता की जानकारी हो सके। एसई का कहना है कि किसानों की समस्याओं का हल हर हाल में होना चाहिये। जनता से मिलने का समय निश्चित है उसमें हर अभियंता को बैठना चाहिये।

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

लघुडाल नहर (लिफ्ट कैनाल) की भ्रष्टाचार की परत दर परत खुलती जा रही है। ठेकेदार से काम कराने के बाद सहायक अभियंता ने दूसरे ठेकेदार को भुगतान कर दिया है। डीएम के आदेश से हुई जांच में सहायक अभियंता को दोषी बताया गया है। यही नहीं जांच अधिकारी कहना है कि सहायक अभियंता से कई मर्तवा जांच के लिये अभिलेख मांगे मगर अभिलेख नही दिये गये है।

जानकारी के मुताबिक उजनेडी गांव निवासी ठेकेदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सहुरापुर पंप कैनाल में सहायक अभियंता सृष्टि चौहान ने उससे स्टोर रुम व अन्य काम करा लिया था, जिसमें उसका करीब बारह लाख रुपये खर्च हुआ था, इसके बाद सहायक अभियंता ने बिड दूसरे ठेकेदार के नाम एग्रीमेंट कर दिया जब इस मामले में उसने एतराज किया तो पूरा स्टाफ सहायक अभियंता का साथ देने लगा यही नहीं जांच में जेई ने लिखित रिपोर्ट दी थी कि काम ठेकेदार धीरेंद्र ने कराया है मगर इस बात को न तो एई मानने को तैयार है न ही एक्शियन। प्रताप की शिकायत से बौखलाये एक्शियन व एई ने दूसरे ठेकेदार के नाम एग्रीमेंट कर कई लोगों के नाम भुगतान कर दिया जो गैरकानूनी था। ठेकेदार ने इस मामले की शिकायत शासन के उच्चाधिकारियों के अलावा डीएम घनश्याम मीना से की। डीएम ने मामले की जांच मौदहा बांध के एक्शियन करनपाल सिंह व डीसी मनरेगा राघवेंद्र सिंह को सौपी,दोनो अधिकारियों ने मौके पर जांच की व मजदूरों से पूछताछ की तो सभी ने ठेकेदार धीरेंद्र प्रताप सिंह के पक्ष में बयान दिये, जिससे साबित हो गया है कि काम ठेकेदार धीरेंद्र ने ही कराया है, जांच अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में सहायक अभियंता सृष्टि चौहान से कई मर्तवा अभिलेख मागें हैं। मगर उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया है, जांच कमेटी ने डीएम को भेजी गयी रिपोर्ट में कहा है कि ठेकेदार धीरेंद्र द्वारा काम कराने के बाद भुगतान दूसरे ठेकेदार को दिया गया है यह सत्य है। जांच रिपोर्ट के बाद क्या होता है यह समय ही बतायेगा। इधर दफ्तर में एक्शियन व कोई भी अभियंता के न बैठने से किसानों को तमाम प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जब कि जिलाधिकारी इस मामले में एक्शियन शरद चौहान को हिदायत भी दे चुके है मगर उनकी चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### अनुज तिवारी द्वारा विशाल नेत्र परीक्षण आयोजन बेंदौ में कराया गया



**पनवाड़ी, महोबा।** अनुज तिवारी द्वारा विशाल नेत्र परीक्षण का आयोजन मां जनका बाई मार्केट आर्मी मेडिकल स्टोर में बाजार बेंदौ में श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट सतना मध्य प्रदेश द्वारा कैंप लगाया गया। कैंप में 160 मरीजों द्वारा अपने नेत्र परीक्षण कराए गए जिनमें से 29 मरीजों को मोतिया बिंद आ जाने के कारण 29 मरीजों को जानकी कुंड चित्रकूट के लिए रवाना किया गया वहीं पर 25 मरीज के नेता परीक्षण कर चश्मा दिए गए। अन्य मरीजों को दावों की जरूरत है उन्हें दवा मुफ्त में दी गई। जानकी कुंड चित्रकूट सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट से आए हुए डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. राम प्रताप पांडे, डॉ. गौरव तिवारी, डॉ. रामस्वरूप कार्यक्रम के आयोजन करता अनुज तिवारी बेंदौ महोबा भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा एव समाजसेवी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन कल

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 14 दिसंबर को मूसानगर रोड स्थित कैप्टन सुभाषित सिंह जनता महाविद्यालय में किया गया है। जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के अलावा नगर पालिका सीमा में रहने वाले पात्र जोड़ों के होने वाले सामूहिक विवाह की तैयारियां पूरे जोर शोर से शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पत्र जोड़ों का चयन कर शासनादेश को अमली जामा पहनाया जाने लगा है। स्थानीय स्तर पर लक्ष्मी भी निर्धारित किया गया है। घाटमपुर क्षेत्र में 215 हुए आवेदनों में 84 जोड़ो का चयन सामूहिक विवाह के लिए किया गया है। इसी तरह ब्लॉक क्षेत्र पतारा से 175 हुए आवेदनों में से 78 का चयन किया गया है। नगरपालिका सीमा से 23 जोडों का चयन किया गया है। ब्लॉक घाटमपुर, पतारा नगर पालिका द्वारा चयनित जोड़ों की शादी कैप्टन सुखवासी सिंह जनता महाविद्यालय में तथा भीतरगांव ब्लॉक क्षेत्र से हुए 175 आवेदनों में से 95 का चयन सामूहिक विवाह योजना में किए जाने के साथ नर्वल डाइड में सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। नव विवाहित जोड़ों को प्रदान की जाने वाली 10 हजार की उपहार सामग्री एवं कार्यक्रम आयोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं को किया जा चुका है।

### शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहरी में रोजगार मेले का आयोजन



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।** श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साँखाहरी घाटमपुर कानपुर नगर में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षित युवाओं को उनके कौशल और योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनियों मे बहुराष्ट्रीय कंपनी मेटा, पेटीएम, कल्पतरु, वल्करु, दैनिक अखबार, डिस्पोसेफ उत्कर्ष बैंक से संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। इस मेले में लगभग 250 सेअधिक नौकरियां के सापेक्ष 786 छात्र छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन किया। जिसमें लगभग 375 ने साक्षात्कार दिया जिसमें से। 295 युवाओं को चयनित किया गया। इस रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी निदेशक महाविद्यालय विकास परिषद छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर व डॉ अजय तिवारी प्लेसमेंट काउंसिल मेंबर विश्वविद्यालय कानपुर तथा डॉ प्रशांत त्रिवेदी, राहुल यादव, अभिषेक एवं कॉलेज प्रबंधक प्रबंधक विनय त्रिवेदी, एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी प्राचार्य डॉ. प्रणय कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक महाविद्यालय विकास परिषद छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के प्रोफेसर राजेश द्विवेदी ने कहां की इस कॉलेज में स्नातक स्तर पर पढ़ रही छात्राओं ईशा यादव, अनुष्का तिवारी और स्नेहा द्वारा रोजगार मेला के इतने बड़े कार्यक्रम का संचालन करना उन्हें बहुत प्रशंसनीय लगा। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी,दीप्ति सचान, राउनंदन विद्यार्थी, नेहा साहू सीएसजेएम विश्वविद्यालय प्लेसमेंटसेल से राहुल यादव एवं अभिषेक कुमार भी उपस्थित रहे।

### जिलाबदर सभासद को पुलिस ने भेजा जेल

**राठ(हमीरपुर)।** छह माह के लिए जिला बदर किए सभासद को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिलाबदर सभासद के विरुद्ध दो दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एस आई विनेश गौतम ने पुलिस बल के साथ गुरुवार को अपर जिला मजिस्ट्रेट, न्यायिक हमीरपुर द्वारा खालिक कुरैशी निवासी फरसौलियाना को छह माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया था। मुखबिर की सूचना पर हड्डी पुलिया चरखारी रोड राठ से जिलाबदर अभियुक्त खालिक कुरैशी उर्फ खालिक कसाई पुत्र रमजान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली में एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

### खेत में काम कर रही महिला पर सियार ने किया हमला

**महोबा।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के बिलखी गांव में खेत में मूंगफली धो रही महिला पर जंगली आदमखोर सियार ने जानलेवा हमला कर दिया जंगली सियार के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को बचाने दौड़े ग्रामीण और परिजनों ने लाठी डंडों से ताबड़तोड़ प्रहार कर सियार को मार दिया है। महोबा के बिलखी गांव में रहने वाले शिवचरण की 40 बर्षीय पत्नी रामदेवी अपने खेत में मूंगफली को धोने का काम कर रही थी तभी जंगल की ओर से आये आदमखोर सियार ने महिला रामदेवी पर हमला बोल दिया। महिला बचाव के कुछ कर पाती कि सियार ने मुंह ओर पैरों में काटकर बेहोश कर दिया। जंगली आदमखोर सियार के हमले को लेकर बचाव में दौड़े परिजनों और ग्रामीणों ने लाठी डंडों से हमला बोलकर आदमखोर सियार को मार दिया है, तो वहीं दूसरी ओर महिला की हालत नाजुक होने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया है।

### बिजली विभाग ने एक मुश्त समाधान योजना को लेकर कराई मुनादी

**महोबा।** यूपी के महोबा में शासन के निर्देश पर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों व ब्याज में सहूलियत देने के उद्देश्य से एकमुश्त समाधान योजना की विभाग ने अनोखी पहल शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने ओटीएस योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं लाभान्वित करने के उद्देश्य से शहर में ढोल नगाड़े के बीच मुनादी कराकर जमकर प्रचार प्रसार करते नजर आये। शहर के कीरत सागर विद्युत सब स्टेशन से निकले मुनादी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का परमानन्द चौराहे ओर समापन हो गया है। महोबा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता पीयूष कुमार के नेतृत्व में बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के लाभ लेने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को सर चार्ज ब्याज की दरों में एक साथ भारी छूट देने की योजना तैयार की गई है। जिसके तहत पहले चरण में 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक घरेलू वाणिज्य निजी संस्थानों में उपयोग होने वाली बिजली की दरों में भारी छूट दी जा रही है इस एक मुश्त समाधान योजना का लाभ लेकर उपभोक्ता अपने हजारों रुपए की बचत कर सकते हैं। साथ ही अपने विद्युत कनेक्शन को भी कटने से बचा सकते हैं। योजना का लाभ हर बिजली उपभोक्ता को दिलाने के उद्देश्य से आज शहर में ढोल लगाने के साथ मुनादी कराई जा रही है। जिससे अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिल सके ।

# खेल महोत्सव हॉकी- फाइनल में निजामी स्पोर्ट्स मौदहा ने बांदा को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

▸ निजामी स्पोर्ट्स मौदहा के इमरान बने मैन ऑफ द मैच, विजेता टीम ने मनाया जश्न

मौलाना सलीम मेमोरियल खेल महोत्सव के तीसरे चरण में शुरू हुए अंडर 16 वर्षीय हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में निजामी स्पोर्ट्स मौदहा ने बांदा को हराकर फाइनल का खिताब अपने नाम दर्ज कर लिया।

कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के तीसरे चरण में गुरुवार को 16 वर्षीय हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बांदा और निजामी स्पोर्ट्स मौदहा के बीच खेला गया। जिसमें पहले हाफ के दोनों क्वार्टर में दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रही। इसके बाद शुरू हुए दूसरे हाफ के तीसरे और चौथे क्वार्टर में भी दोनों टीमें कोई भी गोल नहीं कर सकीं। इस प्रकार दोनों टीमों के बीच मुकाबला टाई रहा। जिसके बाद दोनों टीमों के बीच पांच.पांच शूटआउट मुकाबला खेला गया वो भी टाई रहा। जिसके बाद निजामी स्पोर्ट्स मौदहा और बांदा के बीच एक.एक शूटआउट मुकाबला खेला गया, जिसमें निजामी स्पोर्ट्स मौदहा ने जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ दी मैच इमरान रहे। इसके बाद मैंच के मुख्य अतिथि पूर्व हाकी कोंच मोहम्मद रज़ा सिद्दीकी एवं कमेटी ने विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को ट्राफी एवं नक़द पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मुकाबले में रैफरी की भूमिका फुरखान खान और अबरार अहमद ने निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह मुशर्रफ कमाल डॉ इमामुद्दीन सोना चौधरी अशरफ क़माल बच्चू हाफिजी शमशाद नबी हकीम उद्दीन समीर इमाम सहित समस्त कमेटी सदस्य एवं सैकड़ों दर्शन ग्राउंड पर उपस्थित रहे। वहीं जीत के बाद निजामी स्पोर्ट्स हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने जमकर डांस किया और जश्न मनाया। आज से चौथे एवं अंतिम चरण के लिए ओपन हॉकी का मुकाबला खेला जाएगा।

## बदमाशों ने नपा कर्मी के साथ की मारपीट, सिर फोड़ा, कर्मियों का कोतवाली में हंगामा

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के उरई बस स्टैंड व सिकन्दरपुरा मोहल्ले में बदमाशों ने आवारा पशुओं को भगाने की ड्यूटी कर रहे नगर पालिका के दो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हुए उनकी जमकर मारपीट की। जिसमें एक कर्मचारी ने बाइक सवार तीन बदमाशों पर उसके वेतन के 9 हजार रुपये व उसका मोबाइल फोन लूटकर ले जाने का आरोप लगाया है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के साथ की गई मारपीट के विरोध में सैकड़ों कर्मचारियों ने कोतवाली का घेराव करते हुए नारेबाजी कर हंगामा काटा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी अरविंद पासवान ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात वह आवारा पशुओं को भगाने की ड्यूटी कर रहा था। तभी नगर के उरई बस स्टैंड के पास बाइक सवार तीन बदमाश आए और उसके साथ बेवजह मारपीट कर रुपए और मोबाइल छीन लिया। बदमाशों ने सिर पर ईंट मारकर उसका सिर फोड़ दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई हैं। बदमाश बिच्छू गैंग के बताये जाते है। जो कस्बे में आए दिन घटना को अंजाम दे रहे हैं। वहीं कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी गुलाब सिंह कुशवाहा ने बताया कि बुधवार की रात वह नगर में आवारा पशुओं को भगाने की ड्यूटी कर रहा था। तभी सिकंदरपुरा निवासी राजू ठेकेदार ने आवारा पशुओं को भागने को लेकर हुए विवाद के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारा.पीटा। पीड़ितों ने कोतवाली कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नोडल टीचर्स प्रशिक्षण में अध्यापकों को दी गई दिव्यांग बच्चों के शिक्षण की जानकारी

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



बेसिक शिक्षा विभाग के कबरई विकास खण्ड के 152 प्रधानाध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विवेकानंद महाविद्यालय छतरपुर रोड महोबा में चलाया जा रहा है, जिसमें दिव्यागता के सभी क्षेत्रों से संबंधित विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण से संबंधित कौशल विकास के उद्देश्य से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

मानसिक मंदता के मास्टर ट्रेनर सुनील दीक्षित ने प्रशिक्षुओं को शिक्षण की विधियां पुनर्वलन के प्रकारों की जानकारी सहित दिव्यांग जन अधिनियमों की विस्तृत जानकारी साझा की। खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश यादव ने सभी ट्रेनीज को समय पर उपस्थित रहने के संबंध में विशेष रूप से कहा। कबरई ब्लॉक ट्रेनर्स में दिनेश चौहान, अनुज तिवारी, कंचन शुक्ला, नगर क्षेत्र महोबा से हीरामनी मौर्या रहे। अध्यापकों में प्रशिक्षण लेने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापिका रामकुमारी नायक सहित ओम प्रकाश तिवारी, सुशील त्रिपाठी, रमाकांत मिश्रा, नीतू रावत , मनोज कुमार साहू, ब्रजकिशोर मिश्रा, नूतन मिश्र, नारायण दास सैनी, सुशीला पाल, गोल्डी सिंह,गोमती नामदेव, आभा मिश्रा, विजय कुमार वर्मा, शशिभूषण त्रिपाठी की सदन में सक्रिय उपस्थिति रही।

# अस्पताल में गरीब मरीजों को भोजन परोसने के मामले में टीम ने तलब किये तीन साल के अभिलेख

▸ बाद में परखी जायेगी भोजन की गुणवत्ता, जेम पोर्टल से नहीं हुए टेंडर

**हमीरपुर।** महिला व पुरुष अस्पताल में मरीजों के भोजन परोसने में की जा रही धांधली मे गठित जांच समिति ने दोनो अस्पतालों के सीएमएस से तीन साल के अभिलेख तलब किये है ताकि टेंडर प्रक्रिया देखी जा सके। इसके बाद किसी भी समय भोजन की गुणवत्ता की जांच परखी जायेगी।

जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पहले सीएमओ डा गीतम सिंह ने महिला व पुरुष अस्पताल में जाकर निराश्रित व गरीबों को दिया जाने वाला भोजन का औचक निरीक्षण किया था जिसमे ढेर सारी धांधली पायी गयी थी भोजन मेन्यु के अनुसार नही बनाया जा रहा था न ही भोजन में गुणवत्ता पायी गयी थी। इस पर जिलाधिकारी के आदेश पर सीएमओ ने एसीएमओ डा अनूप कुमार निगम व डिप्टी सीएमओ डा संजय कुमार को जांच अधिकारी नामित कर दिया था। जांच टीम ने मौके पर जाकर मामले की छानबीन की और दोनो अस्पतालो के सीएमएस से तीन साल के भोजन के टेंडर के अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा है ताकि जो टेंडर हुये है वह नियम कानून से है कि नही इसकी जांच की जा सके। बताया जाता है कि एक लाख से ऊपर धनराशि के टेंडर जेम पोर्टल से होना चाहिये जिसमे अनियमितताएं बरती गयी है यही नही महिला अस्पताल में जेएसवाई के तहत भोजन दिया जाता है जिसमे जमकर धांधली की गयी है,जाच टीम ने बताया कि भोजन देने का कार्यक्रम कई सालों से चल रहा है मगर तीन साल के अभिलेखों से जानकारी काफी हो जायेगी। मामले को लेकर सेहत विभाग में हडकंप मचा है।

### बच्चे का प्लास्टर कटने के बाद फिर जांच की जायेगी

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के पंधरी पीएचसी में बच्चे के जन्म के दौरान एएनएम की लापरवाही से मासूम का हाथ टूट जाने को लेकर जांच अधिकारी ने पीडित पक्ष के बयान लिये है,बच्चे का प्लास्टर हाथ से हट जान के बाद उसका एक्सरा कराया जायेगा इसके बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ से जाच करायी जायेगी। पंधरी गांव की पीड़िता गुडिया ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि बच्चे के जन्म के समय एएनएम की लापरवाही से उसके बच्चे का हाथ टूट गया था इस पर डीएम ने सीएमओ को जाच के आदेश दिये थे सीएमओ डा गीतम सिंह ने डिप्टी सीएमओ संजय कुमार को जांच दी थी। मामले की जांच शुरु कर दी गयी है। पल्स पोलियों कार्यक्रम के चलते फिलहाल एनएम के बयान दर्ज नही हो पाये है। अगली तिथि निश्चित की जायेगी।

# शांति शिक्षा निकेतन में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी आयोजित

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।



नगर के शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि , ग्राम प्रधान गण व नगर के वरिष्ठ जन विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे।विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्टाल लगाकर विज्ञान संबंधी विभिन्न प्रकार के माडल का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में प्राइमरी कक्षा, छठवीं से नवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के नान मेडिकल, मेडिकल, वाणिज्य एवं कला संकाय के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों से संबंधित ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक माडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हिदी संस्कृत विषय के विद्यार्थियों ने प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था का सचित्र वर्णन करते हुए गुरुकुल शिक्षा, मध्यकालीन शिक्षा एवं आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की यात्रा के माडल द्वारा ज्ञानवर्धक प्रदर्शन किया। छठवीं से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने स्मार्ट सिटी, एयर पौल्यूशन, वाटर - सायकल, पीएसवीएलवी राकेट, ड्रिप इरिगेशन विषयों पर महत्वपूर्ण माडल बनाए। नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पावर प्लांट माडल , वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, बायोडीजल फ्राम किचन वेस्ट, वर्किंग आफ ह्यूमन मसल्स, वर्किंग माडल आफ डी.एन.ए. विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक माडल बनाकर तकनीक एवं विज्ञान की बारीकियों को समझाया। इसके अतिरिक्त अर्थक्वेक अलार्म, रेन वाटर हार्वेस्टिग, विड- मिल एवं स्ट्रीटलाइट के प्रोजक्ट भी आकर्षण के केंद्र रहे। सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट(उच्चतम न्यायालय) का मनमोहक प्रोजेक्ट बनाकर भारतीय न्याय व्यवस्था के महत्व को समझाया। इतिहास के विद्यार्थियों ने ब्रिटिश औद्योगीकरण विषय पर प्रोजेक्ट बनाकर औद्योगिक विकास की झांकी प्रस्तुत की। स्पो?र्ट्स के विद्यार्थियों ने भी स्वास्थ्य शिक्षा एवं व्यायाम से संबंधित अनेक प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए, जिसमें आर्कमिडिज के सिद्धांत पर आधारित सुई के डूबने एवं जहाज के तैरने का अद्भुत माडल प्रस्तुत किया। वाणिज्य एवं कला संकाय के विद्यार्थियों ने प्राइमरी सेक्टर, इंडस्ट्रियल सेक्टर, शुगर इंडस्ट्री आदि विषयों पर सुंदर प्रोजेक्ट बनाकर विषय की बारीकियों को समझाया।

इस अवसर पर आए हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास को सफलता का सोपान बताते हुए कहा कि विज्ञान एवं तकनीक के आधुनिक युग में इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मील के पत्थर साबित होंगे। इस मौक पर विद्यालय के प्रबंधक वीर सिंह सचान, प्रधानाचार्य डी के सचान, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह सचान, शिक्षक व शिक्षकाओ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संपूर्ण मानवता के लिए एक अभिशाप है नशाः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी



**महोबा।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस की चारों इकाइयों और मिशन शक्ति अभियान के तहत एवं प्राचार्य व क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रोफे सुशील बाबू के मार्गदर्शन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जिसका प्रभाव न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर होता है बल्कि उसके परिवार समाज और देश के विकास पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। नशा पूरी मानवता के लिए एक अभिशाप है युवा बुरे नशे की लत का शिकार होकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं वास्तव में नशा शराब या नशीली दवाओं के प्रभाव से शारीरिक या मानसिक नियंत्रण कम होने की स्थिति है, नशा मुक्ति अभियान के अवसर पर बीके आशीष भाई, बीके राम जी, बीके अर्जुन भाई, बीके सुधा बहन, बीके जय देवी आदि ने अपने विचार व्यक्त कर छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति जीवन जीने का मंत्र दिया। बीके आशीष भाई राजयोग अपना कर मुंह से ट्रक खींच देते हैं तथा इनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार पांडेय ने कार्यशाला का संचालन किया। कार्यक्रम की संयोजक तथा मिशन शक्ति अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. मधुबाला सरोजिनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# विवाद में हुई हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

▸ अभियुक्तों के कब्जे से आलाकत्ल दो लाठी हुई बरामद

**महोबा।** शनिवार 07 दिसंबर की रात्रि में थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत पचपहरा गांव से सूचना प्राप्त हुई कि दो पक्षों के बीच विवाद हुआ जिसमें एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष पर हमलावर हो गये, जिसमें दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को धार-दार हथियार से चोटें आयीं जिससे उनकी दुःखद मृत्यु हो गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने पंजीकृत अभियोग मुअसं 638/24 धारा 191(2)/191(3)/190/3(5)/333/352/115(2)/351(3)/103(1)/118(1) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर महोबा के वांछित अभियुक्तगण विनोद अहिरवार पुत्र रामकिशन उर्फ रामकिशोर निवासी पचपहरा थाना कोतवाली नगर महोबा उम्र करीब 51 वर्ष व नन्दराम अहिरवार पुत्र स्व0 रामदीन निवासी पचपहरा थाना कोतवाली नगर महोबा उम्र करीब 55 वर्ष को जिला पंचायत रिसोर्ट सेन्टर महोबा के पीछे से आला कत्ल दो लाठी के साथ गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है ।

# संत जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल ने ग्रांड पेरेंट्स डे मनाया

महोबा, समृद्धि न्यूज़।





संत जोसेफ इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल महोबा में ग्रांड पेरेंट्स दिवस का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य रेफरेंस फादर रिचर्ड के निर्देशन में किया गया है। कार्यक्रम का संचालन छात्र सात्विक, रिम्सा, अंश, हफसा एवं जैनब ने किया मुख्य अतिथि के रूप में रेवरेंट फादर रेव्ह फादर जॉन पदायतिल फादर सूसाई रतिनम, फादर लज़ार, फादर अरुल, फादर वर्गीस, फादर बास्टिन फादर लॉरेंस,फादर अरुण, फादर मैथ्यू फादर संतोष फादर अमल, फादर कार्तिक, फादर जोस, फादर सानू एवं सुप्रीटेंडेंट पुलिस महोबा पलास बंसल उपस्थित रहे। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, क्लास 1 और क्लास 2 के नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिनमे मुख्य प्रेयर डांस वेलकम सोंग ग्रैंडपेरेंट्स डांस टर्बो डांस इंस्ट्रूमेंट, नेशनल प्राईड एवं कॉमेडी नाटक लॉटरी तथा जैसी करनी वैसी भरनी मुख्य थे। रिवेनेंट फादर बिसप झांसी ने अपने उद्बोधन में बच्चों में संस्कार की नींव रखने की दिशा में खुद से ही आदर्श स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग मां बाप को वृद्धाश्रम भेजकर हम खुद के लिए बुढ़ापे में अपने बच्चों से सेवा की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। बच्चे जैसा देखते हैं वैसा ही व्यवहार करने लग जाते हैं। बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ाई व अन्य प्रतियोगिताओं के लिए मिल रहे समय का सदुपयोग अपने कैरियर एवं बेहतरी की लिए करें और खुद को भविष्य की कसौटी के लिए मजबूत बनाएं, खुद आगे बढ़ें और दूसरों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रिवेनेंट फादर रिचर्ड ने सभी अतिथियों को उपहार एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# एसडीएम ने परखी रैन बसेरों के इंतजाम की हकीकत

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

ठंडक के मौसम के जोर पकड़ते ही निराश्रित लोगों, परदेसियों तथा यात्रियों के इंतजाम करने के लिए प्रशासन तथा विभागीय अधिकारी के द्वारा कवायद तेज कर दी गई है। बीती रात को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में पालिका के राजस्व निरीक्षक के द्वारा रेन बसेरों का औचक निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तथा ठहरे लोगों से मुलाकात की।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद कालपी के, राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह, वरिष्ठ लिपिक शिशपाल सिंह यादव पप्पी, सरफराज खान आदि कर्मचारियों-अधिकारियों के साथ एसडीएम ने नगर के मोहल्ला आलमपुर में स्थित शेल्टर होम का निरीक्षण किया। इस दौरान कमरों तथा हाल में स्थापित पलंग तथा बेड़ो एवं रजाई, कम्बल, बिस्तर आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद पालिका कर्मचारियों को रैन बसेरे में सर्दी से बचाव करने के लिए पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिये। शेल्टर होम में ठहरे साधूओ से संवाद स्थापित किया। इसी तारतम्य में कालपी नगर के मोहल्ला राजेपुरा में स्थित रैन बसेरा का भी अधिकारियों की टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिये। एसडीएम ने आश्रय स्थल तथा रैन बसेरा को जरुरत मंदों को ठहराव करा कर उपयुक्त सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

## उपजिलाधिकारी ने किया गल्ला मंडी का औचक निरीक्षण, गंदगी मिलने पर लगाई फटकार

उप जिला अधिकारी ने नवीन गल्ला मंडी का औचक निरीक्षण किया, क्रय केंद्रों पर जाकर वहां मौजूद किसानों से उनकी समस्याएं सुनी तथा मौके पर ही किसानों की समस्याओं को निस्तारित किया। निरीक्षण के दौरान साफसफाई न मिलने पर सचिव को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सचिव को अपनी कार्यशैली में सुधार किए जाने की चेतावनी भी दी। उप जिलाधिकारी विनय मौर्य ने बुधवार की शाम को नवीन कृषि मंडी का औचक निरीक्षण किया, सबसे पहले वह ज्वार, बाजरा खरीदे जाने के लिए बने सरकारी क्रय केंद्र पहुंचे जहां किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था उन्होंने वहां मौजूद किसानों की समस्याओं को सुना तथा क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का तुरंत और सटीक निस्तारण करें उन्हें परेशान न किया जाए, इसके बाद उन्होंने मंडी परिषर की साफसफाई तथा ऑफिस में शौचालय आदि को देखा जिसमें गंदगी मिलने पर सचिव वीरेंद्र दोहरे को लापरवाही बरते जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया, उन्होंने सचिव वीरेंद्र दोहरे की कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण होना चाहिए किसी भी सूरत में लापरवाही ना बरतें।

## देर रात एसडीएम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

देर रात उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों तथा तीमारदारो से संवाद स्थापित करके चिकित्सकीय सुविधाओं के हाल-चाल जाने इसके अलावा उन्होंने चिकित्सीय सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के रूम नंबर 1 औषधि वितरण केंद्र में दवाईयां तथा इंजेक्शनों की उपलब्धता देखी तथा एक्सपायरी डेट कही कोई दवा तो नही है इसका भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बाहर की दवाइयां मरीज के पर्चे में न लिखी जाए। एसडीएम ने चिकित्सालय के पैथोलॉजी जांच कक्ष तथा एक्सरे रूम का भी निरीक्षण किया। चिकित्सालय की इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉ. गोपाल जी द्विवेदी के साथ एसडीएम ने वार्डों में भर्ती मरीजों तथा तीमारदारो से मुलाकात की। एसडीएम ने मरीजों तथा तीमारदारो से संवाद स्थापित करके चिकित्सालय में मिलने वाली सुख सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उपजिलाधिकारी ने चिकित्सालय परिसर का घूम घूम कर निरीक्षण करके सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल में सफाई के पुख्ता प्रबंध किये जाए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खराब हैंडपंपों की जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिम्मेदारों व विभाग की लापरवाही के चलते कस्बे की कब्रिस्तानों सहित विभिन्न मोहल्ले के हेंड पम्प खराब होने से आम जनता के लिये मुसीबत बनी है। फिर भी विभाग सहित जिम्मेदार लोग मौन है।

बताते चलें कि मोहल्ला बडापूरा स्थित कब्रिस्तान के पास हेंड पम्प लगे हैं। जो काफी दिनों से खराब पड़े होने के चलते मिट्टी देने वालों सहित राहगीरों व मोहल्ले के लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जबकि इसी प्रकार मिल्लत नगर, बुढ़िया बाड़ा सहित नगर पंचायत जैदपुर के विभिन्न मोहल्लों में भी हेंड पम्प काफी दिनों से खराब पड़े हैं। जिसका कोई पुरसाहाल नहीं है। जबकि सभासदों सहित अन्य लोगों ने भी इन हेंड पम्प को बनवाने की मांग की है। मगर जिम्मेदार लोग मौन है।

इस संबंध में सभासद सुफियान अंसारी ने बताया कि एक हेंड पम्प ट्रांसफर के पास होने के चलते नहीं चलाया जा रहा है।दूसरा काफी समय से बालू देने के चलते खराब है। जिसे लेकर नगर पंचायत जैदपुर के कर्मचारी अवधेश को बताया गया था। मगर आज तक सही नहीं हुआ है। जबकि कब्रिस्तान में मिट्टी देने के लिए आये लोगों को दिक्कत होती है।

## खबरें एक नजर में

### जबाबी कव्वाली में सीमा परवीन ने शरीफ परवाज को दी मात

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा त्रिलोकपुर मे चल रहे सैय्यद आकिल शाह बाबा के सालाना उर्स के तीसरे दिन मशहूर कव्वाल शरीफ परवाज एव सीमा परवीन के बींच शानदार



कव्वाली का मुकाबला हुआ, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। त्रिलोकपुर स्थित अकिल शाह बाबा मजार पर चल रहे उर्स के तीसरे दिन जवाबी कव्वाली का मुकाबला रात भर चला। पहले शरीफ परवाज ने अपनी धार्मिक कव्वाली ये मेरे अल्लाह अक्स पर न इतराओ, ताकते तुम्हारी है से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद सीमा परवीन ने अपनी प्रस्तुति जो मदीने में मौजूद है, उनकी तस्वीर सीने में मौजूद है से श्रोताओं का दिल जीत लिया। सीमा परवीन ने शरीफ परवाज को मात दी। दोनों कलाकारों के बीच का यह मुकाबला बहुत ही शानदार और आकर्षक रहा, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

### 15 तक मिलेगी बिजली बिल जमा करने में एकमुश्त जमा करने पर छूट

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की जानकारी हर उपभोक्ता तक पहुंचाने की खातिर बिजली विभाग विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार में लगा है।इसी क्रम में गुरुवार को ढोल नगाड़े के साथ विद्युत कर्मियों ने जन जागरूकता रैली निकालकर ओटीएस योजना का लाभ उठाने की अपील की। शासन के निर्देश पर आगामी 15 दिसंबर से ओटीएस योजना लागू हो रही है।इसके तहत उपभोक्ताओं को विलंब शुल्क (सरचार्ज) में छूट दी जाएगी।अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिले इसकी खातिर विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से प्रचार – प्रसार किया जा रहा है।विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के कर्मचारी गांवों में जाकर योजना की जानकारी दे रहे हैं। गुरुवार को ढोल नगाड़े के साथ विद्युतकर्मियों ने रैली निकालकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दी। असंद्रा बाजार, नई सड़क तिराहा, मिर्चिया, जरौली और पठकन पुरवा आदि स्थानों पर उपभोक्ताओ को जागरूक किया गया। उपभोक्ताओ को ओटीएस स्कीम के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन से लेकर बिल भुगतान के संबंध में जानकारी दी गई।इस मौके पर रामराज मौर्य,अहमद रजा, आनंद यादव, वीरेंद्र वर्मा, धीरेन्द्र वर्मा, महफूज अली, अतुल यादव, राम मनोहर,सुनीत यादव,अनुज अवस्थी, राजबहादुर, राहुल, धर्मराज, विनोद, सूरज वर्मा, सतोज, सुकई, अरशद और आशीष सिंह आदि लोग मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी देवीगंज शैलेन्द्र गुप्त ने बताया कि योजना 15 दिसंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक लागू रहेगी। योजना के तहत सरचार्ज में छूट दी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर ककहरवा मज़ार के निकट बुधवार की रात्रि सड़क दुघर्टना में बाईक चालक की घटनास्थल पर हुई मौत। मोटरसाइकिल पर बैठे दूसरे व्यक्ति को मामूली चोटें आई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिलामुख्यालय भेजा।मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल। सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दादरा निवासी चंद्र प्रकाश वर्मा पुत्र हरिशंकर वर्मा 28 वर्षीय व थाना क्षेत्र के प्यारेपुर सरैंया निवासी लवकुश पुत्र निर्मल दोनों लोग बाइक से बुधवार की रात को मानपुर डिहवा में तिलक समारोह में शामिल हो कर घर वापस लौट रहे थे कि तकिया रोड मिर्जापुर ककहरवा मज़ार के निकट पहुंचे हि थे कि अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक चालक चंद्र प्रकाश वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई व दूसरा सवार लवकुश को मामूली चोटें आई। सूचना पर पहुंची सफदरगंज थाना के रसौली चौकी प्रभारी संजय कुमार ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिलामुख्यालय भेज दिया। काश मृतक ने हेलमेट लगा कर तिलक समारोह में जाता तो शायद ऐसी घटना की नौबत नहीं आती चंद्र प्रकाश वर्मा मोटरसाइकिल चला तो रहा था पर हेलमेट नहीं लगा रखा था। एक वर्षीय पुत्र अंश के सर से उठा पिता का साया वहीं पत्नी सोनी का रो रो कर बुरा हाल है।

### दबंगई के बल पर ठेकेदार बना रहा गरीब किसान के खेत में चैकडेम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** महेवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पाल मौजा में लघु सिंचाई विभाग के द्वारा एक चौकडेम बनाया जा रहा है। उसको लेकर किसान का आरोप है की उक्त चौकडेम हमारे खेत में जबरन बनाया जा रहा है। जबकि चौकडेम बनाने का प्रस्ताव दूसरी जगह का है।सम्बंधित प्रस्ताव में लगे उत्तराचल और दक्षिदाचाल के लेटिटूट और लॉन्गातिट्यूट से देखा जा सकता है। ग्राम पाल निवासी किसान बली राम ने शिकायती गुरुबार क़ो पुनः दिए गए प्रार्थना पत्र में मांग की है की उक्त चौकडेम का निर्माण अतिशीघ्र बंद नहीं कराया गया तो गरीब किसान की जमीन में लघुसिचाई बिभाग अगर चौकडेम बना देगा तो हमारी जमीन अतिक्रमण की भेट चढ़ जाएगी जो गरीब किसन के हितकर नहीं होगी। क्या सपा के नेताओं का अभी भी है बोलवाला जो जबरन कर रहे किसान के खेत में निर्माण कार्य क्या आज भी इनकी प्रशासन में बोल रही तूती जो जबरन किया जारहा अनुसूचित जाति किसान के खेत पर अतिक्रमण।

## अग्रवाल व स्वर्णकार बंधुओं के बीच हुआ समझौता, गलतफहमियां दूर

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यापारी प्रभंजन अग्रवाल और नगर के अन्य सर्राफा व्यापारियों के बीच कुछ गलतफहमियों के चलते विवाद उत्पन्न हो गया था। इस विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए और कोतवाली में प्रार्थना पत्र भी दिए।

हालांकि, कुछ समझदार व्यक्तियों की पहल से दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर इस विवाद का समाधान निकाला गया। मुरली मनोहर मंदिर में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने संयुक्त रूप से कहा कि उनके बीच की गलतफहमियों को बातचीत के माध्यम से दूर किया गया है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो आरोप नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रभंजन अग्रवाल पर लगाए गए थे, वे पूरी तरह से निराधार थे। यह आरोप केवल गलतफहमियों के कारण लगाए गए थे। अब दोनों पक्ष एक-दूसरे से संतुष्ट हैं और भविष्य में एक-दूसरे के खिलाफकोई भी कार्रवाई नहीं करना चाहते। प्रेस वार्ता के दौरान प्रभंजन अग्रवाल, रामू अग्रवाल, डॉ. प्रदीप अग्रवाल, राकेश कुमार, सौरभ अग्रवाल, राजीव कुमार, अनिल कपूर, संजय सोनी, महेन्द्र कुमार, विनोद सोनी और नीरज सोनी समेत कई व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे से समझौता करने के बाद अपनी खेद प्रकट की और इस विवाद को समाप्त करने की इच्छा जताई।

## छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**ज़ैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड हरख क्षेत्र की ग्राम पंचायत बंगालाबाजार में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कक्षा सात में पढ़ने वाली बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिता को बीमार होने की सूचना विद्यालय द्वारा दी गई। आननफानन में विद्यालय पहुंचे पिता ने स्कूल में साथ पढ़ने वाली अपनी भतीजी के साथ बैठकर बेहोश हालत में अस्पताल पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बालिका को मृत्यु घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में बालिका की मौत के बाद हडकंप मच गया। बालिका की मौत को लेकर अभिभावकों व ग्रामीणों में काफी नाराजगी भी थी।

ज़ैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फतुल्लापुर मजरे मचौची निवासी सुरेश चंद्र की पुत्री आंचल (14) कक्षा सात में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ती थी। साथ में पढ़ने वाली चचेरी बहन अंजलि ने बताया कि रात में बुखार चढ़ा हुआ था। जब शौचालय रात में गई तो गिर भी गई थी। सुबह विद्यालय द्वारा दवा दी गई थी। लेकिन उल्टी काम नहीं पड़ रही थी। जबकि पिता सुरेश चंद्र ने बताया कि तीन बजे के करीब विद्यालय से फोन आया कि आपकी बेटी की तबीयत अचानक खराब गई है। खबर सुनते ही आनन फानन में स्कूल पहुंचे तो बेटी बेहोश अवस्था में थी। जिसको स्कूल की टीचर्स द्वारा डॉक्टर को दिखाने के लिए कहा गया। बेहोश बेटी को चचेरी बहन के साथ लेकर ज़ैदपुर अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नजमुल आरफीन सिद्दीकी ने बताया कि जब बालिका को लेकर अस्पताल पहुंचे थे तो मृत्यु गई थी। चिकित्सक की सूचना पर ज़ैदपुर पुलिस पहुंची और तहरीर के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर कार्रवाई कर रही है। जबकि विद्यालय की रसोईया ने बताया कि सुबह चाय और बिस्किट खाया था। लेकिन उल्टी हो रही थी। कोई खास बीमारी नहीं लग रही थी। स्कूल से दवा भी दी गई थी।

## पुलिस क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह को दी भावभीनी विदाई



**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कोंच में पदस्थ पुलिस क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह का आज उरई स्थानांतरण हुआ जिसके चलते कोतवाली परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह में विभिन्न व्यापारिक एवं समाजिक संगठनों के सदस्य पुलिस विभाग के कर्मचारी और स्थानीय पत्रकारों ने भाग लिया उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय लोहिया वरिष्ठ सदस्य प्रभंजन गर्ग गल्ला व्यापारी मुकेश सोनी रामकपूर सोनी विजय अग्रवाल राम बाबू मुकेश अग्रवाल सदुपुरा वाले सोनू अग्रवाल दीपू सौरभ अग्रवाल विशाल सहित अखिल भारतीय व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष ने उन्हें सम्मानित किया समारोह के दौरान सभी ने अर्चना सिंह के कार्यकाल की सराहना की और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया कोतवाली में आयोजित इस विदाई समारोह में अर्चना सिंह को उनके द्वारा किए गए कार्यो के लिए भावभीनी विदाई दी गई पुलिस स्टाफ और नगर के पत्रकारों ने भी उन्हें अच्छे कार्यो के लिए शुभकामनाएं दी। अर्चना सिंह ने भी सभी का आभार व्यक्त किया और कोंच में बिताए गए समय को याद करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य रहा कि उन्हें कोंच जैसे स्थान पर सेवा देने का मौका मिला।

## चेयरमैन आलोक तिवारी ने रैन बसेरा का किया शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



स्थानीय बस स्टेशन पर आज नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा रैन बसेरे का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

नगर अध्यक्ष ने बताया कि इस रैन बसेरे के खुल जाने से बेसहारा राहगीरों को कड़कती ठंड में भटकना नहीं पड़ेगा क्योंकि ठंड भी तेजी से बढ़ने लगी है और सरकार की मंशा भी है कि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान ना होने पाए इसीलिए नगर पंचायत ने पहले रैन बसेरे की शुरुआत कर दी है जैसे ठंड पड़ती जाएगी और भी रैन बसेरे लोगों की सुविधा के अनुसार खुलते जाएंगे। इस अवसर पर समाज सेवी दीपू तिवारी, अयोध्या मौर्य बैजनाथ मौर्य बृजेश सिंह अन्नू तिवारी, नितिन मौर्य पट्टू तिवारी शीतल दीन हेतऊ रावत शंकर शरण बाजपेई राजकिशोर सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बसपा प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।**



ब्लाक क्षेत्र में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल पहुंचे। जिनका जगह जगह बसपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया ।प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि सरकार तमाम संस्थाओं का निजीकरण कर चुकी है। अब विद्युत विभाग को निजीकरण करने जा रही है । जिससे प्रदेश के सभी कर्मचारियों का भविष्य दांव पर है।सरकारी संपत्ति को बेच करके निजीकरण किया जा रहा है। इस निजीकरण से सबसे ज्यादा नुकसान हमारे ओबीसी समाज का है। क्योंकि आरक्षण प्राइवेट सेक्टर में नहीं है सरकार की नियत साफ नहीं है सरकार को प्राइवेट नहीं करना चाहिए। अब गेंद जनता के पाले में है उसे कैसी सरकार चाहिए यह निर्णय करना है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश का संविधान बाबा साहब ने बनाया है।देश बाबा साहब के संविधान से चलता है। इस देश को जाति धर्म के नाम पर नहीं बल्कि देश का विकास कैसे हो इस पर चिंतन का समय है। देश में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है।

नौजवान किसान छात्र परेशान है जो सभी समस्याओं को दूर कर सके ऐसी सरकार आनी चाहिए।जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी बहन जी ने लोगों के रोजगार और शिक्षा के बारे में सोचा था तमाम योजनाएं चलाई गई।

आज इस सरकार से पूछ लिया जाए कि क्या काम किया है तो कुछ भी नहीं किया है। आज का नौजवान जब पर्चा देने जाता है तो पर्चा लीक हो जाता है अब जनता लामबंद हो रही है आने वाले समय में 27 में सरकार हमारी बनने जा रही है हमारी सरकार ने सदैव रोजगार देने का काम किया।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड स.6403 75156541 में मेरा नाम मुकेश तिवारी पुत्र राम धीरज ग्राम चोरसिहा है और कुछ अभिलेखों में मुकेश अंकित है जबकि मेरा वास्तविक नाम मुकेश तिवारी है।अतः अब से मुझे मुकेश तिवारी के नाम से जाना व पहचान जाए।

**प्रार्थी**
**मुकेश तिवारी, पुत्र-राम धीरज निवासी,चोरसिहा, पड़री कृपाल परगना व तहसील गोंडा जिला-गोण्डा,उत्तर प्रदेश**

### संबंध विच्छेद

मैने अपने पुत्र विनय मिश्रा व शुभम मिश्रा जो आये दिन मुझे अकारण परेशान करते हैं,और मेरा कहा नहीं मानते तथा मनमानी करते हैं। उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगे। इनके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के गलत कृत्यों व लेन देन से मेरा वास्ता व सरोकार नहीं है।

**अमरनाथ मिश्रा, पुत्र कालिका प्रसाद निवासी मोहल्ला कुम्हारटोला कस्बा व थाना गोला गोकर्णनाथ जिला-लखीमपुर खीरी।**


## अंतिम चरण में पहुंचने पर तेज हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र के अनुपालन में आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से इसका प्रचार प्रसार तेज कर दिया गया है।यह राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता तथा अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा की देखरेख में जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित की जाएगी।गुरुवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में सचिव श्री वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जाता है।इनमें प्रि-लिटिगेशन वाद में धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.एक्ट),बैंक वसूली वाद श्रम विवाद वाद,विद्युत एवं जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर,अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद)।न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो) में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली वाद,मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं श्रम विवाद वाद,विद्युत एवं जलवाद बिल (अशमनीय छोड़कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और उच्च न्यायालय में लम्बित हों तथा अन्य सिविल वाद (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि आपसी सुलह समझौते के आधार निस्तारित कराया जा सकता है,जिससे आमजनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा लाभान्वित हो सके।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मड़वारी वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 13.12.2024 से 20.12.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

निविदा शुल्क-100 रू.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मड़वारी | आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण | 4.56 लाख | 2% | सीमेन्ट, ईंटा, पाईप, चद्दर सरिया, बालू आदि | 10X6 मीटर | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**


## यूको बैंक शाखा शाहपुर में हुये फर्जी लेन देन का मामला बेलघाट थाने तक पहुंचा

▶ प्रतिदिन नए-नए पीड़ित खाता धारक शाखा प्रबंधक से कर रहे हैं फर्जी लेनदेन की शिकायत

**धुरियापार/उरुवा/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**

यूको बैंक शाखा शाहपुर द्वारा किए गए फर्जी लेन-देन का मामला बेलघाट थाने तक पहुंच गया है। उक्त मामले को लेकर बुधवार को थाना बेलघाट के प्रभारी निरीक्षक श्याम देव चौधरी ने यूको बैंक शाखा शाहपुर पर घंटों बैठकर पेपर खंगाले।

बताते चलें कि बीते 30 नवंबर को चाकसरया निवासिनी राधिका देवी द्वारा अपने खाते में 43500 रुपए 18/11/2024 को जमा की थी। परंतु जब पैसा निकालने गई तो पता चला कि खाते में पैसा है ही नहीं। इस प्रकरण को क्षेत्र के भाजपा नेता गौरी शंकर मिश्रा उर्फ डिंकू मिश्रा ने प्रमुखता से उठाया। समाचार पत्रों में भी उक्त खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई। नतीजा यह हुआ कि धीरे-धीरे लेनदेन की समस्याओं से पीड़ित उपभोक्ता सामने आने लगे। इसी क्रम में अलीमुद्दीन व गुड्डी देवी का मामला भी प्रकाश में आया। जबकि दिनांक 10 .12.2024 को ग्राम कुरावल निवासी रमाशंकर पुत्र वीर ने अपने खाता संख्या 16990100004409 से 350000 रुपए की बैंक द्वारा फर्जी निकासी किए जाने व रु25000 दिनांक 15 /10/ 2024 को जमा करने के बाद फर्जी रसीद देकर खाते में पोस्ट न किए जाने का आरोप लगाते हुए बैंक प्रबंधक को शिकायती पत्र दिया गया है। रामाशंकर का कहना है कि मैं अपने खाते से दिनांक 25 / 11/2024 को रु. 50000 निकाला था। परंतु मेरे खाते से दिनांक 31.7.2024 को रु. 50000, दिनांक 1.8.2024 को। रु. 50000, दिनांक 9/8/ 2024 को रु. 50000, दिनांक 20 .9.2024 को रु. 50000 , दिनांक 8.10.2024 को रु. 50000, दिनांक 27/ 11/ 2024 को रु. 50000 व दिनांक 28. 11.2024 को रु. 50000 रुपए की कुल मिलाकर 350000 रुपए फर्जी तरीके से निकाल लिए गए हैं। जबकि जितवारपुर निवासिनी रामवती पत्नी हरिलाल ने अपने खाता संख्या 16993210601674 में दिनांक 9/9 /2024 को रु. 25000 जमा किए थे। जिसकी रसीद दे दी गई थी। जब पासबुक पर पैसा चढ़ावाने आयी तो पता चला कि खाते में पैसा जमा ही नहीं है। इसी प्रकार प्रतिदिन फर्जी जमा व निकासी से प्रभावित किसी न किसी पीड़ित खाता धारक द्वारा बैंक प्रबंधक शिकायती पत्र दिया जा रहा है। जब बैंक के कैशियर कलीम द्वारा किए गए फर्जीवाड़े को लेकर अलीमुद्दीन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगायी है।

इस विषय में जब बेलघाट थाने के प्रभारी निरीक्षक श्याम देव चौधरी से कार्यवाही के विषय में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जांच चल रहीहै। बैंक से कुछ और अभिलेख मांगा गया है। जांच के बाद कार्यवाही अवश्य होगी। जबकि इस विषय में यूको बैंक की एक जी एम मिलन दुबे का कहना है की अभी जांच चल रही है।


## कार्यालय नगर पंचायत महराजगंज, रायबरेली

पत्रांक-675/न.पं.मह./ई-टे./15वां.वि.आ.-अनटाईड/2024-25 दिनांक- 11.12.2024

### अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत महराजगंज जनपद रायबरेली के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42आईटी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/कान्टैक्टर्स/वेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत 2023-24 हेतु बुनियादी अनुदान (UNITED GRANT) की प्रथम/द्वितीय किस्त के द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित कार्य योजना पर जिलाधिकारी महोदया, रायबरेली के पत्र संख्याः 814/एल.बी.सी.-15वें वि.आ. कार्य योजना/2024 दिनांक 26.11.2024 द्वारा अनुमोदन प्रदान किये जाने के उपरान्त कार्ययोजना के क्रियान्वयन हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित हैः-

टेण्डर शेड्यूल (http://e-tender.up.nic.in पर)

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ तिथि एवं समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | 13.12.2024 (10:00 AM) | - |
| 2. | Tender Download | 13.12.2024 (10:00 AM) | 01.01.2025 (5:00 PM) |
| 3. | Bid Submission | 13.12.2024 (10:00 AM) | 01.01.2025 (5:00 PM) |
| 4. | Bid Opening | 02.01.2025 (2:00 PM) | |
| | Bid Opening Place | Office of the nagar Panchayat Maharajganj-Raebareli | |

निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि खाता संख्या 7855000100032601/IFSC CODE PUNB0785500 पंजाब नेशनल बैंक शाखा अतरेहटा महराजगंज रायबरेली में जमा किया जायेगा। उक्त वेबसाइट पर निविदा सम्बन्धी विस्तृत नियम शर्तें व विवरण उपलब्ध है। निविदादाताओं हेतु निविदा संशोधन सूचना www.e-tender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा पृथक से प्रकाशन नहीं किया जायेगा। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में की जा सकती है।

**राम आशीष**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, महराजगंज जनपद- रायबरेली।**

**सरला साहू**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, महराजगंज जनपद- रायबरेली।**

# हाइवे पर बस ने पिकअप में मारी टक्कर, आठ घायल

▸ मवेशी खरीदने मुरादगंज बाजार जा रहे थे लोडर सवार

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कन्नौज की ओर जा रही स्लीपर बस ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिकअप में सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों व पुलिस प्रशासन के सहयोग से एंबुलेंस के द्वारा घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां कुछ घायलों की हालत चिंताजनक देख डॉक्टर ने उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज के रेफर कर दिया। गुरुवार की सुबह लगभग 7.30 बजे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डुंडवाबुजुर्ग स्थित हाइवे कट के पास अनियंत्रित गति से चली आ रही स्लीपर बस ने पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पिकअप सवार करीब 08 लोग घायल हो गए। जिसमें लोडर चालक अखिलेश कुमार (37), नीरज कुमार (38), प्रेमचंद उर्फ प्रेमी (55), सुनील कुमार (33), बृजेश (34), पिंकू (37), प्रशांत (19), राहुल (40) निवासीगण मोहल्ला चिकियाना थाना विशुनगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने 06 लोगों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया। जबकि स्लीपर बस चालक घटना को अंजाम देकर बस सहित फरार हो गया। इस घटना में एक बकरी की भी मौत हो गई है। मामले में कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे का कहना है पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती घायल।

# लंबित विवेचनाओं का समय से करें निस्तारण: एसपी

▸ एसपी ने थाना तिर्वा का निरीक्षण कर जांचे अभिलेख, दिए आवश्यक निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने थाना तिर्वा का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने थाना कार्यालय के अभिलेखों की जांच की और उन्हें सुव्यवस्थित एवं अद्यावधिक रखने हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया। साथ ही अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियानों तथा थाना पर नियुक्त सभी उपनिरीक्षक व निरीक्षक के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने ग्राम चौकीदारों से वार्ता कर उन्हें कंबल वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान तिर्वा सीओ प्रियंका वाजपेयी, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह सहित आदि रहे।


थाने का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनंद

## फ़ातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से हकीम के मेडिकल कैम्प में पहुंचे 55 मरीज

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला बिरतिया वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास फातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से 50 प्रतिशत छूट के साथ मेडिकल कैंप में मरीजो को बीमारी के हिसाब से दी गई दवाई यह मेडिकल कैप का आयोजन दोपहर 11 बजे से शाम 5 बजे तक चला। हुज़ूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सैय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि फातेह बिलग्राम मिशन मेडिकल कैम्प में बरेली के मशहूर खानदानी हकीम अब्दुल हक, व शोएब रजा के द्वारा मरीजो को बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से देखा गया।

# शहीद बाबू गेनू से हम सभी ले प्रेरणा: सर्वेश

▸ स्वदेशी अपनाओं विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करते हुए बाबू गेनू ने अपने प्राणों की दी थी आहुति

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

प्रथम स्वदेशी के महानायक अमर शहीद बाबू गेनू की स्मृति पर बलिदानी दिवस कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के पांडेयपुरवा गांव स्थित पंडित वृंदावन मेमोरियल विद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच फर्रुखाबाद विभाग द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विभाग प्रचारक सर्वेश ने बुद्ध के चरित्र पर वर्णन करते हुए कहा कि ऐसे लोगों से हमें शिक्षा लेनी चाहिए। शहीद बाबू गेनू द्वारा स्वदेशी अपनाओ व विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। ऐसे शहीद बाबू गेनू से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रदीप मिश्रा, प्रांत समन्वयक स्वाबलंबी भारत अभियान स्वदेशी जागरण मंच, जूली शुक्ला राष्ट्रीय प्रांत सह महिला समन्वयक स्वाबलंबी भारत अभियान (विभाग महिला स्वदेशी जागरण मंच) डॉ अमरनाथ द्विवेदी प्रांतीय बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं स्वामी रामदास महाराज पीठाधीश्वर ने किया।

इस दौरान गीता पाठक, डॉ प्राची गुप्ता, पातीराम, सुधीर, फिरोज आलम खान, अवधेश, सर्वेश, अनुज, अरविंद, विजय, मीनू, प्राची सहित आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज पांडेय ने किया।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य पंकज पांडेय

# रंजिश के चलते दो पक्षों में हुई मारपीट में चार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विरोध करने पर लाठी डंडों व बेल्टों से मारपीट

रंजिश के चलते दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पलटेपुरवा निवासी अखिलेश पुत्र बीरभान ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गुरुवार की सुबह करीब 09 बजे वह अपने बच्चों को स्कूल छोड़कर वापस जा रहा था। तभी ऊंचा मोड पर गांव के ही कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों व बेल्टों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके भाइयों से भी मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष के अमजद का कहना है कि गुरुवार को सुबह करीब 9.30 बजे वह अपनी दुकान की उधारी मांगने पहुंचा। तो युवक ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके भाई सलमान से भी मारपीट की। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खाई खोदकर क्षति पहुंचाने व जनहानि की आशंका

▸ स्कूल प्रबंधक ने पिता पुत्र पर लगाया धमकाने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जेसीबी से मिट्टी खनन कर स्कूल भवन के पास गहरी खाई खोदने के मामले में स्कूल प्रबंधक ने भवन को क्षति पहुंचाने व जनहानि की आशंका होने का आरोप पिता पुत्र पर लगाया है। पीड़ित ने डीएम को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित आकाश एजूकेशन सेंटर हायर सेकेण्ड्री स्कूल के प्रबंधक डा. आरके कटियार ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि पड़ोसी पिता व पुत्र ने गुरुवार की भोर लगभग 04 बजे स्कूल भवन की दीवार के निकट जेसीबी लगाकर लगभग 20 फुट गहरी खाई खोद दी और मिट्टी का खनन कर लिया। इससे स्कूली बच्चों सहित आसपास से गुजरने वालों को खतरा बना हुआ है। जबकि बरसात में जलभराव होने से स्कूल भवन को क्षति पहुंच सकती है। स्कूल प्रबंधक ने जब इसकी शिकायत की तो पिता पुत्र ने उनके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला से पिता पुत्र के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई करने व खाई को बंद कराने की मांग की है।


स्कूल भवन के निकट खोदी गई खाई।

## खबरें एक नजर में

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दंपति घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सामने से तेजी व लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बुधवार को जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के ग्राम बीबीपुर निवासी अखिलेश कुमार पुत्र सुखवासी लाल अपनी पत्नी पिंकी के साथ 11 दिसंबर को की शाम 3.30 बजे वह कन्नौज जनपद की कुसुमखोर चौकी क्षेत्र के ग्राम चंदुआपुर स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। तभी गुगरापुर के समीप सामने से तेज रफ़्तार से चली आ रही पल्सर मोटरसाईकल ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दम्पती गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस व स्थानीय लोगो के सहयोग से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, पांच घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी समारोह में शामिल होकर कार से अपने घर बापस जा रहे लोगों को तेजी व लापरवाही से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी थी। जिससे कार में सवार 05 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मैनपुरी के थाना बेवर के ग्राम भारतपुर निवासी नवनीत प्रताप सिंह पुत्र हरिशंकर सिंह चौहान ने कोतवाली पुलिस में दर्ज करवाये गए मुक़दमे में कहा है कि दिनांक 27 नवंबर की सुबह करीब 08 बजे वह अपनी मां सुधा देवी, पत्नी कंचन, पुत्र अदिराज़, भांजा दिव्यांशु व उसका दोस्त गुलशन शर्मा के साथ विवाह समारोह में शामिल होने के बाद कार से वापस अपने घर जा रहा था। तभी समधन ओवरब्रिज कट के पास कानपुर की तरफ से अनियंत्रित गति से चले आ रहे ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे कार में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ित कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीइओ कार्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** परिषदीय स्कूलों में आउट आफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय सिरौलीगौसपुर में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का शुभारंभ खण्ड शिक्षाधिकारी सजंय कुमार ने किया। गुरुवार को प्रथम दिवस प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। पारिवारिक दिक्कत या फिर किसी कारणवश तमाम बच्चे बीच में शिक्षा छोड़ देते हैं। ऐसे में आउट आफ स्कूल (7 से 14 वर्ष) के बच्चों को फिर से शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर शासन पूरी तरह से गंभीर है। ऐसे बच्चे चिह्नित किए गए हैं जिन्होंने एक-दो वर्ष बाद या फिर कक्षा पांच-छह में पहुंचने के बाद विद्यालय से किनारा कर लिया था। इनके अभिभावकों को प्रेरित कर फिर से इनका नामांकन नजदीकी परिषदीय स्कूलों में कराया गया। इन बच्चों को अन्य बच्चों के सापेक्ष तैयार करने के लिए शासन ने अलग के विशेष प्रशिक्षण देने की योजना शुरू की है।

# जिला सचिव ने दी विधिक साक्षरता की जानकारी


दिव्यांगों को भोजन वितरित करती सचिव लवली जायसवाल।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के तत्वाधान में नगर के लकी मानसिक मंदित एवं अनाथ आश्रय गृह में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को विधिक सहायता की जानकारी देकर जागरूक किया गया। गुरुवार को अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज लवली जायसवाल ने नगर के मोहल्ला आजाद नगर में लकी हेल्थ डेवलपमेंट एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित मानसिक मंदित एवं मानसिक रूग्ण (अनाथ) दिव्यांगजन आश्रय गृह में दिव्यांगजनों को स्वास्थ्य शिक्षा आदि के प्रति जागरूक किया। उन्होने आश्रय गृह में उपस्थित दिव्यांगजन, बच्चों, महिलाओं, वृद्धजनों के रहन-सहन और खानपान की व्यवस्था का भी जायजा लिया। दिव्यांग जनों को भोजन और फल वितरण कर उनके साथ वार्तालाप कर खुशियां भी बांटी। इस दौरान प्रबंधक वाईपी सिंह, पीएलवी सीमा बानो, सुधांशु तिवारी, ऊषा उपाध्याय समाजसेविका प्रभा पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सड़क पार कर अधेड़ किसान को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

▸ मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाया

उमर्दा कस्बे में गुरूवार की शाम सड़क पार कर रहे एक अधेड़ किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में किसान की गंभीर रूप में घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भेजा। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाकर इंदरगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी दी है।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हरौलपुर्वा गांव निवासी किसान राजेश कुमार (46) पुत्र गंगा सहाय गुरूवार की शाम किसी काम से उमर्दा आए हुए थे। यहां छह बजे के करीब सड़क को पार करते समय अज्ञात चैपहिया वाहन ने उसके टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। एम्बुलेंस की मदद से ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज तिर्वा लाया गया। यहां इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर मृतक के परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

### धान लदा ट्रक खाई में पलटा

**जैदपुर, बाराबंकी।** अहिरन पुरवा मोड़ स्थित जैदपुर भानमऊ मार्ग पर अज्ञात कारणों के चलते गहरे खाई में जाकर पलटा धान से लदा ट्रक, बाल बाल चालक व परिचालक, ट्रक को खाई पलटा देख लोगों की भीड़ लग गयी। मामला ज़ैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरन पुरवा मोड़ स्थित जैदपुर भानमऊ मार्ग का है। जहां पर रारी पुलिया के पास अज्ञात कारणों के चलते बीती बुधवार व गुरुवार के रात्रि करीब 1 बजे धान से लदा हुआ ट्रक गहरे खाई में जाकर पलट गया। इस घटना में चालक व परिचालक बार-बार बचे। वही गुरुवार की सुबह से ट्रक से धान की बोरियों को निकलकर राहत बचाव का कार्य किया गया हैं।

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरी पुत्री नाम Palwi Rai दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम Pallavi Rai है। विनोद कुमार राय, Army/JC No-482569Y, रैंक-सूबेदार, आर.सी.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-बरवा खुर्द, पोस्ट-बरवा कलान, जिला-गाजीपुर, राज्य-उत्तर प्रदेश-पिन कोड-275204.

**सूचना**

पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Prachi Parmar दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Prachi Panwar है। Prachi Panwar D/o of Army/JC No-481285H, Rank-Sub, (Hony Lt.) संत कुमार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम व पोस्ट-कलिंगा, (सवाई पाना) तहसील-भिवानी, जिला-भिवानी, हरियाणा, पिन कोड-127114.

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Rajbathi दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Rajvati है। जबकि जन्मतिथि का कॉलम पूरा नहीं भरा है, लिपिकीय त्रुटि के कारण उस कॉलम में तारीख और माह गायब हैं, केवल वर्ष अंकित है, जन्मतिथि भरने के लिए शपथ पत्र दिया जाता है, ताकि मेरी सही जन्मतिथि अंकित की जा सके। सही जन्मतिथि 01.07.1959 है। Rajvati M/o of Army/JC No-482263W, रैंक-सूबेदार, प्रदीप, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-खटकी, जिला मेरठ, यू.पी.-250406

# अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने मेडिकल स्टोरों व झोलाछाप डॉक्टरों के यहां मारा छापा

▸ सीएचसी का भी किया निरीक्षण, वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से पूछे हालचाल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नोडल अधिकारी बने डॉक्टर रंजन गौतम ने सीएचसी का निरीक्षण किया। वहीं कस्बे के झोलाछप चिकित्सकों के क्लीनिकों तथा मेडिकल स्टरों पर भी छापा मारा।

जिससे हड़कंप की स्थिति देखी गयी। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार दोपहर बाद पहुंचे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भार्ती मरीजों को देखा तथा उन्होंने डॉक्टर लोकेश शर्मा चिकित्सा अधीक्षक नवाबगंज को निर्देशित करते हुए बताया कि वह सर्दी के मौसम में सभी मरीजों को कंबल तथा बेड पर चादर, लोअर आदि मुहैया कराएं। वहीं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजन गौतम ने लेबर रूम का भी निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद नर्स स्टाफ से लेबर रूम के बारे में पूरी जानकारी जुटाई और उन्होंने निर्देशित करते हुए बताया कि किसी भी प्रसूता को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उनको गर्म कंबल अस्पताल परिसर की ओर से दिए जाएं। वहीं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजन गौतम ने सभी वार्डो का बारी-बारी से निरीक्षण किया और परिसर में गंदगी पाये जाने पर उन्होंने डॉक्टर लोकेश शर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की सीएचसी परिसर में गंदगी नहीं होनी चाहिए।


प्राइवेट क्लीनिक से निकलते अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी

### जनपद के विद्युत उपभोक्ता भारी छूट का उठाएं लाभ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने विधुत उपभोक्ताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना चलाई है। जिसके प्रचार. प्रसार के लिए जनपद में ढोल नगाड़ों और डुगडुगी बजवाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता इस छूट से लाभान्वित हो सकें। सरकार द्वारा समस्त भार के एलएमवी.1 ;घरेलू बत्ती एवं पंखा, एलएमवी.2 ,वाणिज्यिक, एलएमवी.4बी, निजी संस्थान, एवं एलएम बी.6, औधोगिक, विधा के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए बिलम्बित भुगतान अधिभार में छूट के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू की गई है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत मगन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह योजना तीन चरणो में लागू है। प्रथम चरण 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2024 तक द्वितीय चरण 01 जनवरी से 15 जनवरी 25 तक और तृतीय चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक योजना लागू रहेगी।

# अवैध मिलावट शराब विक्रेताओं पर करें कार्रवाई: डीएम



जिलाधिकारी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बैठक करते हुए कहा कि सभी योजनाओं के लंबित लाभार्थियो के आधार प्रमारीकरण के कार्य को ब्लाक एवं नगर पंचायतो से समन्वय स्थापित कार्य को समय से पूर्ण करें। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 1405 लक्ष्य के सापेक्ष अभी 719 जोडो का विवाह सम्पन हुआ है जो कम है लक्ष्य से सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के भीतर विवाह कराना सुनिश्चित करें। कहा कि अत्याचारों से उत्पीड़ित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र व्यक्तियो को आर्थिक सहायता योजना से लाभ दिया जाएं।

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राजस्व कार्यो एवं कर करेत्तर की आयोजित बैठक के दौरान विद्युतए वाणिज्य कर एवं स्टाम्प लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाये जाने पर शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी आबकारी निरीक्षक सक्रिय होकर क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। क्वालिटी, क्वांटिटी, और रेट पर विशेष ध्यान रखा जाये। अवैध मिलावट शराब विक्रेताओं पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आईजीआरएस व राजस्व वादों का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता में है। असंतुष्ट फीडबैक की वजह से जनपद की रैंक खराब हो रही है। इसलिए शिकायतों के निस्तारण के समय गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे। 5 वर्ष से अधिक पुराने मुकदमो के निस्तारण में जनपद की रैंक टॉप.टेन पर है।

03 से 05 वर्ष से अधिक पुराने मुकदमो के निस्तारण पर फोकस करें। रोस्टर बनाकर प्रत्येक शनिवार न्यायालय व आईजीआरएस तथा मंगलवार को राजस्व वादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। तामीला बहुत ही महत्वपूर्ण है। सभी उपजिलाधिकारी तामीला पर फोकस करें। बिना तामिला के डिसीजन नहीं हो सकताए लंबित तामीला को दर्ज करायें। समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदार कार्यालय में बैठकर कार्य करें। कर्मचारियों पर निर्भर न रहे। अविवादित वरासत को दर्ज करने में तेजी लायी जाये। जिन अधिकारियों कर्मचारियों की विभागीय कार्यवाही लंबित है उन्हें दण्डित किया जाये।

### परिवार के लोगों पर लगा धमकाने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** माता-पिता की मृत्यु के बाद पुत्र को परिवार के ही लोग बेवजह आए दिन लड़ाई झगड़ा करते है। साथ ही जान से मरवा देने की धमकी भी देते हैं। जिससे युवक को अपनी जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मल्हानपुर्वा निवासी राजकुमार पुत्र राजेंद्र कुमार ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि जब से उसके मां-बाप की मौत हुई है। तभी से उसके परिवार के लोग आए दिन उससे बेवजह लड़ाई झगड़ा कर तरह-तरह की धमकी देते हैं। जिससे उसे अपनी जान का खतरा बना रहता है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुँआ वि.ख. चरखारी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 13.12.2024 से 19.12.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेगी।

निविदा शुल्क निशुल्क

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | कुँआ | रेखराज के घर से रामअवतार के घर तक इंटरलॉक व नाली निर्माण | 3.08 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |
| 2. | मनरेगा | कुँआ | मंगी के घर से जूनियर हाईस्कूल कुँआखेड़ा तक इंटरलॉक व नाली निर्माण | 3.78 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान — सचिव

# नाड़ी विज्ञान आयुर्वेद का ब्रह्मास्त्र है : वैद्य एके कुलश्रेष्ठ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में हो रहे पीजी ओरिएन्टेशन एण्ड बीएएमएस ट्रांजिशनल कार्यक्रम के अन्तर्गत दसवें दिन डॉ. रेशमा ने बीएएमएस छात्र/छात्राओं को स्त्री रोगों के बारे में बताते हुए कहा कि व्यक्तिगत सफाई एवं आहार विहार का ध्यान रखने से सभी लोग निरोगी रह सकते हैं। इसके बाद ''वदतू संस्कृत'' कार्यक्रम में डॉ. अरिर्मदन सिंह ने छात्र/छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। आज के अतिथि वैद्य डॉ. एके कुलश्रेष्ठ जो कि जनपद के नाड़ी विषेशज्ञ है। उन्होंने छात्र/छात्राओं को नाड़ी के प्रकार, उनके द्वारा रोगों की पहचान करना समझाया। उन्होंने कहा कि नाड़ी ज्ञान के द्वारा हम लोगों की चिकित्सा आसानी से कर सकते हैं। नाड़ी ज्ञान आयेर्वेद का ब्रह्मास्त्र है। वैद्य एके कुलश्रेष्ठ का सम्मान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर किया। वैद्य कुलश्रेष्ठ के बारे में डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपने व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर हमारे बीच उपस्थित हुए और अपने अनमोल विचारों से हम सबका ज्ञानवर्धन एवं उत्साह बढ़ाया। इसलिये हमारी संस्था उनका आभार प्रकट करती है।



वैद्य एके कुलश्रेष्ठ को सम्मानित करतीं प्राचार्या अंजना दीक्षित

इसके उपरान्त डॉ. आनन्द बाजपेई प्रवक्ता अगदतंत्र विभाग ने छात्र/छात्राओं का अपने विचारों से ज्ञानवर्धन किया। लंच के बाद पीजी ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में डॉ. रोहित तिवारी जो कि फर्रुखाबाद के जाने माने शल्य चिकित्सक हैं। उन्होंने पीजी छात्र/छात्राओं को समर्पण भाव से ज्ञान अर्जित करने को कहा और संयमित एवं अनुशासन में रहकर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है, ऐसा बताया। बीएएमएस ट्रांजिशनल कार्यक्रम में शल्य विभाग की प्रवक्ता डॉ. अम्रथा ने ''बेसिक लाइफसपोर्ट'' विषय पर छात्र/छात्राओं का पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। उन्होनें छात्र/छात्राओं को जीवन में किसी भी परिस्थिति का मुकाबला समझदारी और दिमाग को शांत रखकर ही लेना चाहिये। ऐसा समझाया। आज के सभी कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित की देखरेख में हुए। कार्यक्रम में डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. रेशमा, डॉ. आनन्द वाजपेई, डॉ. अरीब हुसैन, मिस्टर अनूप (प्रशासनिक अधिकारी) आदि उपस्थित रहे।

# डीएसओ के निर्देश पर टीम ने की जांच, सरकारी गल्ले की दुकान पर नहीं मिला राशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ दूसरी दुकान पर रखा मिला 55 पैकेट राशन, ग्रामीणों को कार्यवाही का इंतजार

राशन कोटेदार की गड़बड़ी की शिकायत पर जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश पर गठित टीम ने राशन की दुकान खुलवाकर जांच पड़ताल की तो दुकान के अंदर राशन नहीं मिला। 55 पैकेट राशन दूसरे स्थान पर रखा मिला। टीम ने बरामद राशन को हुसैनपुर राजपुर के कोटेदार की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। जानकारी के अनुसार राजेपुर क्षेत्र के गांव गलारपुर के राशन कोटेदार समरपाल शर्मा को दिसंबर माह में वितरण के लिए 90 पैकेट राशन उपलब्ध कराया गया था। 8 दिसंबर को कोटेदार समरपाल शर्मा ने थाने में 21 पैकेट चावल व 18 पैकेट गेहूं दुकान का ताला तोड़कर चोरी होने की तहरीर दी। 9 दिसंबर को पूर्ति निरीक्षक अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ सहायक राजीव कुमार के साथ गलारपुर मे राशन की दुकान की जांच करने पहुंचे तो कोटेदार मौके पर नहीं मिला। पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार को बुलाया तो परिजनों ने बताया कि कोटेदार बाहर है और उन्हीं के पास दुकान की चाबी है। पूर्ति निरीक्षक ने दुकान सील कर दी थी। डीएसओ सुरेंद्र यादव ने एक टीम गठन किया। जिसमें क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अनिल कुमार यादव, पूर्व निरीक्षक नेहा गुप्ता, अमित चौधरी व वरिष्ठ सहायक राजीव कुमार को शामिल किया गया। टीम ने कोटेदार को बुलाकर राशन की दुकान की सील खुलवाई और जांच के दौरान दुकान में राशन नहीं मिला। कोटेदार ने बताया कि राशन दूसरी दुकान में रखा है। जांच टीम को राजपुर निवासी शीशराम की दुकान में 55 पैकेट राशन मिला। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि सरकारी गल्ला वितरण के लिए दुकान चिन्हित है, उस स्थान पर राशन रखा नहीं मिला। जांच करने वाली टीम की रिपोर्ट सौंपने पर उच्चाधिकारियों के आदेश पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। अपनी गर्दन फंसती देख कोटेदार भी राजनैतिक गोट बिछा रहा है। वहीं क्षेत्र में चर्चा है अभी तक कार्यवाही नहीं हुई, इससे लगता है कि कुछ खेल हो गया है।

# चेयरमैन के बुलावे पर मिलने पहुंचे रुपापुर चीनी मिल के अधिकारी


नदीम अहमद फारुकी से बातचीत करते चीनी मिल के अधिकारीगण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर की सड़कों से भारी वाहनों के आवागमन से लगने वाले जाम तथा दुर्घटनाओं को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष शमशाबाद जोया शाह फारूखी ने चीनी मिल रूपापुर के अधिकारियों को पत्र भेजकर वार्ता के लिए आमंत्रित किया था। उधर गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष जोया शाह फारूकी के पत्र को संज्ञान में लेते हुए रूपापुर चीनी मिल के अधिकारियों में कैन ऑफिसर मनोज कुमार जोशी, सहायक चीनी मिल मैनेजर कमलेश कुमार ने शमशाबाद पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष से वार्ता के जरिए समस्याओं का हल निकाला।

वार्ता में कहा गया ग्रामीण क्षेत्र से किसानों का गन्ना लाकर ट्रक जो शमसाबाद बाजार की सड़कों से होकर चीनी मिल रूपापुर जाते हैं। भारी वाहनों के प्रवेश से जहां एक ओर सड़कों पर जाम जैसे हालात हो जाते हैं, वहीं दूसरी और दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है, क्योंकि जिस मार्ग से गन्ने से भरे ट्रैकों का आवागमन होता है उस मार्ग के आसपास आबादी क्षेत्र है। बाजार होने के नाते चहल-पहल रहती है। इसके अलावा पब्लिक स्कूल भी। है इन स्कूलों में नगरवासियों के छोटे बच्चे आवागमन करते हैं।

भारी वाहनों ट्रकों आदि के प्रवेश से कोई अप्रिय दुर्घटना घट सकती है। साथ ही जाम से भी लोगों को जूझना पड़ता है।जिसका हल निकाला गया कि अब गन्ने से भरे ट्रकों का आवागमन रात्रि 8.00 बजे से सुबह 9.00 बजे तक होगा।

# नहर की पटरी कटने से किसानों की फसलें जलमग्न


नहर की कटी पटरी को ठीक करते ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नहर की पटरी कटने से किसानों की फसलें जलमग्न हो गयीं। जिससे किसानों को लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव जौरा में नहर की पटरी कटने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसलें जलमग्न हो गईं। जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। किसानों ने कड़ी मशक्कत कर नहर विभाग के सहयोग से पटरी को दुरुस्त किया। किसानों ने अपने खेतों में गेहूं, केला, सरसों की बुवाई कर रखी है। किसानों का कहना है फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गयी है। उन्होंने मेहनत से फसलें बोयी थीं। इससे उन्हें काफी नुकसान पहुंचा है।

# चोरों ने सर्राफा सहित तीन दुकानों को बनाया निशाना

▸ आभूषण सहित सामान व दस हजार की नकदी पार की

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने एक सर्राफा दुकान समेत तीन दुकानों के निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और चोरियों का जल्द खुलासा करने की बात कही। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजम खाँ निवासी राहुल की हिमान्शू ज्वैलर्स के नाम से ग्राम वरझाला में दुकान है। वहीं पर बबलू निवासी अलेपुर थाना शमसाबाद की इलेक्ट्रानिक्स की दुकान बरझाला में है। इसके अलावा पूर्णा कॉस्मेटिक की दुकान भी पास में ही स्थित हैं। बीती रात सभी लोग अपनी-अपनी दुकानें बंदकर घर चले गये थे। सुबह जब राहुल ने अपनी ज्वैलर्स की दुकान पर आकर देखा, तो उनकी दुकान का शटर टूटा देख आसपास लोगों की भीड़ जमा हो। वहीं पूर्णा कॉस्मेटिक की दुकान में नकब लगाकर चोरों ने चोरी की घटना को अन्जाम दिया। सर्राफा की दुकान से चोरों ने शटर उचकाकर उसमें रखी सेफ का लॉक तोड़कर दुकान के पीछे एक खेत मे फेंक गये। उसमें रखे सोने चाँदी के आभूषण सहित नगदी चोर चुरा ले गये। वहीं बबलू ने इलेक्ट्रानिक्स दुकान का शटर उचकाकर उसमें रखी बैटरी, गुल्लक में रखी 10 हजार की नगदी सहित आदि सामान चोर चुरा ले गये। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल की।


चोरों द्वारा तोड़कर डाली गयी छोटी सेफ

# 30 दिसम्बर तक भाजपा कर देगी नये जिलाध्यक्ष की घोषणा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत जनपद में संगठन को विस्तार देने के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा पूर्व प्रदेश महामंत्री विंध्यवासिनी ने पर्यवेक्षक के रूप में आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचकर पूरे संगठन पर्व अभियान की समीक्षा की। उन्होंने सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष पद पर इच्छुक कार्यकर्ताओं एवं जिला पदाधिकारियो से भेंट की। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे, जिला निर्वाचन चुनाव अधिकारी सुमन चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिला निर्वाचन चुनाव सह अधिकारी जय गंगवार व ममता सक्सेना, डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत मौजूद रहे। शिव महेश दुबे ने बताया भाजपा का संगठन पर्व अभियान पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। पार्टी अपने नए-नए कार्यकर्ताओं को संगठन में कार्य करने का अवसर देती है।

उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द पार्टी को सभी मंडलों में नए मंडल अध्यक्ष एवं नए जिलाध्यक्ष मिल जाएंगे। सुमन चतुर्वेदी ने बताया कि सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति प्रदेश नेतृत्व द्वारा की जाएगी। इसके लिए सभी मंडलों से तीन-तीन सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का पैनल प्रदेश नेतृत्व को सौंप दिया जाएगा। प्रदेश नेतृत्व द्वारा 20 दिसंबर से पूर्व ही सभी मंडलों में अध्यक्ष घोषित हो जाएंगे। 30 दिसंबर तक जनपद के जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

# ग्राम पंचायत अमरपुर मकोड़ा की कोटेदार बनीं सुमन देवी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरपुर मकोड़ा में पूर्व निर्धारित तारीख पर विकास खंड के अधिकारियों/कर्मचारियों ने पहुंचकर सरकारी राशन की दुकान का चुनाव कराया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरपुर नगला मकोड़ा में बीते दिनों निर्धारित की गई कोटेदारी के चुनाव की नियत तिथि पर पहुंचे विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी एडियो आईएसबी सुखदेश सिंह तथा एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह निश्चित तारीख पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने पहुंचकर कोटेदारी का चुनाव संपन्न कराया। जिसमें कोटे के चुनाव की दावेदारी के लिए सुमन देवी पत्नी सुभाष चंद्र तथा मालती देवी पत्नी कुलदीप कुमार, सीमा देवी पत्नी देवेंद्र सिंह ने अपनी-अपनी दावेदारी की। जिस पर ग्राम पंचायत के पंचायत घर पर सभी अधिकारियों ने ग्राम अमरपुर तथा ग्राम नगला मकोड़ा के सभी ग्रामवासियों को बुलाया और हाथ उठाकर चुनाव को करवाया। जिसमें हाथ उठाकर चुनाव करवाने वालों की संख्या में सीमा देवी पत्नी देवेंद्र कुमार को नौ लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ। वहीं मालती देवी पत्नी कुलदीप कुमार को 10 लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ। वहीं ग्राम अमरपुर निवासी सुमन देवी पत्नी सुभाष चंद्र को 132 लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ। जिस पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने सुमन देवी पत्नी सुभाष चंद्र को विजयी घोषित कर दिया और उनके अभिलेखों में लिखा पढ़ी दर्ज कर ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप कुमार ने अपनी विधिक प्रक्रिया पूरी कर चुनाव के परिणाम को घोषित कर सुमन देवी पत्नी सुभाष चंद्र को विजयी घोषित कर दिया।


कोटा चयन के दौरान मौजूद ग्रामीण व महिलायें

इस मौके पर एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, बीएमएम ममता देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप राजपूत, ग्राम प्रधान रामनिवास राजपूत तथा ग्रामीणों की भीड़ मौके पर मौजूद रही।

# प्रसूता ने दिया मृत बच्चे को जन्म, मोहल्ले में कोहराम

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

सिवारा खास निवासिनी एक महिला को प्रसव पीड़ा होने के बाद परिजन महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां पर मामला गंभीर बताकर चिकित्सक ने हाथ खड़े कर दिए। परिजन महिला को जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल ले गए। आपरेशन से मृत बच्चा पैदा होने के बाद महिला की भी सांसें थम गयीं।

सिवारा खास निवासी जितेंद्र शर्मा का विवाह 8 वर्ष पूर्व थाना उसहैत के अंतर्गत गांव गढ़िया छवि से पत्नी सत्यवती से हुआ था। बुधवार को सत्यवती को प्रसव पीड़ा होने के बाद परिवारीजन महिला को लेकर कायमगंज के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचे। वहां पर डाक्टर ने मामला गंभीर बताकर दूसरी जगह ले जाने की बात कही। उसके बाद महिला सत्यवती को परिजन जिला मुख्यालय के एक निजी हॉस्पिटल ले गए। परिजनों के अनुसार वहां पर सत्यवती ने आपरेशन के बाद एक मृत बच्चा पैदा हुआ। जिसे लोगों ने घटियाघाट ले जाकर दफन किया। और पुनः अस्पताल लौट आए। उसके कुछ समय बाद प्रसूता सत्यवती की भी मौत हो गयी। परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो मोहल्ले में कोहराम मच गया। महिला के एक 6 वर्षीय पुत्री रागिनी व 4 वर्षीय पुत्र प्रशांत है।

# नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत छह दुकानदारों का किया चालान

▸ फिर भी न माने तो दोबारा में दोगुना वसूला जायेगा जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में नगर पालिका परिषद डोर-टू-डोर फुटपाथ खाली कराने व अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रही है। जिसके तहत फतेहगढ़ में अभियान चलाकर 6500 रुपये का आधा दर्जन दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया है और उन्हे हिदायत दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण या फुटपाथ पर सामान रखा मिला तो डबल जुर्माना वसूलने के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।


डोसा दुकानदार को चेतावनी देते ईओ

गुरुवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार की अगुवाई में फतेहगढ़ सुभाष चौक (मलेटरी चौराहा) व छोटी जेल आदि मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकांश दुकानदार अपने-अपने शटर डालकर मौके से हट गये तो वहीं ठेली, खोमचा वाले भी नगर पालिका के कर्मियों को देखकर भाग खड़े हुए तो कई जगह लोगों ने तर्क-वितर्क भी किया, लेकिन नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के आगे उनकी एक न चली।

फतेहगढ़ चौराहे के निकट स्कूल वाउन्ड्री के पास लगी ठिलियों को हटवाया गया और उन्हें हिदायत दी गई कि दोबारा सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से अतिक्रमण करते पाये गये तो दोगुना जुर्माना वसूला जायेगा और कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी। अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने हमारे संवाददाता को बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान नियंतत्रण जारी रहेगा। दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर फुटपाथ पर अपना सामान लगा देते है और उसके आगे वाहन खड़े हो जाते है जिससे जाम लगने की स्थिति उत्पन्न होती है। इसलिए नगर पालिका द्वारा बराबर लाउड स्पीकर से एलाउंस कराया जा रहा है कि स्वयं अपना सामान फुटपाथ से हटा लें, दुकान के बाहर न लगाये और फिर भी नहीं मानेंगे तो चालान किया जायेगा। गुरुवार को छह दुकानदारों को चालान किया गया है, जिनसे 6500 रुपये की वसूली की गई है। दूसरी बार में दोगुना जुर्माना लगाया जायेगा और नियमानुसार जो कार्यवाही बनती है वह भी की जायेगी। इस दौरान नगर पालिका से संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी को कम्पोजिट विद्यालय गैसिंगपुर की शिक्षा व्यवस्था मिली चौपट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा कम्पोजिट विद्यालय गैसिंगपुर ब्लॉक मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में विद्यालय में शिक्षा का स्तर खराब पाया गया। कक्षा 05 के बच्चों को अंग्रेजी के शिक्षक द्वारा सही से नहीं पढ़ाया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में पौधारोपण कराने व फूलों के पौधे लगाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से मिड-डे मील में मिल रहे खाने की गुणवत्ता व मात्रा के बारे में जानकारी की गई।


बच्चों को पढ़ाते जिलाधिकारी

विद्यालय में चल रहे आंगनवाड़ी केंद्र के भवन व टॉयलेट को सही कराने के लिये निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद को बच्चों को चिड़ियाघर दिखाने के लिये ले जाने के लिये निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कक्षा 07 के बच्चों को गणित के सवाल हल कराये गये। विद्यालय में कुल पंजीकृत 352 के सापेक्ष 254 बच्चे उपस्थिति पाये गये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रशिक्षु, खंड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद मौजूद रहे।

# ओवर ब्रिज से बाइक सवार युवक नीचे गिरा, हालत गंभीर

**शमसाबाद,समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार बाइक सवार की बाइक ओवर ब्रिज से नीचे गिर गयी। जिससे बाइक सवार गम्भीर रुप से घायल हो गया। पूर्व चेयरमैन ने एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया जहां घायल की हालत खराब बनी हुई है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव शुकरुल्लापुर रेलवे क्रॉसिंग के ओवर ब्रिज से कायमगंज की तरफसे आ रहे दोपहर के समय बाइक चालक की बाइक अनियंत्रित होकर पुल की बाउंड्री से टकराई और बाइक सवार नीचे गिर गया। बाइक सवार की हालत गंभीर देख निकल रहे शमशाबाद पूर्व अध्यक्ष विजय गुप्ता ने पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भिजवाया। हालत गंभीर होने के कारण युवक बेहोश अवस्था में था। ओवर ब्रिज से कई हादसा हो चुके हैं और कई बार जांच हो चुकी है। कुछ दिन पूर्व आरटीओ और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने जांच की थी। कई बार बाइक सवार ओवर ब्रिज से नीचे गिरे। जिसमें खगऊ के दंपति भी गिरकर घायल हुए थे और मंझना निवासी रामकुमार की बाइक सहित नीचे गिरकर मौत हो चुकी है। ग्रामीणों की मानें तो ओवर ब्रिज पर कई मोड़ें हैं। जिस कारण हादसे होते हैं।



# खंड शिक्षाधिकारी का स्कूलों में निरीक्षण करने का दावा हवा हवाई


स्कूल में झाड़ू लगाते बच्चे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक किस तरह से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, इसका नजारा गुरुवार को एक स्कूल में देखने को मिला। जिन बच्चों के हाथ में कलम व कॉपी होनी चाहिए थी, उनके हाथों में झाड़ू थी और वह स्कूल की सफाई करने में मशगूल थे।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरार के मजरा गिलौंदा के संविलियन विद्यालय में शिक्षा की पोल उस समय खुली जब मीडियाकर्मियों के स्कूल पहुंचने पर जिन बच्चों के हाथों में कॉपी किताबें होनी चाहिए थी, वह झाड़ू लेकर सफाई कर रहे थे।

जब इसकी जानकारी वहां मौजूद इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिक्षक रजनीश कुमार से की गई, तो वह मीडियाकर्मियों के सवालों से बचत नजर आए। उन्होंने कोई भी इसका स्थाई उत्तर नहीं दिया और लगातार वह गुहार लगाते रहे की यह खबरें अखबार में प्रकाशित न करें, लेकिन मजे की बात है कि खंड शिक्षा अधिकारी रोजाना सुबह से ही विद्यालयों के निरीक्षण में निकलते हैं और लगातार शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होने की बात कहते हैं, लेकिन उनके यह दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं, क्योंकि जब उनके ही शिक्षक निरंकुश हो गएं है जो बच्चों को किताबों की जगह झाड़ू तथा फावड़ा थमाये हुए हैं। वहीं विद्यालय में बने शौचालय जो कभी भी खुले नजर नहीं आए। जिनके बाहर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सुखी लैट्रिन ने सीटें जाम हैं। यदि खंड शिक्षा अधिकारी निरीक्षण करते, तो ऐसी बद्तर स्थिति विद्यालय की नहीं होती। जब इसकी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा को दी गई, तो उन्होंने बताया कि वह फोटो भेजकर शिक्षकों से स्पष्टीकरण तलब करेंगे और उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं लग रहा है कि खंड शिक्षा अधिकारी ऐसे शिक्षकों पर कोई भी कार्यवाही करें, क्योंकि लगातार मीडियाकर्मी विद्यालयों में जाते हैं और खबरें प्रकाशित की जाती हैं, लेकिन शिक्षकों पर इसका कोई भी असर नहीं है और ना ही इसकी कहीं पर भी कोई कार्रवाई नजर आती है।


स्कूल के पीछे खड़ी झाड़ियां

### प्रधानाध्यापक बोले सफाईकर्मी नहीं आते

प्रधानाध्यापक रजनीश कुमार ने बताया कि यहां सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं। इस वजह से विद्यालय में कोई सफाई नहीं हो पाती है। जब इस बाबत जानकारी एडियो पंचायत कृष्णपाल से करनी चाही, तो उनका फोन नॉट रीचेबल था और वह किसी दूसरी ग्राम पंचायत में कोटे का चयन करने गए हुए थे। जिससे उनसे कोई भी सफाई कर्मचारी के संबंध में बात नहीं हो सकी, जबकि सरकार का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत जो दीवारों पर नए-नए पोस्टर छापे जाते हैं, लेकिन स्वच्छ भारत मिशन का संदेश केवल कागजों तक ही सीमित है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी धरातल पर स्वच्छ भारत मिशन के लिए ध्यान नहीं दे रहा है।

# विष्णु नारायन अरोड़ा के सहयोग से स्वर्गधाम का हो रहा है जीर्णोद्धार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित शमशान घाट का जीर्णोद्धार कराने के लिए विष्णु नारायण अरोड़ा फिर सक्रिय हुए है। शमशान घाट में आने वाले शवों के लिए लोहे के 6 एंगल शवदाह के लिए तैयार कराये जा रहे है। जिनका लगना शुरु हो गया है। शमशान घाट में महामृत्युंजय जाप साउंड के माध्यम से हो रहा है।

जिसके लिए दो नये साउंड लगवाये गये है। 60 हजार रुपये के छह एंगल तैयार हुए है। फर्श एवं टूटी दीवारों का मरम्मत काम शुरु करा दिया गया है। राज्यसभा सदस्य टीएन चतुर्वेदी द्वारा बनवायी गई फर्श भी टूट गयी है उसका भी कार्य जारी है। काफी दिनों के बाद पांचाल घाट स्थित बने शमशान घाट के दिन बहुरने वाले है। भईयन मिश्रा व उनके सहयोगियों ने विष्णु नारायन अरोड़ा का साथ दिया तो वह पुनः कार्य कराने के लिए तैयार हुए है। विष्णु नारायन अरोड़ा के पास अपने सहयोगियों द्वारा कुछ एकत्र की गई धनराशि थी, उसी से कार्य शुरु किया है। 50 हजार रुपये सरिया वाले को दिये है, और बांकी कुछ पैसों की सीमेंट आदि सामान आया है, अभी अन्य जगह से कोई भी सहयोग नहीं मिला है।



शमशान घाट पर लोहे के एंगल लगाते मजदूर

> वर्तमान में अवैध वसूली का कार्य बंद हुआ है इसके लिए लोग भईयन मिश्रा व उनकी टीम को दे रहे है बधाई

उन्होंने कहा कि जो क्षमता है उसी के अनुसार काम करा रहे है। अगर कोई और सहयोग करेगा तो शमशान घाट को और बेहतर बनाने का प्रयास जारी रहेगा। वैसे तो शमशान घाट की व्यवस्था अच्छी हो सभी चाहते है, पर धनराशि के रुप में विष्णु नारायन अरोड़ा का कोई सहयोग नहीं कर रहा है। समाजिक व व्यवहारिक तथा जन समर्थन का सहयोग सभी कर रहे है। विष्णु नारायन अरोड़ा का कहना है कि सभी के सहयोग से शमशान घाट को बेहतर बनाना मेरा उद्देश्य है। जिसके लिए मैं प्रयत्न जारी रखूंगा। लगभग 2 लाख रुपये का कार्य कराने की व्यवस्था कर रहे है। जिसमें कुछ दवा व्यापारियों से भी सहयोग मांगेगे, तभी यह कार्य पूर्ण हो पायेगा। पांचाल घाट पर बने शमशान घाट पर अवैध वसूली का कार्य भईयन मिश्रा ने बंद कराया और बाल पेंटिंग कराकर लोगों को जागरुक किया। वर्तमान में अवैध वसूली का कार्य बंद हुआ है। इसके लिए लोग भईयन मिश्रा व उनकी टीम को बधाई दे रहे है।

# प्रशिक्षु चिकित्सकों ने कैम्प लगाकर किया प्रकृति परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाये गये प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत ग्राम चाचूपुर भरखा सलेमपुर एवं मानिकपुर, टिमरुआ व साहेवाबाद में जन सामान्य कैम्प लगाकर प्रकृति परीक्षण का आयोजन हुआ। मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा गंगापार क्षेत्र में डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. सुहेल तथा डॉ. पीयूष माधव ने छात्र-छात्राओं के साथ घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संरक्षण के नियमों की जानकारी दी।

दूसरे कैम्प में डॉ. निरंजन एस, डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. विकास बाबू व डॉ. भारती ने छात्र-छात्राओं के साथ नागरिकों को प्रकृति परीक्षण स्वस्थ रहने की व आहर विहार की जानकारी दी। केडी बालिका डिग्री कालेज आवास विकास में 2021 के बैच किशन, मनोज, दीक्षा, ज्योति ने कॉलेज की छात्राओं का परीक्षण किया और व्यवस्था डॉ. अंजना दीक्षित व नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने देखी। कैम्प में नीरज, वैभव, नवीन, कीर्ति, कुमकुम, आदिती, ऋषिका, विश्वजीत आदि छात्र-छात्रायें मौजूद रही।




प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

# शिक्षक नेताओं ने मूल्यांकन पारिश्रमिक दिलाये जाने की उठायी मांग

> शिक्षक हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा: सतेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन का पारिश्रमिक न मिलने के संबंध में शिक्षक नेताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई वर्ष 2024 के मूल्यांकन केंद्र राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में मूल्यांकन का पारिश्रमिक अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि परीक्षा मूल्यांकन केंद्र रस्तोगी इंटर कालेज में करने वाले सभी शिक्षकों का भुगतान हो गया है। जनपद के शिक्षकों में रोष व्याप्त है तथा शैक्षिक सत्र समाप्ति की ओर है। जनपद के दोनों केंद्रों का भुगतान मूल्यांकन करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं का पारिश्रमिक भुगतान जारी किया जाये। जबकि 2022 व 2023 का कुछ शिक्षकों का पारिश्रमिक भुगतान अवशेष है उनका भी मूल्यांकन पारिश्रमिक भुगतान जारी किया जाये। शिक्षक नेता सतेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों के हित के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे, रजनीश शिवा, जिला संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह, करन पाल यादव, सुनील कुमार पाल, केशव कुमार गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता



रेलवे रोड पर हो रहा नाले का निर्माण कार्य

## रेलवे रोड पर नाला निर्माण के चलते लग रहा है जाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे रोड पर दो साल के बाद नाले का निर्माण कार्य पिछले एक सप्ताह से शुरु है। नाला खोदने के दौरान निकाली गई मलवा गिट्टी सड़क पर डाल दी गई है जिस कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। आदि सड़क मलवे व मिट्टी से बंद है। जिस कारण आम नागरिकों को निकला मुश्किल हो रहा है। रामानंद बालक इंटर कालेज के सामने नगर पालिका द्वारा बनवाये जा रहे नाले का निर्माण कार्य जारी है।

ठेकेदार से स्थानीय लोगों ने मिट्टी हटाने की बात कही तो ठेकेदार ने कहा कि मिट्टी नालों की साइडों में भरी जायेगी, इसलिए नहीं हटेगी। ऐसे में जाम की स्थिति बनने से लोग परेशान है। रेलवे रोड पर जाने के लिए घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है।

# किसी भी मरीज को बाहर की नहीं लिखी जायेगी दवा: डीएम

## जिलाधिकारी ने लोहिया का निरीक्षण कर 14 बच्चों गर्म कपड़े व वितरित किये खिलौने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय के एनआरसी वार्ड पहुंचकर इलाज के बाद स्वस्थ हुये 14 बच्चों को गर्म कपड़े, फल, बॉर्नविटा, खिलौने आदि उपहार दिये। बच्चों की माताओं को साड़ी, शॉल उपहार में भेंट कर बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक लोहिया अस्पताल पुरुष व महिला को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को बाहर की दवाइयां न लिखी जाये, सभी को अस्पताल से ही दवाये उपलब्ध कराई जाये व अस्पताल के सभी कर्मी अपना आईडी कार्ड गले में डाल कर रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, डीपीओ व सबंधित मौजूद रहे।



मां व बच्चे को फल व गर्म कपड़े वितरित करते डीएम

### प्रतिबंधित पॉलीथिन में फल रख कर डीएम से स्वास्थ्य विभाग ने बंटवायें

**फर्रुखाबाद।** जिला स्तर पर कई बार प्रतिबंधित पॉलीथिन के चलन पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया गया। कुछ समय के लिए खुलेआम पॉलीथिन के प्रयोग पर रोक दिखायी दी, लेकिन चोरी छिपे लोग बेंचते रहे। ऐसा नहीं है कि प्रतिबंधित पॉलीथिन के चलन की छूट दी गई हो। अभी भी पूर्ण रुप से इस पर फाइलों में रोंक जारी है, लेकिन मचे की बात यह है कि जिले के मुखिया खुद अपने हाथों से प्रतिबंधित पॉलीथिन में फल रखकर मरीज को देते दिखायी दे रहे है। अब जब जिलाधिकारी ही खुद इसे अनदेखा करेगें तो आम आदमी के लिए क्या कहा जाये।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थतियों में युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घसिया चिलौली निवासी अमन उम्र 25 वर्षीय पुत्र कालीचरन ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में अमन सैनी की मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी रूबी व अन्यपरिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे चार पत्नी तथा चार वर्षीय पुत्र आयुष को छोड़ गया। वहीं परिजनों ने बताया की अमन मानसिक रुप से विक्षिप्त होने के कारण उसका इलाज सावित्री हॉस्पीटल में चल रहा था।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में कॉफी पर चर्चा का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को सुदृढ़ करने और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विचार-विमर्श के लिए काफी पर चर्चा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, उपनिदेशिका अंजू राजे, प्रधानाचार्य संजय बिष्ट और अभिभावक डॉ. कुमार भट्ट ने दीप प्रज्वलन कर किया। मिथिलेश अग्रवाल ने कहा हमारा उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देना है, बल्कि उनके व्यक्तित्व को भी संवर्धित करना है।

कार्यक्रम के माध्यम से हम अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करेंगे। उपनिदेशिका अंजू राजे ने कहा सफलता केवल शिक्षा में नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू में सहयोग, संवाद और समझ में है। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कार्यक्रम के महत्व पर बल देते हुए कहा अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सहयोग छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय की पाठ्यक्रम संरचना, अनुशासन प्रणाली, सुरक्षा प्रबंधन और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के संदर्भ में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने डिजिटल शिक्षा, नैतिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानाचार्य ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और उन्हें प्रभावी रूप से लागू करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉ0 कुमार भट्ट सहित कई प्रमुख अभिभावकों ने विद्यालय की नैतिक और शैक्षणिक कोशिशों की सराहना की।

हेड ब्वॉय और हेड गर्ल ने अपने प्रेरक भाषण से कार्यक्रम को विशेष बना दिया। नवीन शाक्य ने सीबीएसई में हाल के परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। संचालन शिवा सिंह ने किया। इस मौके पर लक्ष्मी यादव, शिवानी मिश्रा, अतुल श्रीवास्तव, ज्योति प्रधान का योगदान रहा।



कार्यक्रम में मौजूद अभिभावक

# ओपन सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए 12 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन द्वारा 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक बलिया के महावीर पोखरा सहतवार में 51वीं सीनियर ओपन महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है।

जिसके लिए जनपद सीनियर महिला टीम का चयन गुरुवार को स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में हुआ। ट्रायल के दौरान 38 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। समिति ने जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, सपना यादव, अरुण कुमार, विमलेश, सुभाष चन्द्र आदि ने खिलाड़ियों का चयन किया। जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह व जिला कबड्डी एसोसिएशन के जिला सचिव कुलदीप यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दी। महिला ओपन स्टेट कबड्डी के लिए जनपद से 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ। जिसमें मोनिका यादव, सेजल, उमांशी, रोशनी यादव, रुपाली, अंजली, लवी, नैन्सी, सुहानी, साधवी यादव, कृतिका, अंशिका आदि का चयन हुआ। टीम के कोच सीवी शर्मा व टीम मैनेजर अंशुल कुमार मौजूद रहे।



कबड्डी चयनित महिला खिलाड़ी

# पल्स पोलियो अभियान की हुई समीक्षा



बैठक में मौजूद चिकित्सक

> टीमें घर घर पिला रही हैं पोलियो की खुराक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 8 दिसम्बर से शुरू हो चुका है जो 16 दिसम्बर तक चलेगा।

इसके अंतर्गत शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। सिविल अस्पताल लिंजीगंज में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने सभी सुपरवाइजर और सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक सम्पन्न हुई।

डॉ. सर्वेश यादव ने कहा कि देश से पोलियो उन्मूलन हो चुका फिर भी एहतियात के तौर पर पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। डॉ राणा ने बताया कि शहर के मोहल्लों और मलिन बस्तियों में पोलियो टीम द्वारा पांच साल से छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है समेरा सभी से अनुरोध है कि अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। इस दौरान नगरीय स्वास्थ्य केंद्र रकाबगंज से डॉ. शोभा सक्सेना, डॉ नवनीत, आईओ अक्षय सेंगर, विश्व स्वास्थ्य संगठन से फरहत अली जैदी, अनुपम मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद्भगवत गीता मानव जीवन के लिये है अमृतधारा: डॉ शिव ओम अंबर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री राधा श्याम शक्ति मन्दिर में त्रिदिवसीय व्याख्यान माला के समापन अवसर पर डॉ. शिव ओम अम्बर गीताज्ञान यज्ञ में भगवान के भक्तों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि मोक्षदायिनी गीता मानव जीवन की अमृत धारा है जो लोग इसका नित्य पठन-पाठन और आचरण करते हैं उनका जीवन अमृतमयी हो जाला है और गीता उनको मोक्ष प्रदान करती है।

गीता के नवां अध्याय 22वां श्लोक एवं अठारहवां अध्याय काम 66वां श्लोक की व्याख्या करते हुये मानव जीवन में ब्रह्म की व्याख्या करते हुए कहा सब प्रकार के आचरज नियमों को छोड़कर मेरी शरण में आजा जो मेरे भक्त हैं अनन्य भक्त है। उनके योग क्षेम कुशल का वहन में स्वयम् करता हूं। आध्यात्मिक गीता-ज्ञान के गूढ तत्वों का विवेचन करते हुये मानव जीवन के लिये अमृतमयी धारा कहा जो लोग इसका नित्य पाठ करते हैं और अपने आचरज में लाते हैं भगवान उनके ऊपर स्वयं ही कृपा की वर्षा करते हैं, अर्थात उनका जीवन सुख समृद्धि मय हो जाता है। इनका यह जन्म अच्छा होता है और अगला पुर्नजन भी अच्छा होता है। निष्काम कर्म, धर्म, अधर्म, पाप, पुण्य, ब्रह्म की उपासना ईश्वर भक्ति, मानवसेवा, लोककल्याण के लिये कार्य करने के लिये सभी को गीता ज्ञान सुनाया श्रीमद् गीता का पूजन किया। गीता मर्मज्ञ विद्वान डॉ. शिव ओम अम्बर, डॉ. रामबाबू पाठक, सन्तोष पाण्डेय आदि विद्वानों कों अंगवस्त्र, पुष्प माला, या गीला ग्रन्य, गीता डायरी के द्वारा अभिनन्द किया। आयोजक सुरेन्द्र कुमार सफ्फड़ ने गीता ज्ञान यज्ञ में आये भक्तों को धन्यवाद एवं आभार व्यक किया और गीता के अध्ययन अपने जीवन को सुख मय, मंगलमय बनाने के लिये कामना की।

इस अवसर डॉ. राम बाबू पाठक (मानस मर्मज्ञ), डॉ. सन्तोष पाण्डेय, आलोक गौड़, पवन अग्रवाल, अशोक मिश्रा, संजय गर्ग, सुनील अवस्थी, डॉ. मनोज महरोत्रा, कन्हैया लाल जैन, रवीन्द्र भदौरिया, अनुराग पाण्डेय, उत्कृष अग्निहोती, आलोक गौड़, शशी रस्तोगी, अलका पाण्डेय, मधु गौड़, रोहित सफ्फड़, जितेन्द्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे। सभी को गीता वितरित की गई।



कथा में मौजूद डा0 शिवओम अम्बर व अन्य

## ब्रह्मकुमारी आश्रम में मनाया गया 13वां शिव दर्शन वार्षिकोत्सव

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में स्थित शिव दर्शन ब्रह्माकुमारी आश्रम में गुरुवार को 13वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फतेहगढ़ सेवा केंद्र की संचालिका बीके सुमन बहन ने की। आवास विकास सेवा संचालिका शणिमा बहन, अमृतपुर क्षेत्र इंचार्ज बीके सौम्या एवं नगर के गणमन व्यक्ति भाजपा विधायक प्रतिनिधि शिवकुमार गोयल, रामनिवास शर्मा, सुरेंद्र सिंह यादव, प्रधानाचार्य विमल कांटेक्ट, सत्य प्रकाश कटियार, अरविंद सिंह यादव सहित नगर के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। बी0के0 कुसुम बहन ने सभी मेहमानों का नृत्य से स्वागत किया। इसके अलावा सभी मेहमानों का स्वागत पगड़ी एवं फूल माला एवं तिलक लगाकर किया।

# धुंधली और धुंधकारी की कथा सुन श्रोता हुए मंत्र मुग्ध

> राम वन गमन की कथा का भक्तों ने किया रसपान
> श्रीमद् भागवत कथा सुनने से धुंधकारी को प्रेतयूनी से मिली थी मुक्ति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नगर कालोनी में चल रहे 19वें धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए आचार्य दाताराम अग्निहोत्री ने धुंधली और धुंधकारी की कथा सुनायी। उन्होंने कहा कि तुंग भद्रा नदी के किनारे एक नगर में आत्मदेव नामक ब्राह्मण रहता था, उसकी पत्नी का नाम धुंधली था। धुंधली शरीर से जितनी सुंदर थी उतनी ही क्रूर थी। घर में सारी सुख सुविधाओं के बाद भी कोई शांति नहीं थी और न ही संतान प्राप्ती हुई।

एक दिन दुखी होकर आत्मदेव आत्महत्या करने के लिए एक तालाब में कूदने वाले थे, तभी उन्हें एक सन्यासी ने बचा लिया, फिर सन्यासी ने उनके दुख का कारण पूछकर एक फल दिया और कहा कि इसे पत्नी को खिलाना। इस फल को खाने से उनको संतान की प्राप्ती होगी। धुंधली की बहन ने ब्राह्मणी ने उस समय वह गर्भवती थी, उसने अपनी बहन से कहा कि बहन यह फल तुम मत खाना और गाय को खिला दो और मेरे जो संतान होगी मैं तुम्हे सौंप दूंगी। धुंधली ने बहन का कहना मान फल को गाय को खिला दिया। फल के प्रभाव से गाय ने मानव रुपी बच्चे को जन्म दिया। जिसका नाम गोकर्ण रखा गया, जो विद्धान था। धुंधली की बहन ने भी एक बालक को जन्म दिया। जिसे उसने धुंधली को सौंप दिया और उसका नाम धुंधकारी रखा गया। जो दुष्ट और दुराचारी बना। धुंधकारी अत्याचारों के फल स्वरुप प्रेत बना। जिसका उद्धार गोकर्ण ने किया। साथ ही मानस वक्ता डॉ. रामबाबू पाठक ने राम वन गमन की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा दशरथ ने अपने पुत्र राम को अपनी वृद्धावस्था को देखते हुए उन्हे युवराज बनाने की घोषणा की, तभी देवताओं ने मां सरस्वती को भेजकर दासी मंथरा की मति फेरी और मंथरा ने कैकई को समझाया तो कैकई ने पहले मंथरा को डांटा फिर बाद में उसकी राय को सही समझकर कोप भवन चली गयी। जब राजा दशरथ ने कोप भवन में जाकर उनके क्रोध का कारण पूछा तो उन्होंने वरदान मांगने की बात कहीं थी। दशरथ ने कहा कि दो की जगह चार मांग लो। पहला वरदान भरत को राज गद्दी, दूसरा वरदान राम को 14 वर्ष का वनवास मांगा। दशरथ ने स्वीकार किया तथा राम-लक्ष्मण, सीता वन चले गये। कथा का संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस मौके पर निद्रोष शुक्ला, सर्वेश अवस्थी, अखिलेश द्विवेदी, रामबाबू मिश्रा, उमेश मिश्रा, ब्रह्मानंद मिश्रा, महेश मिश्रा, बृजेश दुबे, अवधेश पाण्डेय ने व्यवस्था देखी।



कथा का श्रवण करते श्रोता

# मण्डी में आलू की आमद बढ़ी, भाव रहा स्थिर



मण्डी में लगे आलू के बोरे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मण्डी सातनपुर में सोमवार को आलू की आमद बढ़ी। भाव पिछले दिन की तरह स्थिर रहा। मण्डी में आलू की आमद लगभग 85 मोटर रही। आलू 751 रुपये से 911 रुपये पैकेट बिका। मण्डी में लगातार आलू की आमद बढ़ रही है। बाहर व्यापारियों ने आकर आलू की खरीददारी की। आमद बढ़ने के बाद भी आलू का भाव स्थिर है। नया आलू मण्डी में पूर्ण रुप से आने लगा है। आलू कच्चा होने के कारण शीघ्र बिकवाली होकर अन्य मण्डियों व दुकानों पर भेज दिया जाता है। खेतों में किसानों ने आलू की खुदाई करना शुरु कर दी है। आलू का साइज सामान्य हो गया है। पिछले सप्ताह खुदाई के दौरान आलू का साइज छोटा था। मण्डी में इन दिनों आलू की बिक्री ठीकठाक है।

### आलू आढ़ती के निधन पर की गई शोक संवेदना व्यक्त

**फर्रुखाबाद।** सातनपुर मण्डी के आढ़ती अनिल दीक्षित का बीती रात निधन हो गया। आलू आढ़तियों व कारोबारी एवं किसानों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की उसके बाद मण्डी का कार्य विधिवत रुप से शुरु हुआ।

# उत्तराखंड लागू करेगा देश की प्रथम योग नीति : मुख्यमंत्री

## सीएम धामी ने राजधानी देहरादून में 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस व आरोग्य एक्सपो 2024 का किया आगाज

**केंद्र सरकार से उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोलने का अनुरोध**

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार देश की प्रथम योग नीति लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है। योग नीति आयुर्वेद और योग को व्यापक स्तर पर साथ लाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्रांति लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

परेड ग्राउंड में गुरुवार को आयोजित 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो 2024 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में इस आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया और कहा कि ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमारे प्रदेश में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और 6000 से अधिक विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। एक्सपो में लगाए गए 250 से अधिक स्टॉल आयुर्वेद की वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता का प्रमाण दे रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह सम्मेलन आयुर्वेद के क्षेत्र में परस्पर ज्ञान साझा करने व विभिन्न शोध कार्यों को बढ़ावा देने के साथ सहयोग और व्यापार के नए अवसरों को बढ़ावा देगा। उन्होंने आयुष के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी प्रदेश में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्तमान में राज्य में आयुष आधारित 300 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का संचालन हो रहा है। ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से 70



से अधिक विशेषज्ञों द्वारा आयुष परामर्श प्रदान किया जा रहा है। अब प्रत्येक जनपद में 50 बेड और 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालयों की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा सरकार प्रत्येक जनपद के एक गांव को मॉडल आयुष गांव के रूप में स्थापित कर आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष निर्माण, वेलनेस, शिक्षा, शोध और औषधीय पौधों के उत्पादन को गति प्रदान करने के लिए उत्तराखंड आयुष नीति लागू कर चुकी है। साथ ही प्रदेश सरकार आगामी वर्षों में आयुष टेली-कंसल्टेशन प्रारम्भ करने के साथ- साथ 50 नए योग और वेलनेस केंद्र स्थापित करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का प्रस्तावमुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय से अनुरोध किया है। ये संस्थान आयुर्वेद शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञों से आह्वान करते हुए कहा कि हमारी जड़ी-बूटियों के हिंदी नामों के साथ अंग्रेजी नामों को भी प्रचारित किया जाए। इससे स्थानीय जड़ी बूटियों की वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ में हम किलमोड़े को जानते हैं, लेकिन उसके अंग्रेजी नाम बेरीबेरीज को अधिकतर लोग नहीं जानते हैं। जबकि इस नाम को पूरा विश्व जानता है और इससे दवाएं बनती हैं, इसलिए अंग्रेजी नाम भी प्रचारित किया जाना चाहिए।इस मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, डॉ. धन सिंह रावत, विधायक खजान दास, सविता कपूर, उमेश शर्मा काऊ, किशोर उपाध्याय, झांसी के सांसद अनुराग शर्मा, आचार्य बालकृष्ण शामिल हुए।

### उत्तराखंड आयुर्वेद की प्रज्ञा भूमि

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड प्राचीनकाल से ही आयुर्वेद और औषधीय संपदा की प्रज्ञा भूमि रही है। प्रदेश में पाए जाने वाली औषधीय जड़ी-बूटियों ने आयुर्वेद को आरोग्य के आधारभूत तत्व के रूप में स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद विश्व की एक ऐसी विशिष्ट चिकित्सा प्रणाली है जो प्राचीनकाल से ही मानव सभ्यता का आरोग्य सुनिश्चित करती आ रही है। आयुर्वेद मात्र जड़ी-बूटियों और औषधियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि आयुर्वेद जीवन जीने की एक विशिष्ट कला है। ये हमें सही जीवन शैली के बारे में बताता है। इसका उद्देश्य रोगों को ठीक करना ही नहीं है बल्कि इसका अंतिम लक्ष्य रोग को होने ही न देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय आयुष मिशन और प्रकृति परीक्षण अभियान जैसे विभिन्न कार्यक्रम आज शहरों से लेकर गांवों तक आरोग्य स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक्सपो का विधिवत शुभारंभ करने के बाद स्टॉल का भी निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भेजा संदेशसम्मेलन में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर भेजे गए संदेश को पढ़ा। उद्घाटन सत्र को राष्ट्रीय आयोजन सचिव, विज्ञान भारती डॉ. शिव कुमार शर्मा, 10वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के चेयरपर्सन वैद्य पीएम वॉरियर, उत्तराखंड शासन में सचिव आयुष रविनाथ रमन ने भी संबोधित किया।

# डब्ल्यूटीओ सदस्यों ने एक वर्ष के लिए 169 नए व्यापार प्रतिबंध लागू किए

एजेंसी

**जिनेवा।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों ने पिछले वर्ष अक्टूबर से एक साल की अवधि में विदेश-व्यापार पर 169 नए प्रतिबंधात्मक कदम उठाए जिससे वैश्विक व्यापार वातावरण तेजी से अनिश्चित और बढ़ गयी है। संगठन की महानिदेशक नगोजी ओकोन्जो-इवेला ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में इस तथ्य का उल्लेख किया है। इसी दौरान व्यापार शुल्क में कटौती और प्रक्रियाओं के सरलीकरण के विभिन्न उपायों से सैकड़ों अरब डालर का व्यापार और आसान भी हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है अक्टूबर 2034 से 12 महीनों के दौरान डब्ल्यूटीओ सदस्यों द्वारा लागू किए गए 169 नए व्यापार-प्रतिबंधात्मक निर्णय से कुल 887.7 अरब डॉलर के व्यापार प्रभावित होने का अनुमान है। यह इससे पिछले वर्ष इसी अवधि में पेश किए गए प्रतिबंधों के अंतर्गत आने वाले 337.1 अरब डॉलर मूल्य के व्यापार के मूल्य से काफी अधिक है। समीक्षा अवधि के दौरान सदस्यों द्वारा शुल्क-कटौती और प्रक्रिया-सरलीकरण जैसे निर्णयों से अनुमानित 1,440.4 अरब डॉलर मूल्य के व्यापार पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है। ओकोन्जो-इवेला ने व्यापार में शुल्कों कटौती, सरलीकृत आयात प्रक्रियाओं और मात्रात्मक प्रतिबंधों को हटाने सहित व्यापार-सुविधा उपायों में वृद्धि का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, ÷मौजूदा व्यापार प्रतिबंधों में कोई सार्थक कमी नहीं हुई है। इसका मतलब है कि व्यापार प्रतिबंधों का भंडार बढ़ता जा रहा है। ओकोन्जो-इवेला ने कहा कि अक्टूबर 2024 के मध्य तक लागू आयात प्रतिबंधों से दुनियाभर में सालाना करीब 2,942 अरब डॉलर मूल्य के आयात प्रभावित होते है जो कुल आयात का 11.8 प्रतिशत था। एक साल पहले यह आकड़ा 2,480 अरब डॉलर या विश्व भर में कुल आयात का 9.9 प्रतिशत था।

# चुनाव के बाद खाते में हर माह आएंगे 2,100 रुपए

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव बिल्कुल नजदीक आ गया है और उसको देखते हुए अब आम आदमी पार्टी ने अपनी घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ऑटो चालकों के बाद दिल्ली की महिलाओं को साधने की कोशिश की है और इसके लिए अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना नाम से एक कार्यक्रम में महिलाओं के लिए गुरुवार से ही हर महीने उनके अकाउंट में 1,000 भेजने का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है।



अरविंद केजरीवाल ने इस 1,000 को चुनाव के बाद 2,100 रुपये करने का वादा महिलाओं से किया है।अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज मैं दिल्ली के लोगों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करने आया हूं और ये दोनों घोषणाएं दिल्ली की महिलाओं के लिए हैं। मैंने वादा किया था कि महिलाओं के अकाउंट में 1 हजार रुपये डाले जाएंगे। आज आतिशी के नेतृत्व में ये फैसला कैबिनेट में पास हो चुका है। ये योजना दिल्ली में लागू हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी माताएं और बहनें बच्चों का पालन पोषण करती हैं। घर की जिम्मेदारी उठाती हैं। घर को सही तरीके से चलती हैं और बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाती हैं और यही जिम्मेदार बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य बनते हैं। इसलिए आम आदमी पार्टी ने यह फैसला लिया था कि हम महिलाओं के अकाउंट में 1,000 रुपये हर महीने डालेंगे। यह योजना हमने मार्च में ही बनाई थी ताकि मई और जून से पैसे महिलाओं के अकाउंट में पहुंचने लगें। लेकिन साजिश करके मुझे जेल भेज दिया गया और अब मैं 6 से 7 महीने रहकर जेल से बाहर आया हूं और आते ही मैं आतिशी के साथ मिलकर इस योजना को पूरा करने में जुट गया था। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुरुवार को सुबह 10 बजे आतिशी के साथ हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला पास हो गया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं अपनी दूसरी बड़ी घोषणा करना चाहता हूं और उसके मुताबिक जिस 1,000 को कैबिनेट से मंजूरी मिली है उसे चुनाव के बाद 2,100 कर दिया जाएगा, क्योंकि हमें कुछ महिलाओं ने आकर कहा था कि महंगाई काफी बढ़ गई है। इसलिए अब 1,000 रुपये की जगह चुनाव के बाद दिल्ली सरकार की तरफ से हर महिला के लिए जो रजिस्ट्रेशन करवाएगी उसके अकाउंट में डाले जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब मैंने यह घोषणा की थी कि मैं बिजली मुफ्त दूंगा तो भाजपा वाले कहते थे कि कैसे कर पाओगे यह नहीं हो सकता।



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 दिसंबर, को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह में नेपाली सेनाध्यक्ष, सुप्रबल जनसेवा जनरल अशोक राज सिगदेल को उनकी सराहनीय सैन्य शक्ति और भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और बढ़ावा देने में उनके अतुलनीय योगदान के लिए भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की।

### सोरोस और सोनिया के मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहती है कांग्रेस : नड्डा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सदन के नेता और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अमेरिका के विवादास्पद निवेशक जॉर्ज सोरेस और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद श्री नड्डा ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि सदन में लोकतंत्र की मर्यादा का सवाल उठाने वाली कांग्रेस ने समय-समय पर प्रजातांत्रिक प्रणालियों को ताक पर रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मुंह से संसदीय प्रणालियों की चर्चा करना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि संसदीय प्रणालियों की बात करने वाली कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता संसद भवन परिसर में राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री की घटना की वीडियोग्राफी करते हैं और अन्य सदस्यों को इसके लिए उकसाते हैं। उन्होंने कहा, मुझे तो ऐसा लगा जैसे मुझे कॉलेज के दिन याद आए। जब कॉलेज में यूनिवर्सिटी के बाहर कॉलेज के लड़के जैसे करते हैं उसी तरीके की हरकत संसद के परिसर में नेता विपक्ष करते हैं और श्रीमती सोनिया गांधी जी एक शब्द नहीं बोलती । उन्होंने कहा कि इससे संसदीय परंपराओं की मर्यादा गिरती है और संसदीय परंपराओं को चोट लगती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य श्रीमती गांधी और जॉर्ज सोरस के संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाना है। उन्होंने कहा कि सब यह जानना चाहते हैं कि श्रीमती गांधी का ऐसे व्यक्ति से क्या संबंध है जो व्यक्ति हमारे देश को अस्थिर करना चाहता है और मुसीबत में डालना चाहता है।

## खबरें एक नजर में

### पाक के खिलाफ बचे टी-20 और वनडे श्रृंखला से बाहर हुए नॉर्टजे

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज़ एनरिक नोर्टजे पाकिस्तान के खिलाफ बाकी बचे दो टी20 और उसके बाद होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। 31 वर्षीय नॉर्टजे को शुरुआती मैच से बाहर बैठना पड़ा क्योंकि मैच से पहले ट्रेनिंग के दौरान उनके बाएं पैर के अंगूठे में चोट लग गई थी। इसके बाद किए गए स्कैन से पता चला कि गेंदबाज के बाएं पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हुआ है। ऑलराउंडर दयान गलीम को नॉर्टजे की जगह टीम में शामिल किया गया है। इस अनकैप्ड पेसर ने अब तक अपने 60 मैचों के टी20 करियर में 46 विकेट चटकाए हैं। इस बीच, नॉर्टजे इस साल जून में आईसीसी टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से दक्षिण अफ्रीका के लिए नहीं खेले हैं, जहाँ वे 15 विकेट लेकर अपने देश के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। कार्यभार प्रबंधन के कारण उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के साथ राष्ट्रीय अनुबंध से भी बाहर होने का विकल्प चुना है। दक्षिण अफ्रीका के लिए चोटिल गेंदबाजों की लंबी सूची में नॉर्टजे पांचवें स्थान पर हैं। गेराल्ड कोएट्ज़ी कमर की चोट के कारण बाहर हैं जबकि नांद्रे बर्गर पीठ के निचले हिस्से में तनाव फ्रैक्चर के कारण बाहर हैं। लुंगी एन्गिडी को कूल्हे में चोट लगी है जबकि श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद बाहर हुए वियान मुल्डर की उंगली टूट गई है।

### समाज का सहयोग और कानून के डर से सड़क हादसों पर लगेगा अंकुश

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज लोकसभा में कहा कि उनके मंत्रालय के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसों में कमी नहीं आई, बल्कि इसमें वृद्धि हुई है। श्री गडकरी ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि उनके मंत्रालय के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसों में कमी नहीं आई, बल्कि इसमें वृद्धि हो गई।उन्होंने कहा कि जब तक समाज का सहयोग नहीं मिलेगा, मानवीय व्यवहार नहीं बदलेगा और कानून का डर नहीं होगा, तब तक सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लगेगा।

### मेटा ने ट्रम्प के शपथग्रहण समारोह के लिए दिए 10 अरब डॉलर

**वाशिंगटन।** सोशल नेटवर्किंग कंपनी मेटा ने अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह कोष में 10 लाख डालर का दान देने की पुष्टि की है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यह आगामी प्रशासन के लिए कंपनी के कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है। श्री जुकरबर्ग और नव निर्वाचित राष्ट्रपति के रिश्तों विशेष रूप से चुनाव अभियान के दौरान उनके साथ उनके विवादास्पद संबंधों के मद्देनजर यह दान श्री जुकरबर्ग के रूख में काफी बदलाव का प्रतीक है।

### विवादित चीनी धर्मगुरू पंचेन लामा की यात्रा की अनुमति रद्द

**काठमांडू।** चीन की तरफ से दलाई लामा के उत्तराधिकारी के रूप में घोषित पंचेन लामा की शुक्रवार को होने वाली नेपाल यात्रा की अनुमति रद्द कर दी गई है। चीन समर्थित पंचेन लामा के नेपाल आने की जानकारी लीक होने के बाद काठमांडू के कई राजनयिक ने इसका विरोध किया था। बीजिंग, पंचेन लामा को दलाई लामा का उत्तराधिकारी घोषित करना चाहता है लेकिन अमेरिका, यूरोप सहित अन्य पश्चिमी देशों के साथ-साथ निर्वासन में रहे तिब्बती शरणार्थी चीन की कोशिशों का कड़ा विरोध कर रहे हैं। लुंबिनी में आयोजित बुद्धिज़्म कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए शुक्रवार को पंचेन लामा के चार्टर्ड विमान से चीन के छंगदू होते हुए काठमांडू आने की योजना थी। बताया जा रहा था कि छंगदू से सीधे भैरहवा अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर आने के लिए चीनी दूतावास द्वारा नेपाल के विदेश मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में अर्जी दी गयी थी।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। फडणवीस ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट स्वरूप दी। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर पोस्ट किया, ÷माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके बहुमूल्य समय, मार्गदर्शन, आशीर्वाद और महाराष्ट्र के पीछे दृढ़ता से खड़े रहने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। पिछले 10 वर्षों में, आपके समर्थन से महाराष्ट्र लगभग हर क्षेत्र में नंबर 1 है और अब आपके नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकास की इस यात्रा को अगले स्तर पर ले जाने का लक्ष्य है। आप हमेशा हमारे जैसे करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरणा देते रहे हैं।

# हस्तशिल्प महोत्सव : कथक भजन व लोक गीतों से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र में स्थित स्मृति उपवन में मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और गुंजन वर्मा व रनवीर सिंह, विनय दुबे, हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का आरंभ किया।



सांस्कृतिक मंच पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की रजनी वर्मा ने कथक कर मंच पर समां बांधा। कार्यक्रम के अगले सोपान में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ सरिता मिश्रा के संयोजन में राम तोहरी नजरिया में जादू भरी....डॉक्टर प्रतिभा मिश्रा ने लोकगीत प्रस्तुत किया। किस काम के हीरे मोती... रमेश कुमार व हमरी सीता है गोरी किशोरी.. भजन की प्रस्तुति देकर शिवपूजन शुक्ला ने सांस्कृतिक मंच को भाव विभोर किया। संगतकर्ता ढोलक पर योगेश पांडे हारमोनियम पर रमेश कुमार तबले पर विकास एवं ऑर्गन्स पर हरीश। मेलोडिक्स मूव डांस एकेडमी दीपा वर्मा के संयोजन में होली खेले मसाने में आध्यात द्विवेदी डांस प्रस्तुत कर दर्शकों को घुमाया नचाया। वही अधीरा पांडे ने तरस नहीं आया तुझको गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। काला चश्मा गाने पर मोहित दीक्षित, आकृति राज, सानवी यादव और एंजेल ने डांस कर समां बांध दिया। तू कातिल है... सिद्धार्थ शुक्ला ने डांस की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के मनोज सिंह चौहान, मोनालिसा, भारती सिंह आदि उपस्थित रहे । प्रदीप शुक्ला और मनीष पंडित ने मंच का संचालन किया गया।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धीमी ओवर गति के कारण भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** रविवार को ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के दूसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी डेविड गिल्बर्ट ने यह जुर्माना तब लगाया जब समय सीमा को ध्यान में रखते हुए भारत को निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपराध के लिए दोषी होने की बात मान ली और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

# अटल जी का नदी जोड़ो का सपना साकार कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : डॉ. मोहन यादव

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का एक वर्ष पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अटलजी के नदी जोड़ो की कल्पना को साकार करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा परियोजना को शीघ्र शुरू किया जाएगा। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि किसी भी देश को आगे बढ़ाने के लिए उसके उपलब्ध संसाधनों का बेहतर से बेहतर उपयोग होना चाहिए। ऐसे में उन्होंने नदी जोड़ो की कल्पना की थी। नदी जोड़ो के माध्यम से उनका अपना विराट दर्शन था। नदी जोड़ो की कल्पना को साकार करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। केन बेतवा परियोजना को शीघ्र शुरू किया जाएगा। इस दिशा में कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटलजी के जन्म शताब्दी पर केन बेतवा परियोजना का 25 दिसंबर को शिलान्यास होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी आने वाले हैं। इस परियोजना से बुंदेलखंड की तस्वीर बदलेगी। इसका प्रदेश के 11 जिलों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही पार्वती कालीसिंध चंबल परियोजना का काम शीघ्र शुरू होगा। श्योपुर से आगर तक 11 जिलों का लाभ इसको मिलेगा। तीनों नदियों के जुड़ने से इन जिलों की तकदीर बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि 70 हजार करोड़ की इस परियोजना का काम भी जल्द शुरू होगा। नदियों के जल का सही उपयोग कर लें, इस दिशा में आगे बढ़ना होगा। राज्य के अंदर की नदियों को जोड़ने के कार्य को अभियान के रूप में लिया है। उन्होंने कहा कि 1980 के बाद से श्रद्धालु सिंहस्थ में शिप्रा(क्षिप्रा) नदी में स्नान नहीं कर पाए। 2016 के कुंभ में हमने नर्मदा जी के जल से स्नान कराया, लेकिन अब हमने शिप्रा नदी के पानी से ही स्नान करने के लिए योजना बनाई है। वर्षा जल को संग्रहित करके सरवर खेड़ी डैम के आधार पर शिप्रा नदी का पानी संरक्षित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर परिसर में जनकल्याण एवं विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया।

# भारतीय संस्कृति अब अवहेलना और अपमान की शिकार नहीं रही : गजेन्द्र सिंह शेखावत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं, जिनसे भारतीयों को सामाजिक-आर्थिक के साथ ही बौद्धिक लाभ भी मिल रहा है। भारतीय संस्कृति अब अवहेलना और अपमान की शिकार नहीं रही, देश के वातावरण में इस बदलाव को महसूस किया जा सकता है। इस क्रम में दुनिया का सबसे बड़ा युग युगीन संग्रहालय नई दिल्ली में बन रहा है।



गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता में शेखावत ने कहा कि राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन, वैश्विक काशी संस्कृति पथ, पुरावशेषों का प्रत्यावर्तन, शास्त्रीय भारतीय भाषाओं की संख्या में वृद्धि, परी परियोजना, पहले एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन और संविधान अपनाने के 75वें वर्ष का स्मरण दिवस आदि पहले अतुलनीय हैं। महाकुम्भ-2025 का आयोजन हमारी सांस्कृतिक समृद्धि को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाएगा।

गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार का 10 साल से अधिक का कार्यकाल 'सबका साथ, सबका विकास' और 'विकास भी विरासत भी' के विजन को साकार करने की दृढ़ प्रतिबद्धता से प्रेरित है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं, जिससे भारतीयों को न केवल सामाजिक-आर्थिक बल्कि बौद्धिक रूप से भी लाभ हुआ है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश ने 2014 के बाद से अपनी नीतियों और आकांक्षाओं में गहरा परिवर्तन देखा है, जो विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के एक नए युग का प्रतीक है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है, जो एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। काशी में विश्वनाथ धाम भारत की सांस्कृतिक राजधानी का कद बढ़ा रहा है, जबकि सोमनाथ में विकास परियोजनाएं नए मानक स्थापित कर रही हैं।

शेखावत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को 'विकसित भारत' निर्माण का अभिन्न हिस्सा बनाने की सशक्त तैयारी है। टूरिज्म में 76.17 मिलियन नौकरियां सृजित की गई हैं। पर्यटन दीदी और पर्यटन मित्र कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। विदेशी मुद्रा आय में वर्ष 2014 की तुलना में 42.53 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28.07 बिलियन डॉलर की आय अनुमानित है। घरेलू पर्यटकों की संख्या में 95.64 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। वैश्विक यात्रा व पर्यटन विकास सूचकांक में भारत की रैंकिंग 65 से 39 पर आ गई है। गंतव्य विकास के लिए 68,00 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं पूरी की गई हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राज्यों में 3,295.76 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। ई-पर्यटक वीजा सुविधा लाभकारी सिद्ध हो रही है। शेखावत ने संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र विषयक जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि 'विकास भी, विरासत भी' की सोच से हम आगे बढ़ रहे हैं।

### मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति को लेकर सांसदों से सम्पर्क कर रही विहिप

**लखनऊ।** वक्फ कानून में संशोधन और मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) देश के सभी दलों के सांसदों से सम्पर्क कर रही है। सम्पर्क के दौरान विहिप के पदाधिकारी सांसदों को वक्फ कानून, मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति व संगठन की उपलब्धियों का पत्रक सौंप रहे हैं। सांसद सम्पर्क अभियान तीन चरणों में सम्पन्न होगा। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद केन्द्रीय विशेष सम्पर्क प्रमुख अम्बरीश ने दी। अम्बरीश ने बताया कि सांसद सम्पर्क अभियान 20 दिसम्बर तक तीन चरणों में चलेगा। प्रथम चरण में दक्षिण भारत के राज्यों जिसमें कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों से सम्पर्क हो चुका है। इस समय दूसरे चरण के सम्पर्क अभियान में मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के सांसदों से सम्पर्क विहिप के कार्यकर्ता कर रहे हैं।

# मोदी के नेतृत्व में आयुष उत्पाद निर्माण में बढ़ोतरी

**आयुष उत्पादों का वैश्विक विस्तार, अब गांव-देहात तक पहुंचेगी आयुर्वेदिक चिकित्सा**



समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल के दौरान आयुष के क्षेत्र में हुई पहलों से आयुष उत्पाद निर्माण में आठ गुना बढ़ोत्तरी हुई है। अब आयुष और हर्बल उत्पाद विश्व के 150 से अधिक देशों में निर्यात हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भी अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग उपकरणों के जैसी तकनीकी को अपना कर आगे बढ़ रहा है।

परेड ग्राउंड में गुरुवार को आयोजित 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो 2024 को संबोधित करते हुए केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव ने कहा कि भारत में लोग सामान्य तौर पर आयुर्वेद से उपचार पसंद करते हैं, लेकिन गांव-देहात तक डॉक्टर एलोपैथिक दवाओं का ज्यादा परामर्श देते हैं। ऐसा शायद इसलिए होता है क्योंकि आयुर्वेद की एक तो दवा कम है, फिर सारे रोगों की सारी दवाएं एक ही जगह पर मिलनी तकरीबन मुश्किल होती हैं। इसलिए केंद्र सरकार सभी जिला, तहसील और गांव स्तर पर एक ही छत के नीचे आयुर्वेद की सभी दवाएं उपलब्ध कराने के लिए आयुष औषधि केंद्रों की स्थापना करने का प्रयास कर रही है। ऐसा पहला केंद्र दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में शुरू हो चुका है। देशभर में ऐसे केंद्र खुलने से आयुष चिकित्सक परामर्श में आसानी से दवा लिख सकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व आयुर्वेद कांग्रेस नवीन विचारों, प्राचीन संस्कृति और नवाचारों का संगम साबित होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चार दिनों तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान आस पास के हजारों लोग यहां स्टॉल का भ्रमण करेंगे। यह आयोजन व्यावसायिक अवसरों के लिए भी मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए ही केंद्र सरकार ने देशभर में 29 अक्तूबर से प्रकृति परीक्षण अभियान शुरू किया है, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय में सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि विश्व आयुर्वेद सम्मेलन के आयोजन से आयुष पद्धति को वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने में मदद तो मिलती ही है, साथ ही आयोजन वाले क्षेत्र के आस पास इस सेक्टर की ग्रोथ भी बढ़ती है। उन्होंने इस आयोजन के लिए उत्तराखंड का आदर्श राज्य बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की पुस्तकों में वर्णित कई जड़ी बूटियां हिमालय में मिलती हैं।